शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या के विचार के लिए किसी भी जातक की कुण्डली का सम्पूर्ण विश्लेषण करना आवश्यक होता है। शनि का शुभ-अशुभ प्रभाव जातक की कुण्डली के लग्न के साथ भिन्न-भिन्न होता है। उदाहरण- यदि किसी जातक की कुण्डली में शनि नवम् और दशम अधिपति होकर स्व अथवा मित्र क्षेत्र अथवा अपनी उच्चराशि में स्थित हो तब किसी भी गोचर (राशिचार)की परिस्थिति में शनि उक्त जातक को ढैय्या अथवा साढ़ेसाती के अशुभ फल नहीं दे सकता। केवल शुभ फलों का प्रभाव अल्पकाल के लिए कुछ कम हो जाता है परन्तु रहता शुभ ही है।

कृपया साढ़ेसाती एवं ढैय्या एवं शनि के राशि संचार का द्वादश राशिफल पढ़ कर भयभीत न हो। पूर्ण जन्मपत्री का विशलेषण किसी 'ज्योतिष' के विद्वान दैवज्ञ से करवाए।

पंचांग के इस स्तम्भ में दिया गया द्वादश राशिफल एवं साढ़ेसाती और ढैय्या जातक के जीवन को उक्त काल-अवधि में मात्र 10 से15 प्रतिशत ही प्रभावित करता है। ८० से ८५ प्रतिशत प्रभाव हर परिस्थिति में लग्न एवं नवांश कुण्डली के अन्य योगा योग और दशा-अन्तर्दशा के अनुसार ही प्राप्त होता है। यही नियम 'गुरूचार', 'राहुचाार' और 'केतुचार' में भी लागू होता है।

साढ़ेसाती में शनि का अनिष्ट फल प्रत्येक राशि के लिए इस प्रकार है:-

मेष राशि के व्यक्तियों को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ, वृष को प्रथम अढाई वर्ष, मिथुन को अन्त के अढ़ाई वर्ष, कर्क को मध्य के अढाई वर्ष अशुभ है। सिंह को पहले पांच वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ है। कन्या के प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी बीच के अढाई वर्ष विशेष अशुभ और तुला को अन्त के अढाई वर्ष विशेष अनिष्टकारक है। वृश्चिक को अन्तिम पांच वर्ष अशुभ उसमें भी बीच के अढाई विशेष अनिष्ट है।धनु को आरम्भ के अढाई वर्ष, मकर को प्रथम पांच वर्ष, उसमें भी पहले के अढाई वर्ष विशेष अशुभ है। कुम्भ को आरम्भ और अन्त के पांच वर्ष, उस कालावधि के अन्त में अढाई वर्ष अधिक अनिष्ट है। मीन को पूरे साढ़े सात वर्ष, उसमें भी अंतिम अढाई वर्ष विशेष अशुभ फलदायक होते है।

जिनकी कुण्डली में शनि शुभ फलप्रद हो तथा दशान्तर्दशा भी शुभ चल रही हो, उनके लिए शनि का अशुभ फल कम होगा। जन्मकुण्डली में चन्द्र शनि अशुभ ग्रहों से युक्त अशुभ स्थानों में हो, तो साढ़ेसाती और ढैय्या चिंता, पीडा, धन-हानि, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, कलह, पशु पीडा, धन खर्चा एवं हानि आदि अनिष्ट फलप्रद होती है।

शनि के अनिष्ट फल निवारणार्थ तैल-छायापत्र का दान, शनि मंत्र का जप, दशांश हवन व श्रीहनुमानजी की पूजा, अभिषेक, तैलयुक्त सिन्दूर समर्पण कर भक्तिपूर्वक शनिवार का व्रत, सप्तधान्य दान, प्रात: शनिवार को पीपल का पूजन करने से शनि का अनिष्ट फल निवृत्त होता है। साढेसाती, ढैय्या का विचार जन्मकालीन स्पष्ट चन्द्रमा के अंशों से करना चाहिए। केवल राशि की साढ़ेसाती का विचार स्थूल है।

महर्षि पिप्पलाद के बतलाये हुए शनि के दशनाम स्तोत्र का स्नानादि के बाद नित्य प्रात: काल पाठ करने से शनि का साढ़ेसाती और ढैय्या की पीड़ा नष्ट हो जाती है। अनुभूत है शनि पीड़ा निवारण का अत्यन्त सरल अचूक उपाय है। पिप्पलाद उवाच-

नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तुते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽतुते। प्रसादं कुरू देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।

शनि की दृष्टि- मकर राशि में शनि के प्रवेश एवं संचार काल में इसकी दृष्टि उत्तर दिशा पर रहेगी।वृश्चिकगत शनि की दृष्टि पश्चिम दिशा पर रहेगी।

राहुचार

दिनांक 7 मार्च 2019 ई. से संवत् अंत तक राहु मिथुन राशि में संक्रमण करेगा। ध्यान दे की यह राहु का अपनी उच्च राशि में संचार काल है। दिसम्बर 2019 ई. के तीसरे सप्ताह में राहु अपने परम उच्च अंश प्राप्त करेगा। दिनांक 12 सितम्बर 2019 ई. को 00:44 पर राहु आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा और संवत् के अन्त तक आर्द्रा में ही संक्रमण करता रहेगा।

राहु का मिथुन राशि में संक्रमण का द्वादश राशिफल

मेष- यात्रा एवं मित्र गणों के सहयोग से धन लाभ
वृष- रोग पीडा एवं व्यय के कारण तनाव।
मिथुन- व्यय एवं पारिवारिक जीवन में कलह से चिंता।
कर्क- मानसिक चिंता एवं तनाव और अपयश।
सिंह- व्यवसाय एवं निवेश से धन लाभ और वाहन सुख।
कन्या- राजभय और शत्रु पक्ष के कारण चिंता।
तुला- पारिवारिक कलह किन्तु कार्यक्षेत्र में धन लाभ।
वृश्चिक- शत्रु पक्ष के कारण अपयश एवं धन प्राप्ति।
धनु- आय-व्यय का संतुलन बिगड़ने से पारिवारिक जीवन में तनाव।
मकर- राजभय एवं शत्रु पक्ष से हानि।
कुम्भ- धनलाभ एवं परिवार और मित्रगणों से सहयोग।
मीन- निवेश एवं व्यापार के कारण धननाश।

केतुचार

दिनांक 7 मार्च 2019 को केतु 7:15 घ.मि. पर केतु अपनी उच्च राशि धनु में संचार आरंभ करेगा।

धनु राशि में केतु के संचार का द्वादश राशिफल

मेष- दुर्घटना अथवा चोट से शरीर में पीडा।
वृष- परिवार एवं भाई-बहनों के साथ कलह से तनाव।
मिथुन- शत्रु पक्ष से चिंता एवं तनाव।
कर्क- पदोन्नति एवं यश प्राप्त हो।
सिंह- व्यय अधिक एवं तनाव
कन्या- पारिवारिक कलह एवं तनाव।
तुला- धन लाभ एवं सम्मान प्राप्त होता है।
वृश्चिक- व्यय पर नियन्त्रण पाना कठिन ज्ञात होता है।
धनु- रोग पीडा से कार्यक्षेत्र में हानि।
मकर- शत्रु पक्ष एवं राजतंत्र (सरकार) से भय एवं तनाव।
कुम्भ- भूमि और वाहनक्रय से सुख प्राप्त हो।
मीन- मानसिक स्थिति में शुभ परिवर्तन एवं मन में शान्ति का अनुभव हो।

राहुकाल

भारत के दक्षिणी प्रदेशों में इस काल की विशेष मान्यता है। यहां के लोग इस काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं करते है। विशेषकर नवीन कार्यारम्भ के समय इस काल को टाल देना उचित मानते है। तथा राहु काल का विशेष विचार करते है। यह काल प्रत्येक स्थान के स्थानीय समयानुसार प्रत्येक वार के लिए क्रमशः निम्नलिखित है।

वार तथा समयादि	घ.मि.	से	घ.मि. तक
सोमवार को स्थानीय समयानुसार	7:30	से	9:00 तक
मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न	15:00	से	16:30 तक
बुधवार को स्थानीय समयानुसार मध्याह्न	12:00	से	13:30 तक
गुरूवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न	13:30	से	15:00 तक
शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार प्रातः	10:30	से	12:00 तक
शनिवार को स्थानीय समयानुसार प्रातः	9:00	से	10:30 तक
रविवार को स्थानीय समयानुसार सांय	16:30	से	18:30 तक

जगत लग्न

दिनांक 14 अप्रैल 2019 ई. को 14:09 घ. मि. चैत्र शुक्ल नवमी को श्रवण नक्षत्र के समय 'सूर्य' अपनी उच्च राशि मेष में संक्रमण करेगा। लग्न सिंह राशि में उदित है। उच्च सूर्य ही लग्नेश होकर नवम भाव में स्थित है। सूर्य का मेष संक्रमण आरम्भ होने के बाद राजनेताओं का परस्पर वैमनस्य एवं टकराव कम होता प्रतीत होगा। नवीन राजनैतिक समीकरण सामने आएगे। द्वितीयेश-एकादशेश बुध नीच राशिगत अष्टम भाव में स्थित है। व्यापारिक ग्रह का नीच राशिगत होकर किसी भी पद का संवत् में प्राप्त न करना 'अंन्तर्राष्ट्रीय व्यापार' के लिए अशुभ संकेत दे रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में गिरावट एवं परस्पर वैमनस्य के कारण अल्पकालीन मंदी से विश्व अर्थव्यवस्था त्रस्त होती प्रतीत हो रहीं है। भारत के दक्षिण पश्चिम के गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि में 'पाचन-तंत्र' एवं दूषित जल से सम्बन्धित महामारी से जन-धन की हानि होगी।

तृतीयेश 'शुक्र' का कुंभ राशि में होकर लग्न पर दृष्टिपात करना संकेत देता है कि केन्द्र राजनीति में महिलाओं का विशेष स्थान रहेगा। महिला राजनेता सत्ता को परोक्ष रूप से नियन्त्रित करेगी।

भारत सरकार इस वर्ष 'नारी कल्याण' एवं 'महिला सुरक्षा' के लिए विशेष कदम उठाएगी।

चतुर्थ एवं नवम अधिपति मंगल सप्तमेश शनि के साथ षड़ाष्टक योग का निर्माण कर रहा है।

इस वर्ष 'ग्रीष्म ऋतु' में भूसे से उत्पन्न होने वाले धान्य जैसे- गेंहू, जौं, चावल आदि की उपज में भारी गिरावट आ सकती है।

भारत की सीमा पर चले आ रहें तनाव एवं 'अघोषित युद्ध' की स्थिति में कोई शान्तिवर्धक बदलाव नहीं आएगा। स्थिति का और अशांत हो जाना ग्रह चाल

इंगित कर रही है। 22 जून 2019 से 09 अगस्त 2019 तक सीमाओं पर अत्यंत तनाव रहेगा। भारत की आंतरिक राजनीति में भी गर्मा-गर्मी बनी रहेगी।

इस अवधि में फसलों को विशेष हानि हो सकती है। गुरू का पंचम भाव में स्थित होकर नवम भाव में दृष्टिपात करना संकेत देता है कि इस वर्ष यातायात के आधुनिकरण के लिए विशेष नीतियां बनाई जाएगी। यातायात एवं परिवहन के क्षेत्र में भारत अभूतपूर्व विकास करता प्रतीत हो रहा है।

धार्मिक एवं आध्यात्मिक जगत के नेताओं एवं तथाकथित गुरूओं की 2019 ई. में लोकसभा चुनाव में रूचि, समाज में एक बड़े 'वोट-बैंक' को एक पार्टी विशेष के प्रति आक्रोशित करेगी। इन तथाकथित स्वयं द्वारा प्रमाणित धर्म गुरूओं की राजनीति में रूचि चकित कर देने वाली रहेगी।

मंगल और गुरू की लग्न पर दृष्टि इंगित करती है कि 'भाजपा' एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को सरकार पुनः स्थापित करने के लिए नवीन समीकरण बनाने होंगे। NDA को नुक्सान होना स्वाभावकि लग रहा है किन्तु भाजपा अपना वर्चस्व बना पाएगी। मोदी सरकार को NDA से अलग राजनेताओ का समर्थन ही सरकार बनाने में सहायता कर सकता है।

सप्तम भाव अधिपति शनि षष्ठेश भी है। शनि की राहु पर दृष्टि प्रकट करती है कि इस वर्ष भारत में 'युद्ध-भय' व्याप्त रहेगा। उत्तर एवं उत्तर-पश्चिम सीमाओं पर युद्ध-अग्नि के कारण जन-पलायन हो सकता है। केन्द्र सरकार एवं न्याय -पालिका का टकराव भारत में संवैधानिक संकट उत्पन्न कर सकता है। धर्म से सम्बन्धित किसी भी विषय पर सरकार एवं न्यायपालिका का टकराव संभव है।

चन्द्रमा का द्वादश भाव में अधिपति होकर स्थित होना किसी महामारी के प्रकोप का संकेत कर रहा है। पेयजल के संक्रमण से सम्बन्धित किसी व्यापक रोग से जनता को गंभीर पीड़ा हो सकती है।

आर्द्रा प्रवेश लग्न

दिनांक 22 जून 2019 ई को 17:18 घं. मि. पर सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में संक्रमण के समय वृश्चिक लग्न उदित है। मंगल लग्नेश होकर नीच राशिगत है। लग्न के पंचम भाव के अधिपति गुरू पर सप्तमेश शुक्र की दृष्टि पड़ रहीं है। शनि मंगल षडाष्टक योग का निर्माण कर रहें है। लग्न एवं लग्नेश दोनों ही जलीय (जल तत्व) राशि में है। जुलाई एवं अगस्त 2019 ई. में मंगल और सूर्य की परस्पर स्थिति के कारण वर्षा में देरी एवं अभाव के संकेत मिल रहें है। सन् 2019 की मानसून (वर्षा ऋतु) में सितम्बर 2019 ई. में अधिक वर्षा का योग बनेगा। जुलाई एवं अगस्त में अतिवृष्टि एवं खण्डवृष्टि के कारण मानसून की वर्षा जनता को त्रस्त करेगी। इस वर्ष मानसून के उत्तर भारत में पहुंच कर पूर्ण भारत में छा जाने में 8-10 दिन देरी का अनुमान है।25-26 जुलाई तक ही मानसून उत्तर-पश्चिम राजस्थान, जम्मू एवं पंजाब तक पहुंच जायेगी।गुजरात एवं राजस्थान में सामान्य से कम वर्षा के योग है। महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल में अतिवर्षा से जलप्लावन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। असाम एवं बिहार में 15 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य बाढ़ की प्रबल आशंका है। उत्तर-भारत के हिमाचल, उत्तराखण्ड एवं काश्मीर में अपर्याप्त वर्षा का योग है।

शारदीय सस्य

दिनांक 15 मई 2019 ई. को सूर्य वृष राशि में 11:01 घ.मि. पर प्रवेश करेगा। सूर्य को लग्न मानकर बनाई गई तात्कालिक कुण्डली यहां दी गई है। सूर्य पर गुरू की दृष्टि संकेत देती है सूर्य से कोई भी पाप ग्रह केन्द्र में नहीं स्थित है। सूर्य से बारहवें बुध, शुक्र से युक्त है। यह श्रेष्ठ अन्न निष्पति का द्योतक है। सूर्य से आठवे में स्थान में क्रूर ग्रह शनि और केतु स्थित है। उक्त स्थिति के कारण बाजरा, ज्वार, चावल, मोंठ, मूंग, तिल आदि शारदीय अन्नों में अच्छे उत्पादन के बाद भी भाव तेजी के रहेंगे।

ग्रीष्मसस्य

दिनांक 17 नवम्बर 2019 ई. को मिथुन चंद्र के समय 'सूर्य' वृश्चिक राशि में 00:51 घ.मि. पर प्रवेश करेगा। सूर्य को लग्न मानकर बनाई गई तत्कालिक कुण्डली यहां दी गई है। सूर्य से दूसरे और बारहवें में शुभ और अशुभ दोनों ही प्रकार के ग्रह स्थित है। सूर्य से अष्टम भाव में राहु के साथ चन्द्रमां स्थित है। राहु और चन्द्र, शनि से दृष्ट है संकेत मिल रहें है कि ग्रीष्मसस्य की खड़ी फसलों का खेतो में नाश हो जाएगा। प्रथम उत्पन्न हुए अन्नों की पैदावार अच्छी रहेगी परन्तु पीछे अथवा देर से बोये हुए अन्नों का नाश हो सकता है। ग्रीष्मसस्यों का उत्पादन साधारण से बहुत कम रहेगा।

सरकार को अन्न भण्डार खोलने पर अथवा अन्नों का भारी मात्रा में आयात करने पर विवंश होना पड़ सकता है। शरद् ऋतु के अन्नों में भारी तेजी बनी रहेगी।

आय-व्यय को दखने की विधि

आय-व्यय के दोनों अंको को जोड़कर एक घटावें और आठ का भाग देकर यदि 1,2,6,7 शेष रहें, तो उस वर्ष में अच्छा लाभ होगा। और यदि 3,4,5,0 शेष रहे तो लाभ कम खर्च अधिक रहेगा तथा अनेक प्रकार की चिंताएं उपस्थित होगी।

अष्टोत्तरी मत से आय-व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	14	8	11	5	8	11	8	14	2	5	5	2
व्यय	14	8	5	5	14	5	8	14	8	2	2	8

विशोत्तरी मत से आय-व्यय चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	8	2	8	2	5	8	2	8	5	14	14	5
व्यय	5	14	11	8	5	11	14	5	11	11	11	11

हिजरी सन् 1440 की मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली

हिजरी सन् 1440 का आरम्भ भाद्रपद शुक्ल द्वितीया दिनांक 11 सितम्बर 2018 ई. को हो रहा है, लग्नेश शनि आय भाव में स्थित है। अत: लग्न पर दृष्टिपात कर रहा है। व्ययभाव में आर्य जाति सूचक युद्ध प्रिय ग्रह मंगल स्थित है जो राहु के साथ समसप्तक योग बना रहा है। चन्द्रमा अष्टमभाव में गोचर कर रहा है। शनि कन्या राशि एवं मिथुन राशि पर दृष्टिपात कर रहा है।

कन्या-मिथुन अधिपति सिंहस्थ होकर अस्त है एवं युद्धप्रिय ग्रह मंगल से दृष्ट है। नवमेश शुक्र आय भाव के स्वामी के साथ नवम भाव में है अत: मुस्लिम जगत में महिला कल्याण के लिए नवीन युग का आगमन होगा। मध्य पूर्व जैसे कट्टर क्षेत्र भी महिलाओं को सम्मान एवं अधिकार देने के लिए तत्पर दिखाई देगें। भारत में नवीन नीतियां एवं न्याय संशोधन मुस्लिम महिला कल्याण के लिए किए जाएगें। इस वर्ष शनि-मंगल की स्थिति एवं अन्य ज्योतिषीय योगायोग संकेत देते है कि रूस एवं भारत का रूख किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रति, अति आक्रामक हो जाएगा। युद्ध के आवाहन के संकेत देखे जा सकते है। रूस की सेना सीरिया, ईरान और यूरोप में मुस्लिम कट्टरवाद वाले क्षेत्रों में संचालन एवं अस्त्र गर्जना करती दिखेगी। भारतीय सैन्यबल पाक अधिकृत कश्मीर में सैन्य कार्यवाही करते दिखेंगे। ईटली कदाचित अपने द्वार मध्य पूर्व एशिया से पलायन कर रहें शरणार्थीयों के लिए बंद कर दें। मुस्लिम राष्ट्रों के लिए यह वर्ष 'मारकेश-दशा' सा प्रतीत हो रहा है। अति भयानक रक्तपात हो सकता है। व्यापक जनसंहारक अस्त्रों (जैविक, भयानक परमाणु ,रसायनिक) का प्रयोग मानवता को त्रस्त कर देगा। इस विक्रम संवत् में कदाचित विश्व को हिरोशिमा-नागाशाकी जैसी भयानक रक्तपात का शोक देखना पड़े। पराम्बा मां भगवती कृपा करें।

हिजरी सन् 1441 की मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली

भाद्रपद शुक्ल द्वितीया रविवार दिनांक 01 सितम्बर 2019 ई. को हिजरी सन् 1441 आरम्भ होगा। हिजरी सन् 1441 का आरम्भ कुंभ लग्न में हो रहा है। लग्नेश शनि लग्न पर दृष्टिपात कर रहा है। शनि केतु से युक्त और राहु से दृष्ट है। सप्तम भाव की सिंह राशि में पंचग्रही योग बन रहा है। दशम अधिपति मंगल और सप्तम अधिपति सूर्य का लग्न पर बुध, गुरू, चन्द्रमां के साथ दृष्टिपात करना संकेत देता है कि इस वर्ष अनेक मुस्लिम राष्ट्रों में व्यापक युद्ध भय व्याप्त रहेगा। मुस्लिम राष्ट्र (ईरान, सीरिया, मिस्त्र, सउदी अरब, पाकिस्तान आदि) अप्रत्याशित गठजोड़ करके नवीन मुस्लिम गुटों को जन्म देंगे। मुस्लिम जगत आपस के ही दो-तीन खेमों अथवा दलों में विभाजित हो जाएगा। गुरू का शनि पर दृष्टिपात संकेत देता है कि इस वर्ष भी व्यापक रूसी सैनिक कार्यवाही के कारण मुस्लिम कट्टरवादी संघटनों एवं राष्ट्रों पर व्यापक प्रहार होगा। आतंकवाद के विरूद्ध चल रहे अंतर्राष्ट्रीय युद्ध इस वर्ष निर्णायक परिस्थिति में पहुंच सकता है। नाटो रूस एवं कुछ अन्य राष्ट्रों की सेनाओं का संचालन मध्य पूर्व के अनेक राष्ट्रों में हो सकता है।

मध्य पूर्व के किसी आतंकी संघटन के षड्यन्त्र के कारण इस वर्ष भी किसी जैविक रासायनिक अथवा परमाणु अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग संभव है। यह वर्ष गत वर्ष से भी अधिक रक्तपात कारक हो सकता है। भारत-पाक के सम्बन्ध 1971 जैसे होना संभव है। विश्व राजनेताओं को विवेक का प्रयोग करते हुए मानव कल्याण के लिए उचित निर्णय लेने पडेंगे। कदाचित यह निर्णय अत्यंत कठोर भी हो सकते हैं।

मध्य पूर्व के खाड़ी राष्ट्रों में अप्रत्याशित तख्ता-पलट एवं सैन्य हस्तक्षेप से सत्ता परिवर्तन के योग बन रहें है।

सूर्य का गुर्राफल

हिजरी सन् 1441 का आरम्भ रविवार को होने से हिजरी वर्ष का राजा अथवा गुर्रा सूर्य होगा। सूर्य का एकादश अधिपति, छठे भाव के स्वामी चन्द्रमां और अष्टम भाव के स्वामी बुध से युक्त होना संकेत देता है कि इस वर्ष मुस्लिम राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए समय तनावपूर्ण रहेगा। सत्ता परिवर्तन के योग एकाएक प्रत्यक्ष होंगे। भारत में भी मुस्लिम राजनैतिक दलों में जो मुस्लिम संम्प्रदाय को मोहरा बनाकर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकते है, एकाएक नेतृत्व परिवर्तन के योग बनेंगे।

गत वर्ष में श्रीविश्वविजय पंचांग एवं पंचाग के संपादकों द्वारा की गई शत-प्रतिशत सटीक भविष्यवाणियां:-

नोटबंदी- श्री विश्वविजय पंचांग भारत का एकमात्र ऐसा पंचांग अथवा भविष्य फल कथन का माध्यम है, जिस के द्वारा 2016 ई में भारत सरकार द्वारा अचानक एवं अप्रत्याशित नोटबंदी के निर्णय का आंकलन कई माह पूर्व ही कर लिया था।

भूकम्प- श्री विश्वविजय पंचांग अनेक वर्षो से भूकम्प आदि की सटीक भविष्यवाणी करता आ रहा है। उदाहरण के लिए दिनांक 02 अप्रैल 2018 के बोलिविया में आए 6.8 रिक्टर पैमाने के भूकम्प का पूर्वानुमान श्री विश्वविजय पंचांग के पहले ही कर लिया था। पंचांगकार ने ट्विटर (Twitter) और फेरबुक (Facebook) पर दिनांक 02 अप्रैल 2018 को ही बड़े भूकम्प की चेतावनी दी थी। यही चेतावनी 'विश्वविजय पंचांग' में भी प्रकाशित हो चुकी है।

दिनांक 08 अगस्त 2017 को चीन में आए भूकम्प के बारे में भी 16 जुलाई को ही विश्वविजय पंचांग ने ट्विटर (Twitter)पर इसकी जानकारी दे दी थी।

1)स्वर्गीय श्रीमति जयललिता के दुखद निधन के बारे में भी श्रीविश्वविजय पंचांग में एक वर्ष पूर्व ही सटीक (देहांत के मास के साथ) पूर्वानुमान किया था।

2)स्वर्गीय श्रीमान् अटल बिहारी वाजपेयी के दुखद निधन की आशंका पंचांगकार ने अपने ट्विटर (Twitter) एवं फेरबुक (Facebook) पर मार्च 2018 ई. में ही व्यक्त कर दी थी। स्पष्ट कहा गया था कि मई 2018 ई. के बाद अटल जी के लिए अति गंभीर स्वास्थ्य संकट है।

3) स्वर्गीय श्री मति श्रीदेवी जी के दुखद निधन हृदयघात का समाचार देश को दिनांक 24 फरवरी 2018 को टेलिविजन के माध्यम से सुबह प्राप्त हुआ। 24 फरवरी को 2018 ई. को ही श्री विश्वविजय पंचांग ने ट्विटर पर लगभग 2:00 सायं का स्पष्ट लिखा था कि यह निधन हृदयघात से संभव नहीं है। यह निधन दुर्घटना से होता प्रतीत हो रहा है। 2 दिन पश्चात् दुबई पुलिस की छानबीन से यह तथ्य सामने आया कि श्रीमति श्रीदेवी जी का निधन हृदयघात से नही अपितु डूबने से हुआ है।

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र

संवत् 2076 वि. (सन् 2019-20)
की ग्रह परिषद् का विचार,
संसार की राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति का दिग्दर्शन

दिग्दर्शक- सुधाकर शर्मा त्रिवेदी, सोलन (हि.प्र.) रोहिताश्व त्रिवेदी, नई दिल्ली

- जुलाई 2019 से जुलाई 2020 तक की ग्रह स्थिति संकेत देती है, कि विश्व की राजनीति एवं अर्थव्यवस्था विस्थापन अनुभव करती हुई नवीन प्रतिमान तथा नवव्यवस्था की दिशा में जाएगी।
- विश्व अर्थव्यवस्था नवीन प्रक्रिया एवं प्रणाली के रंग में विलयन करेगी।
- साम्यवाद एवं कट्टरवाद का सूचक ग्रह शनि, अध्यात्म एवं विज्ञान का सूचक ग्रह गुरू, और आर्य जाति का सूचक ग्रह मंगल, विश्व परिदृश्य के प्रमुख राष्ट्रों को तीन अलग-अलग गुटों में बांट देंगे।
- आतंकवाद पर चले आ रहे तथाकथित अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में पहली बार 'मुस्लिम कट्टरवादी' संघटनों एवं राष्ट्रों का पलड़ा भारी होता दिखाई दे सकता है।
- यूरोप, अमेरिका ,भारत आदि राष्ट्रों में 'राहु' कृत षड़यन्त्र के कारण बुद्धिजीवियों में मुस्लिम कट्टरवाद के लिए समर्थन के स्वर जोर पकड़ेगे।
- मध्य पूर्व में युद्ध अग्नि और भयावह हो सकती है। इस युद्ध ताप को भारत, यूरोप, अमेरिका भी अनुभव कर सकते है।
- कदाचित् इसी समय को पाश्चात्य जगत् में प्रचलित 'ऐन्टी क्राइस्ट' के आगमन को समझना चाहिए।
- यूरोप के निवासी अपनी तर्कशक्ति एवं विवेक को खो कर एकाएक धार्मिक कट्टरवाद के प्रति आकर्षित होंगे।
- संवत् 2076 के अंत तक विश्व राजनीति कुटिल एवं राक्षसीय प्रवृत्ति से दूषित होकर जनता को तनाव ग्रस्त कर सकती है।
- अमेरिका के सम्बन्ध रूस, चीन, ईरान आदि से तनावग्रस्त होकर सैन्य टकराव की स्थिति उत्पन्न करवा सकते है।
- भारत और अमेरिका के सम्बन्ध अर्थव्यवस्था एवं व्यापार के दृष्टिकोण से भ्रम एवं अनिश्चितता पूर्ण होंगे।
- लोकसभा के 2019 ई. के चुनाव में भाजपा सरकार बनाने के लिए अप्रत्याषित सहयोग एवं गठबन्धन के कारण विजय प्राप्त कर सकती है।

• मार्च 2019 ई. से श्रीमान मोदी की कुण्डली में शुभ ग्रहों के गोचर एवं दशा शुभ प्रभाव देना आरम्भ कर देंगे। अत: श्रीमान मोदी ही भारत के प्रधानमंत्री के रूप में जन–लोक प्रिय चेहरा बन कर सामने आएगें।

• संवत् 2076 के प्रथम चरण में और अंत में भारत–पाक का सैन्य संघर्ष एक बड़ी सम्भावना प्रतीत होता है।

• चीन, रूस, भारत आदि देश अमेरिकी डॉलर का त्याग कर किसी नवीन मुद्रा के परिचालन एवं प्रयोग कि दिशा में कदम उठा सकते है।

• टाटा समूह के वरिष्ठ एवं भारत के जाने–माने उद्योगपति के स्वास्थ्य को सितम्बर 2019 ई. में प्रबल संकट है। इन्हें सतर्कता दिखा कर औषधि प्रयोग समय रहते ही कर लेना चाहिए। किसी अप्रिय समाचार के कारण सेन्सेक्स को झटका भी लग सकता है। कर्तुम...अकर्तुम...अन्यथा कर्तुम. .... पराम्बा जो भी करेगी उचित ही होगा।

• NDA नवीन गठबन्धन एवं सहयोग प्राप्त करके केन्द्र में सरकार बना पाने में सफलता प्राप्त करेगा।

• जून–जुलाई 2019 ई. का समय राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा एवं भारत कीअंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की दृष्टि से अशुभ प्रतीत हो रहा है। राष्ट्र अध्यक्षों एवं सेना नायको को सतर्कता बनाई रखनी होगी।

• संवत् 2075 के अंतिम चरण में जैविक, परमाणु या रासायनिक अस्त्र–शस्त्रों का किसी कट्टरवादी संघटन के हाथ लगने की प्रबल संभावना है। इन अस्त्रों का भयानक प्रयोग संवत् 2076 में हो सकता है। सुरक्षा तंत्र को विशेष ध्यान देना चाहिए।

• अमेरिका चीन और रूस 'बुध' एवं 'राहु' द्वारा प्रेरित औद्योगिक एवं व्यावसायिक गठबन्धनों के वश में हो कर एक बड़े सैन्य संर्घष के आगमन का भय व्याप्त कर सकते है।

• मध्यपूर्व के सउदी प्रायद्वीप, मिस्त्र आदि राष्ट्रों में सत्ता परिवर्तन का योग बन सकता है।

• यह वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अनिश्चितता एवं असमंजस से परिपूर्ण रहेगा।

• काश्मीर समस्या 'राहु' कृत षड़यन्त्र अर्थात् लम्बे समय से चले आ रहे षड़यन्त्र जिसमें भारत के विद्यार्थी एवं बुद्धिजीवी वर्ग के विवेक को कट्टरवाद एवं विघटन की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है, फलिभूत होता प्रतीत होगा।

• विद्यार्थी वर्ग काश्मीर आतंकवादियों के स्वर से स्वर मिला कर भारत की अखण्डता पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते है। स्थिति अति गंभीर प्रतीत हो रही है।

• काश्मीर समस्या एवं आतंकवाद अपना उग्रतम रूप धारण कर सकता है। पाक अधिकृत काश्मीर में भारतीय सेनाओं का संचालन सम्भावित है। चीन भी पाक अधिकृत काश्मीर में अपनी सेना तैनात कर सकता है।

ज्योतिष एक विज्ञान है।

विगत कई वर्षो से इस पंचांग में यह स्तभ लिखा जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके देश-विदेश के सम्बन्ध में जो भी भविष्यवाणीयां की गई है, वे अधिकांश सत्य सिद्ध हुई है। इसके साक्षी "श्रीविश्वविजय-पंचांग के विज्ञ पाठकवृंद रहें है। दैवज्ञ ने कभी यह अभिमान नहीं किया कि जो कुछ भविष्यवाणीयां वह करता है, वह शत-प्रतिशत सही होती है। जहां राज्याश्रय प्राप्त एलोपैथी डॉक्टर और आर्युवेद-विज्ञान अभी तक शत-प्रतिशत सफलता की गांरटी नहीं दे पाए है, वहां निराश्रित ज्योतिष-विज्ञान के गणित-विज्ञान ने शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दिखाई है। ज्योतिष गणित के द्वारा वर्षो पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों का स्पर्श मोक्ष जो समय निश्चित कर दिया जाता है, उसमें एक मिनट का भी अन्तर नहीं आत है। यद्यपि ज्योतिष शास्त्र के फलित विभाग में अभी इतनी सूक्ष्मता नहीं बन पायी है। फलित ज्योतिष को 'दैव-विद्या' कहा गया है इसलिए राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के सम्बन्ध में भविष्यवाणी करने वाले को 'दैवज्ञ' कहा जाता है। यह 'दैव-विद्या' तपस्या, साधना एवं अनुभव गम्य है। आधुनिक वातावरण का एक साधनहीन दैवज्ञ भी मनुष्य है, सर्वज्ञ निंभ्रान्त नहीं, अत: उसकी बुद्धि भी भ्रान्त हो सकती है। ग्रहगति रूप दैवी संकेतों को समझने में भूल हो सकती है।उसका ईश्वरीय ज्ञान के समान सत्य ही हो यह नहीं कहा जा सकता। मेरा विश्वास है कि भारतीय ज्योतष विज्ञान का भविष्य कथन शास्त्र देश का अत्यन्त पुरातन विज्ञान है। इसका निरीक्षण-परीक्षण अवश्य होना चाहिए। आज तक बिना किसी रिसर्च या शासकीय आश्रय के यह शास्त्र देश के कुछ चोटी के विद्वानों के पास सुरक्षित चला आ रहा है और अब तक चमत्कारी विज्ञान की मान्यता पाने लगा है। आज के विज्ञाने ने चाहे प्रगति क्यों न की हो, पर भविष्य जानने का उसके पास कोई साधन नहीं है। अत: इस भारतीय विज्ञान की ओर शासन का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। अनेक उच्च राज्याधिकारी फलित ज्योतिष पर पूर्ण विश्वास रखते है। श्री नेहरूजी और स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी एकाधिक बार दैवज्ञों से परामर्श लिया, जिसके प्रमाण मौजूद है किन्तु जो मंत्री निजी तौर पर दैवज्ञों के सामने नतमस्तक होते है, वे सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि 'हम ज्योतिष पर आस्था नहीं रखते। इस पर सर्वसाधारण जनता को इनके दोहरे चरित्र पर आश्चर्य और खेद नहीं होगा, अस्तु।

मेदिनी अथवा राष्ट्रीय भविष्य

राष्ट्रीय भविष्य अनेक प्रकार से देखा जाता है। इस विज्ञान की अनेक शाखाएं है, जिसके लिए जो मार्ग प्रशस्त हो, जिसको गुरू से जैसा ज्ञान मिलता हो-निर्णय करे, यही उचित है। हमारे सामने सर्वप्रथम वराह-मिहिराचार्य कृत 'वराही-संहिता' प्रमुख ग्रन्थ है इसके अनुसार ग्रहों के परस्पर युद्ध, उदयास्त वक्रमार्ग, ग्रहों के विशेष योग और विश्व में कहां पर शांन्ति और कहां अशान्ति रहेगी, इसके निर्णयार्थ सर्वतोभद्र चक्र, कर्पूरचक्र, कूर्मचक्र और नरपतिजयचर्या का संघट्ट चक्र भी है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, झंझावातादि के लिए सप्तनाड़ी चक्र उपयोगी है। इन्हीं का आधार मान कर जो कुछ इस पंचांग मे लिखा जा रहा है, वह भी 80 प्रतिशत से अधिक सत्य सिद्ध हुआ है। यदि इस विज्ञान को राज्याश्रय प्राप्त हो और सभी शाखाओं के विशेषज्ञ अनुभवी विद्वान एकत्र होकर सामूहिक निर्णय दे, तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता निश्चित है। नए वर्ष का फल जानने के लिए ग्रहों की राश्यंशात्मक सूक्ष्म स्थिति का पर्यवेक्षण आवश्यक है अत: यहां प्रमुख ग्रहों की स्थिति का वर्षारम्भ और वर्षांत का उल्लेख किया जाता है।

नववर्ष सम्वत् 2076 विक्रमी में स्पष्ट ग्रह स्थिति

नव सम्वत् 2076 (6 अप्रैल से 2019 से 24 मार्च 2020) में प्रमुख ग्रहों की स्थिति चित्रा पक्षीय निरयणमान में इस प्रकार है:-

	चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 6 अप्रैल 2019 ई.						चैत्र कृष्ण अमावस्या 24 मार्च 2020 ई.					
ग्रह	राशि	अंश	कला	मार्गी/वक्री	उदय/अस्त	नक्षत्र	राशि	अंश	कला	मार्गी/वक्री	उदय/अस्त	नक्षत्र
शनि	धनु	25°	55'	मार्गी	उदय	पू.षा 4	मकर	06°	00'	मार्गी	उदय	उ.षा 3
गुरू	धनु	00°	14'	मार्गी	उदय	मूल 1	धनु	29°	16'	मार्गी	उदय	उ.षा 1
मंगल	वृष	09°	51'	मार्गी	उदय	कृत्ति. 4	मकर	01°	21'	मार्गी	उदय	उ.षा 2
हर्षल	मेष	07°	33'	मार्गी	उदय	अश्वि. 3	मेष	10°	43'	मार्गी	उदय	अश्वि. 4
नेप	कुंभ	23°	06'	मार्गी	उदय	पू.षा. 1	कुंभ	24°	48'	मार्गी	उदय	पू.भा. 2
वैव	धनु	28°	47'	मार्गी	उदय	उ.षा	मकर	00°	26'	मार्गी	उदय	उ.षा 2
राहु	मिथु	28°	23'	वक्री	उदय	पुन. 3	मिथुन	09°	41'	वक्री	उदय	आर्द्रा 1
केतु	धनु	28°	23'	वक्री	उदय	उ.षा. 3	धनु	09°	41'	वक्री	उदय	मूल 3

नववर्ष प्रवेश

05 अप्रैल 2019 को 14 घ. 20 मि. पर कर्क लग्न में संवत् 2076 का आरम्भ होगा। लग्नेश नवम भाव में और पंचमेश छठे भाव में स्थित है। लग्नेश का पराक्रम भाव पर दृष्टिपात संकेत देता है कि इस वर्ष भारत में महिला कल्याण की नीतियां एवं भारत के पराक्रम सैन्य आधुनिकरण की नीतियां ही सन् 2019 ई. के लोकसभा चुनाव का प्रमुख विषय होगा। किसी महिला राजनेता का केन्द्र सत्ता अथवा केन्द्र सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। तृतीय भाव अधिपति का अष्टम भावस्थ होना अप्रत्याशित राजनैतिक समीकरण एवं उथल-पुथल को इंगित कर रहा है। भारत की सीमाओं पर अस्त्र गर्जना एवं युद्ध जैसी बनी आ रही स्थिति में केवल उग्रता बढ़ेगी। शांति की निकट भविष्य में सम्भावना न्यून है। चतुर्थेश शुक्र ही एकादश अधिपति होकर अष्टम भाव में स्थित है। किसी खान-पान अथवा रोगाणु जनित महामारी का प्रकोप जन- साधारण को त्रस्त कर सकता है।

पंचमेश-दशमेश मंगल का एकादश भाव में स्थित होना संकेत दे रहा है कि संवत् 2076 के आगमन से तुरन्त पहले भारत अपने शत्रु राष्ट्रों एवं संगठनों पर अति आक्रामक रूख दिखाएगा। छ्इे भाव का अधिपति गुरू स्वराशिगत होकर सप्तमेश शनि के साथ छठे भाव में युति कर रहा है।

आतंकवाद पर वर्षो से चली आ रही लड़ाई में विजय के शुभ संकेत दिखने लगेंगे। सप्तमेश-अष्टमेश शनि पर राहु की दृष्टि संकेत दे रहीं है कि पड़ौसी राष्ट्रों द्वारा जारी परोक्ष आतंकी युद्ध का प्रत्योन्तर देकर भारत इस वर्ष विजय के आगमन के संकेत देखेगा। पाकिस्तान स्थित आतंकी संस्थानों पर निर्णायक वार का समय इसी संवत् में आता दिख रहा है। इन आतंकी सस्थानों पर भारत सैनिक, राजनैतिक एवं आर्थिक युद्ध कर विजय के पथ पर अग्रसर होगा। यहां हमारा तात्पर्य काश्मीर समस्या से नहीं है। यह पड़ौसी राष्ट्रों द्वारा पोषण दिये जा रहे आतंकी संस्थानों के संदर्भ में लिखा गया है।

स्वतंत्रता का 73वां वर्ष

भारत की स्वतंन्त्रता की कुण्ड़ली में वृषभ लग्न उदित है। लग्नेश शुक्र, बुध, चन्द्र, सूर्य और शनि के साथ तृतीय भाव की कर्क राशि में पंचग्रही योग का निर्माण करते है। अष्टमेश गुरू तुला राशि में स्थित है।

स्वतंन्त्रता की कुण्डली में अभी तृतीयेश चन्द्रमा की महादशा चल रही है। नवमेश शनि एवं लग्नेश शुक्र दोनों ही अस्त है। अगस्त 2018 ई. से दिसम्बर 2019 ई. तक भारत की स्वतंन्त्रता की कुण्डली में गुरू की अंर्तदशा रहेगी।

अगस्त 2018 से दिसम्बर 2018 तक का समय भारत की आंतरिक राजनीति के लिए उथल- पुथल वाला समय है। दिन-प्रतिदिन नवीन राजनैतिक समीकरण बनेंगे और टूटेंगे।

जनवरी 2021 में बुध की प्रत्यन्तर दशा का आगमन धर्म-जातिवाद की राजनीति का तुच्छ एवं विद्रोहक रूप भारत की जनता के सामने प्रस्तुत करेगा।

यह काल अवधि भारत की सेनाओं की शक्ति प्रदर्शन का भी रहेगा। आतंकवाद एवं आतंकवाद का पोषण करने वाले राष्ट्रों पर भारत धावा बोल सकता है, ऐसा न करना ज्योतिषीय दृष्टि में एक बडी चूक साबित होगी एवं यह राष्ट्र हित में नहीं होगी। समय - 'विजयश्री' का अवसर बार-बार प्रदान नहीं करता। ज्योतिष वह दैवज्ञ विद्या है जिससे 'विजयश्री' प्राप्त करने के अवसर का ज्ञान होता है। कर्म तो स्वयं ही करना पड़ता है। इस कर्म कर्तव्य से तो इष्ट भी नहीं बच पाए।

मार्च के प्रथम सप्ताह से केतु भारत की स्वतंत्रता की कुण्डली को प्रभावित करना शुरू कर देगा। ध्यान दें कि 2014 ई. के लोकसभा चुनाव में भी केतु भारत की इसी कुण्डली को प्रभावित कर रहा था। भारत के तत्कालिन प्रधानमंत्री एक और राजनैतिक पारी के लिए अग्रसर होते प्रतीत हो रहें है। केतु का गोचर में भ्रमण 'केन्द्र सरकार' के राजनैतिक गठबन्धन में अशुभ फल तो देगा ही,परन्तु भाजपा से सत्ता छिन्न जाना कठिन प्रतीत हो रहा है।

लोकसभा के चुनाव की अवधि में शुक्र का प्रभाव संकेत देता है कि भारत की जनता का महिला वर्ग ही इस चुनाव के परिणामों को निर्धारित करेंगा। महिला कल्याण की नीतियां एवं महिला कल्याण के लिए किए गए चुनावी संकल्प ही लोकसभा के गठन और नवरूप को नियुक्त करेंगे।

स्वतंन्त्र भारत के 73 वें वर्ष की कुण्डली में तुला लग्न उदित है। मुंथा का वृष राशि में होना एवं लग्न पर राहू का दृष्टिपात होना स्वतंत्रत भारत की इस कुण्डली में अशुभ योग का निर्माण कर रहें है। सन् 2019 ई. की ग्रीष्म ऋतु से सन् 2020 ई. के मध्य तक का समय भारत के लिए गंभीर चुनौतियां लेकर आएगा। ध्यान दें- कि इस अवधि में राष्ट्र क्षेम चिंतनीय है किन्तु अर्थव्यवस्था अप्रत्याशित रूप से उन्नति करती प्रतीत हो रही है।

गणतंत्र का 70वां वर्ष

श्री विश्वविजय पंचाग हर वर्ष पंचाग के इन स्तम्भों से भारत एवं विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था, कृषि उत्पादन, एवं प्राकृतिक प्रकोपों का शास्त्रीय विचार प्रस्तुत करता आया है। यह विचार 76 वर्षो से निर्भीक एवं पक्षपात रहित रहें है और प्रत्यक्ष घटित होकर मेदिनीय ज्योतिष की सटीकता एवं वैज्ञानिकता की गाथा स्वयं व्यक्त करते हैं।

गणतंत्र का 70वां वर्ष

गणतंत्र भारत की कुण्डली में मीन लग्न उदित है और लग्नेश गुरू अस्त होकर नीच राशि में बैठा है। भारत की गणतंत्र प्रणाली एवं संविधान की महत्ता को स्वतंत्र एवं सर्वशक्ति -शाली बनाए रखने के लिए क्षीण एवं पीड़ित लग्नेश गुरू को बलवान बनाना अत्यन्त आवश्यक है। मेदिनी ज्योतिष में ग्रहों को बलवान उनके सूचक स्वभाव पर आधारित नीतियां अपना कर किया जा सकता है। 'स्वच्छ भारत', 'बेटी बचाओ' एवं 2017-18 में किए गए महिला कल्याण के प्रयास जैसे कि मुस्लिम महिलाओं लिए तीन तलाक जैसी तालिबानी प्रावधान को हटाने का प्रयास निश्चित ही लग्न को बलवान कर रहें है।

गत वर्ष के पंचाग में स्पष्ट कहा गया था कि गणतंत्र की कुण्डली की दशा चाल भारत के प्रमुख राजनेताओं के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संकट प्रकट कर रही है। संवत् 2075 में भारत के प्रमुख राजनेताओं ने स्वास्थ्य संकट अनुभव किया श्रीमान जेटली, श्रीमान पारिकर एवं श्रीमति स्वराज ने अत्यंत पीडा को अनुभव किया। श्रीमति गांधी एवं केजरीवाल का स्वास्थ्य भी नरम-गरम चल रहा है। श्री करूणानिधि एवं श्री सोमनाथ जी के निधन के कारण राष्ट्रशोक भी हो गया।

भारत के एक साथ तीन-तीन कैबिनेट मंत्रियों को गंभीर स्वास्थ्य संकट आना चकित कर देने वाला ग्रह प्रभाव है जिसका पूर्व अनुमान 'श्री विश्वविजय पंचांग' ने लगा लिया था। श्रीमान मोदी जी के सुरक्षा पर भी अनेको बार गुप्तचर विभाग ने चिंता जताई। जुलाई 2018 ई. में भारत के गुप्तचर विभाग एवं सेना बलों ने किसी गंभीर षड़यन्त्र को भंग कर प्रधानमंत्री कार्यालय की सुरक्षा को बचाए रखा। इन परिस्थितियों की स्पष्ट चेतावनी गत वर्ष के विश्वविजय पंचांग के पृष्ट 57 पर दी गई थी। ध्यान दे- यह संकट सन् 2019 ई. (पूर्ण संवत् 2076 वि.) तक बना रहेगा।

संवत् आरंभ से संवत् 2076 वि. के अंत तक भारत के गणतंत्र की कुण्डली में गुरू की महादशा के अन्दर केतु की अन्तर दशा का प्रभाव रहेगा। केतु वर्ष कुण्डली के तृतीय भाव की मकर राशि में स्थित है। गुरू लग्न में बैठ कर लग्नेश मंगल पर दृष्टिपात कर रहा है। यह संकेत कम-से-कम भाजपा के लिए तो शुभ ही प्रतीत हो रहें है। मुंथा द्वितीय भाव में स्थित है। कर्क राशि वाले नवम भाव में स्थित राहु की दृष्टि लग्न के साथ-साथ दशमेश सूर्य एवं नवम अधिपति सूर्य पर पड़ रही है।

स्पष्ट संकेत है कि केन्द्र राजनीति में नवीन एवं चकित कर देने वाले समीकरण प्रत्यक्ष होंगे। लग्नेश का अष्टम भाव पर दृष्टिपात संकेत देता है कि भारतीय सेनाओं का रूख शत्रुओं पर अति आक्रामक रहेगा। सैन्य आधुनिकरण में नवीन नीतियों का शुभारंभ होगा भारत एक विश्व सैन्य शक्ति के रूप में 'विश्व परिदृश्य' एवं अन्तर्राष्ट्रीय सैन्य समीकरणों में सक्रिय एवं अभूतपूर्व योगदान देना आरम्भ करेगा। लग्नेश की कन्या एवं तुला राशि पर दृष्टि से उद्यौगों एवं कल-कारखानों में प्रगति के संकेत दिख रहें है। उर्जा उत्पादन, बिजली उत्पादन से सम्बन्धित उद्यौगो में निवेश एवं सरकारी सहायता के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर शुभ प्रभाव पड़ेगा।

लग्न एवं तृतीया भाव पर बन रही ग्रह स्थिति भारत सरकार एवं भारतीय सेना के आतंकवाद के प्रति अति आक्रामक रूख का संकेत दे रही है। इस वर्ष स्टाक बाजार भी निरन्तर प्रगति के सूचकांको को स्पर्श करता प्रतीत हो रहा है।

श्री नरेन्द्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री श्रीमान् नरेन्द्र मोदी जी का जन्म वृश्चिक लग्न में हुआ है। लग्नेश मंगल नवम अधिपति चन्द्र के साथ स्थित होकर लग्न में ही उत्तम योग का निर्माण कर रहा है। वर्तमान में मोदी जी नवमेश चन्द्र की महादशा का काल भोग रहे है।

सितम्बर 2017 ई. से फरवरी 2019 ई. तक बुध के अंतर में श्रीमान नरेन्द्र मोदी ने कुछ तनाव एवं संकट अनुभव किया। ध्यान दें- इसी काल अवधि में 'महा-गठबन्धन' आदि ने स्वर और जोर पकड़ा। विशेष रूप से जनवरी 2018 ई. से अप्रैल 2018 ई. तक श्रीमान मोदी की जन लोकप्रियता में गिरावट आई, जुलाई से सितम्बर 2018 ई. में राहु के प्रत्यन्तर के कारण भी श्री मोदी जी को राजनैतिक तनाव एवं विरोध का कटु अनुभव होता रहा।

फरवरी 2019 के उपरान्त परिस्थिति में गंभीर परिवर्तन दिखाई देगा। सितम्बर 2017 से फरवरी 2019 तक मोदी जी ने जिस लोकप्रियता को खोया है वह उन्हें पुनः प्राप्त होगी। फरवरी 2019 ई. से भारत पुनः 'मोदी लहर' को अनुभव करेगा। मध्य अप्रैल से उच्च राशिगत सूर्य अपने दशम भाव अधिपति होने से पूर्ण फल मोदी जी को देगा। **22 जून से सितम्बर 2019 ई. तक का समय भारत के प्रधानमंत्री के लिए अशुभ है।** राजनैतिक छल एवं षडयन्त्र से लोकप्रियता की हानि संभव है। सरकार भी अस्थिर हो सकती है। यह अवधि सुरक्षा संकट की भी पुष्टि कर रही है। सुरक्षा तंत्र को विशेष सावधानी दिखानी होगी।

श्री राहुल गांधी

उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्री राहुल गांधी जी का जन्म 19 जून 1970 को 14:28 घ.मि. पर हुआ है। श्री गांधी जी की जन्म कुण्डली में तुला लग्न उदित है। लग्नेश शुक्र कर्क राशिगत है। नवम अधिपति बुध अष्टम भाव में स्थित है। पंचमेश शनि अपनी नीच राशि सप्तम भाव में स्थित है। केतु भी पंचम भाव पर दृष्टिपात कर रहा है। शत्रु राशिगत गुरू वक्र गति से लग्न में बैठा है। दाम्पत्य एवं संतान सुख की प्राप्ति 'गुरू-शनि' को शान्त किए बिना दुष्कर लगती है। श्री गांधी अपनी मंगल की महादशा को भोग रहें हैं। इस मंगल की महादशा में शुक्र के अंतर ने ही श्रीमान गांधी को मार्च 2017 से जून 2018 के मध्य जनलोकप्रियता अनुभव करवायी। इसी अवधि में श्री गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष भी बनें। यह शुक्र योग मई 2018 ई. को समाप्त हो गया। उसके पश्चात् 'महागठबन्धन' ने राहुल गांधी के नेत्तृव पर प्रश्न लगाना आरंभ कर दिया। सितम्बर 2018 से अप्रैल 2019 ई. तक श्रीमान गांधी चन्द्रमा की अन्तर दशा में रहेंगे। इस अवधि में श्री गांधी को तनाव एवं मानसिक बेचैनी अनुभव होगी। चुनाव के परिणाम आशा से कम ही रहेंगे। इन का सरकार में पद प्राप्त करना असंभव ही प्रतीत हो रहा है।

श्री अखिलेश यादव

उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्री अखिलेश यादव जी का जन्म 1 जुलाई 1970 को सैफई में हुआ था। जन्म के समय कन्या लग्न उदित था और चन्द्र मिथुन राशिगत था। वर्तमान में श्री यादव केतु की महादशा को भोग रहें है। यह महादशा मार्च 2017 ई. में प्रारम्भ होकर मार्च 2024 तक रहेगी। बुध की महादशा के मार्च 2017 में अंत ने ही यादव की सत्ता छीन ली। फरवरी 2019 ई. से श्री यादव चन्द्र अन्तर दशा में प्रवेश करेंगे। एकादशेश चन्द्रमा सितम्बर 2019 ई. तक श्री अखिलेश जी को अत्यंत परेशानी एवं तनाव देगा। जन लोकप्रियता को अत्यंत धक्का लग सकता है। चुनाव के नतीजे निराशाजनक रहेंगे। सितम्बर 2019 से फरवरी 2020 ई. तक का समय विशेष कठिनाईयों वाला है। न्यायालय एंव कानूनी मुक्दमेबाजी में श्री अखिलेश यादव अपने आप को फंसा पाएंगे। यह 'महागठबन्धन' के प्रधानमंत्री दावेदार के लिए उचित नहीं लगते। ध्यान दें- यह ज्योतिषीय विचार है, राजनैतिक नहीं।

श्री आदित्यनाथ योगी

श्री योगी आदित्यनाथ जी का जन्म सिंह लग्न में दिनांक 12 जून 1972 ई. को गढ़वाल में हुआ। लग्नेश सूर्य दशम भाव में स्थित है। नवमेश मंगल दशम अधिपति शुक्र के साथ मिथुन राशि में राजयोग का निर्माण कर रहा है। श्री योगी जी फरवरी 2017 ई. तक एकादश अधिपति बुध की महादशा भोग रहें है। इस अशुभ महादशा के समाप्त होने पर श्री योगी जी को राजसत्ता प्राप्त हो गई। जनवरी 2019 ई. से श्री योगी जी चन्द्रमा की अन्तर दशा का भोग काल आरंभ करेंगे। राहु एवं पंचमेश गुरू के प्रत्यंतर में श्री योगी जी लोकसभा के चुनाव प्रचार को देखेंगे। लग्नेश सूर्य गोचर में अपनी उच्च राशि में होगा। अत: सफलता अवश्य मिलेगी परन्तु आश से कुछ न्यून। अगस्त 2019 ई. से जनवरी 2019 ई. तक का समय श्री योगी जी के लिए शुभ है।

सुश्री ममता बनर्जी

सुश्री ममता बनर्जी का जन्म मकर लग्न के अंतर्गत दिनांक 5 फरवरी 1955 ई. को कोलकत्ता में हुआ। चन्द्र पंचम भाव में स्थित है और लग्नेश शनि अपनी उच्च राशि तुला में स्थित है। सुश्री ममता बनर्जी शनि की महादशा को भोग रही है। इस महादशा के आगमन के साथ ही इन्हें पश्चिम बंगाल की सत्ता प्राप्त हुई। दिसम्बर 2018 से दिसम्बर 2019 ई. तक की कुण्डली में शनि की महादशा में सूर्य का अन्तर रहेगा। सूर्य अष्टम भाव का अधिपति होकर मित्र क्षैत्री है। फरवरी 2019 से अप्रैल 2019 ई. तक सुश्री बनर्जी राहु की अन्तरदशा में रहेगी। यह काल अवधि इनके लिए अत्यन्त शुभ रहेगी। इनके पद एवं वर्चस्व में बढ़ौतरी होगी। सुश्री बनर्जी ही महागठबन्धन का सबसे बड़ा चेहरा बन कर सामने आ सकती है। इनका केन्द्र सरकार के गठन एवं कार्यकाल में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। पश्चिम बंगाल में यह अपनी पकड़ बनाए रखेगी। केन्द्र सरकार में भारत के सत्ता प्रतिष्ठान में शीर्ष पद तक पहुंचाना लग्नेश शनि की बची हुई महादशा में संभव नहीं दिखता। मधुमेह एवं लिवर (जिगर) के रोगों द्वारा इनका राजनैतिक जीवन थम सकता है। ईश्वर इन्हें आरोग्य दें।

श्री अमित शाह

श्री अमित शाह जी का जन्म दिनांक 22 अक्टूबर 1964 ई. को मुम्बई में हुआ।उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्री शाह के जन्म के समय धनु लग्न उदित था। अष्टमेश चन्द्रमा मेष राशिगत है। श्रीमान अमित शाह की कुण्डली अत्यन्त रोचक है। इस कुण्डली में मंगल एवं सूर्य नीच राशिगत होने के बाद भी 'नीच-भंग' योग का निर्माण करते है।

वर्तमान युग के प्रमुख राजनेताओं में से केवल एक अमित शाह ही है जिनकी कुण्डली में विपरीत राजयोग का निमार्ण हो रहा है। द्वादशेश मंगल एवं अष्टम अधिपति चन्द्र स्थान परिवर्तन योग कर के अत्यन्त प्रभावशाली 'विपरीत राज योग' का निमार्ण करते है। श्री शाह वर्तमान समय में गुरू की महादशा को भोग रहें है। इस महादशा में ही श्री शाह भाजपा के अध्यक्ष बने और भाजपा ने केन्द्र सत्ता प्राप्त की । दिसम्बर 2018 ई. से मई 2019 ई. तक श्री शाह एकादशेश शुक्र के प्रत्यंतर में होंगे। इस कारण से लोकसभा चुनावो में इन्हें कुछ 'मधुमेह' से सम्बन्धित रोग पीड़ा का अनुभव हो सकता है। मई 2019 ई. के बाद का समय शाह को पुन: सत्ता सुख दिला सकता है। इनके नेतृव में भाजपा सफलता को कुछ हानि के बाद प्राप्त कर ही लेगी।

श्रीमान् डोनल्ड् ट्रम्प

श्रीमान डोनल्ड ट्रम्प का जन्म सिंह लग्न में हुआ है। लग्नेश सूर्य वृष राशि में स्थित है। नवम् अधिपति मंगल लग्न में स्थित है। इस समय श्रीमान् ट्रम्प पंचम अधिपति गुरू की महादशा भोग रहें है। जनवरी 2019 तक गुरू में गुरू की ही अंतरदशा रहेगी। जनवरी 2019 से जून 2019 तक श्री

ट्रम्प शनि की अंतरदशा में शनि एवं बुध के प्रत्यंन्तर को देखेगें। यह समय श्री ट्रम्प की लोकप्रियता में गंभीर गिरावट का संकेत दे रहा है। इस अवधि में श्रीमान् डोनल्ड ट्रम्प को गंभीर स्वास्थ्य संकट भी हो सकते हैं। राष्ट्रीय शोक से अमेरिका को बचाने के लिए श्रीमान् ट्रम्प को उचित क्रियाकलापों द्वारा अपने स्वास्थ्य का निदान, संरक्षण करवाना चाहिए। मार्च अप्रैल 2019 ई. में श्री ट्रम्प के सम्बन्ध रूस एवं चीन से अत्यन्त तनाव पूर्ण हो -- सकते है। इस अवधि में श्रीमान ट्रम्प अत्यन्त आक्रामक मानसिक स्थिति को अनुभव करेंगे। नवम्बर 2019 तक का समय विशेष अशुभ है। श्रीमान् ट्रम्प का दोबारा अमेरिका का राष्ट्रपति बनना अत्यन्त कठिन प्रतीत हो रहा है। कदाचित संवत् 2075 के अंत के साथ ही श्रीमान् ट्रम्प के जीवन में राजयोग का सूर्य भी अस्त हो सकता है। ईश्वर इन्हें आरोग्य दे- यह हमारी प्रार्थना है।

नाटो सैन्य गठबन्धन

नाटो सैन्य गठबन्धन की स्थापना की कुण्डली में तुला लग्न उदित है। लग्नेश एवं नवमेश कन्या राशि में युत है। एकादश अधिपति सूर्य, पंचम अधिपति शनि और दशम भाव अधिपति चन्द्र सिंह राशि में स्थित है। नाटो गठबन्धन इस समय गुरू की महादशा भोग रहा है। फरवरी 2019 से नवम्बर 2019 तक सूर्य का अंतर रहेगा। यह समय अवधि नाटो गठबन्धन के लिए विघटनकारी है। गठबन्धन के सहयोगी राष्ट्रों में आपसी विचार, मतभेदों के कारण यह गठबन्धन अपने कार्यकाल के सामरिक दृष्टि से न्यूतम स्तर पर आ जायेगा।

इस अवधि में मध्य पूर्व एवं पूर्वी यूरोप में शक्ति प्रदर्शन अथवा अस्त्र गर्जना भी संभव है। फरवरी 2020 ई के बाद इस संगठन को पुनः शक्तिशाली बनाने के प्रयास किए जाएगे। इस प्रयासों में किसी महिला राजनेता का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

विश्व परिदृश्य

पाकिस्तान- पाकिस्तान की प्रभाव राशि कन्या में ही नववर्ष प्रवेश हो रहा है। पाकिस्तान की स्थापना की कुण्डली में मेष लग्न उदित है, और एकादश भाव में अधिपति शनि कर्क राशि में है। राहु और बुध छठे भाव का स्वामी होकर वृष और कर्क में स्थित है। दिसम्बर 2021 ई. तक पाकिस्तान नवम् अधिपति गुरू की अंतर दशा को भोगेगा। दिसम्बर 2019 ई. से शनि की अंतरदशा इस राष्ट्र के अस्तित्व पर प्रश्न लगाना आरम्भ कर देगी। जनवरी 2020 ई. से पाकिस्तान अपनी 'राष्ट्र-व्यवस्था' की मारक दशा में प्रविष्ट हो जाएगा। पाकिस्तान के सम्बन्ध भारत अमेरिका एवं ईरान से अत्यधिक तनाव ग्रस्त हो सकते है। पाक-अफगानिस्तान सम्बन्ध भी सैन्य-संघर्ष तक जा सकते है। इस राष्ट्र में 2019 के मध्य से अप्रत्याशित रूप से 'साम्यवादी' अर्थात् कम्युनिस्ट (COMMUNIST) विचारधारा अपनी जड़े जमाना आरम्भ कर देगी। मुस्लिम कट्टरवाद और समाजवाद एक अति भयानक समीकरण बन कर सामने आएगा। इमरान खान सरकार सेना की कठपूतली तुल्य ही रह जाएगा। सन् 2019 और 2020 ई. की शरद् ऋतु में सत्ता परिवर्तन के योग दृष्टिगोचर हो सकते है। अप्रैल 2019 ई. से जून 2019 ई. के मध्य इस राष्ट्र को भारत अथवा नाटो का प्रहार झेलना पड़ सकता है।

सऊदी अरब- विगत दो वर्षो के पंचांगो में स्पष्ट लिखा गया था कि सऊदी अरब का राजतंत्र आपसी कलह के कारण विश्व में उपहास का कारण बनेगा और सऊदी अरब के सम्बन्ध अमेरिका एवं यूरोपीय राष्ट्रों से तनावग्रस्त होते जाएगे। यह परिस्थिति सन् 2017 और सन् 2018 ई. में विश्व राजनीति में एकाएक प्रकट हुई। सऊदी अरब की स्थापना की कुण्डली में कुभ लग्न उदित है। लग्नेश शनि मकरस्थ है। गुरू सिंहस्थ होकर धनु, कुंभ एवं मेष पर दृष्टिपात कर रहा है। सऊदी अरब इस समय शुक्र की महादशा में मंगल के अंतर को भोग रहा है। दशम अधिपति मंगल कर्क राशि में स्थित है और सऊदी अरब को अगस्त 2019 ई. तक अपनी अंतरदशा से प्रभावित करेगा। इसके बाद सऊदी अरब अष्टम अधिपति राहु के नियन्त्रण में होगा। अगस्त 2019 से फरवरी 2020 ई. तक के समय में सऊदी अरब अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक षड्यन्त्रों के कारण अपने राजतंत्र को समाप्त होता हुआ देखेगा। शाह सऊद कदाचित इस कट्टरवादी राष्ट्र पर अपनी पकड़ न खो दे। फरवरी 2020 ई. के उपरांत साउदी अरब विघटन एवं आंतरिक गृह युद्ध के कारण अत्यन्त तनावग्रस्त होता प्रतीत हो रहा है। इस तेल उत्पादक राष्ट्र की आर्थिक परिस्थिति शोचनीय हो सकती है जिसके परिणाम विश्व अर्थव्यवस्था पर दृष्टिगोचर हो सकते है।

अमेरिका- भारतीय पद्धति के अनुसार अमेरिका का नववर्ष प्रवेश कुंभ लग्न में

होगा। लग्न में नवम् अधिपति शुक्र और पंचम अधिपति बुध स्थित है। मंगल वृष राशि में स्थित है और एकादश भाव में बैठे गुरू, शनि और केतु को देख रहा है। राहु भी लग्न भाव पर दृष्टिपात कर रहा है।

यह वर्ष अमेरिका की आंतरिक राजनीति के लिए उथल-पुथल वाला रहेगा। सत्तारूढ़ पार्टी में अनेक राजनेता अमेरिकी राष्ट्रपति के विरूद्ध स्वर तेज करेंगे। इस वर्ष अमेरिका केवल अपनी आर्थिक स्थिति को शक्तिशाली बनाने के एकमात्र उद्देश्य से नई नीतियां बनाएगा। अमेरिका के सम्बन्ध रूस, चीन, भारत आदि से तनावग्रस्त हो सकते है। इस वर्ष अमेरिका विश्व परिदृश्य में अपने आप को अलग-थलग एवं अकेला पड़ा पाएगा। विश्व राजनीति रोचक एवं नवीन अध्यायों को देखेगी। अमेरिका की स्थापना की कुण्डली में एकादश भाव का अधिपति राहु कर्कस्थ होकर लग्न, तृतीय एवं पंचम भाव पर दृष्टिपात कर रहा है। द्वादशेश शुक्र और षष्ठेश मंगल का अष्टम भाव में स्थित होना और अष्टमेश बुध का वक्र गति से मिथुन और कर्क की सन्धि में होने से अमेरिका की कुण्डली में अत्यंत प्रभावशाली विपरीत राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस अति प्रभावशाली विपरीत राजयोग ने ही अमेरिका को एक विश्वशक्ति के रूप में विकसित किया। सन् 2018 ई. से 2021 ई. तक के समय में यह राजयोग अपना प्रभाव कुछ कम कर देगा और अमेरिका का विश्व परिदृश्य पर वर्चस्व कम हो जाएगा। अमेरिका का नेतृत्व दिशाहीन एवं विवेकहीन निर्णय लेकर जगत् में उपहास का पात्र बनेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति को स्वास्थ्य और सुरक्षा संकट भी इस संवत् में प्रकट हो सकते है।

रूस- भारतीय पद्धति के अनुसार सूर्य के उच्च राशि संक्रमण के समय रूस में कर्क लग्न उदित होगा। यह वर्ष रूस की विदेश नीति एंव विदेश सम्बन्ध के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा। इस वर्ष रूस के सम्बन्ध विदेशी राष्ट्रों के साथ हर सप्ताह बदलते प्रतीत होंगे। सम्वत् आरम्भ से दिनांक 5 नवम्बर 2019 ई. तक रूस का दबदबा विश्व परिदृश्य पर दिनों-दिन बढ़ता प्रतीत होगा। मध्य नवम्बर 2019 ई. से रूस की विदेश नीति रूसी सेनाओं को अस्त्र-गर्जना का अवसर देगी। सन् 2019-20 की शीत ऋतु रूस के लिए अग्निपरीक्षा को बतलाती है।

इस समय अवधि में रूस का सैन्य--- आर्थिक टकराव पश्चिम यूरोप एवं अमेरिका से सम्भव है। अस्त्र-गर्जना मध्य एशिया एवं पूर्वी यूरोप में संभव है। रूसी अर्थ -व्यवस्था इस काल अवधि में संकटग्रस्त हो सकती है। यह संवत् अर्थव्यवस्था के लिए अशुभ है।

चीन- चीन में जगत् लग्नोदय कन्या राशि में हो रहा है। कन्या और वृष दोनों ही राशियां इस राष्ट्र को प्रभावित करती है। नववर्ष प्रवेश सिंह लग्न में हो रहा है। नववर्ष प्रवेश कुण्डली में लग्न अधिपति अष्टम भावस्थ है और एकादशेश बुध लग्न पर दृष्टिपात कर रहा है। चीन की स्थापना की कुण्डली में सितम्बर 2019 ई. में नवम अधिपति बुध की महादशा प्रारम्भ होने वाली है। संवत् 2076 के प्रथम भाग के उपरांत चीन 'युगान्तकारी' बदलाव देखेगा। चीन के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध पश्चिम जगत् एवं भारत से अति तनावपूर्ण हो सकते है। चीन में चले आ रहे 'कम्युनिस्ट' साम्राज्य अपने अंतिम पड़ाव को स्पर्श करेगा। चीन की अर्थव्यवस्था अराजकता एवं असंतुलन के कारण अनेक उतार-चढ़ाव देखेगी। अक्टूबर 2019 ई. से भारत और चीन के सम्बन्ध सन् 1962 ई. जैसी परिस्थिति में पहुंच सकते है। राष्ट्रनायकों को अति सर्तक रहने की आवश्यकता है। मार्च 2019 से मई 2019 ई. तक का समय चीन के लिए कूटनैतिक तनाव का है। मई 2019 से सितम्बर 2019 तक चीन अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति एवं आर्थिक प्रतिबन्धों के कारण अपने आप को अकेला व पीड़ित समझेगा। इस परिस्थिति से बाहर आने के लिए अक्टूबर 2019 ई. तक चीन आक्रामक हो सकता है। अभूतपूर्व सैन्य प्रदर्शन एवं अस्त्र-शस्त्रों के उत्पादन एवं संग्रह करने से विश्व शांति पर संकट के बादल मंडराएगे।

कोरिया- कोरिया इस वर्ष कन्या लग्न के प्रभाव में रहेगा। लग्नेश बुध लग्न पर पूर्ण दृष्टिपात करता रहेगा। गुरू अशुभ होकर अष्टम भाव को प्रभावित कर रहा है। मार्च-अप्रैल 2019 ई. तक कोरिया अपने आप को अलग-थलग पड़ा महसूस

करेगा। जनता में राजनायक के प्रति क्रोध दिखाई दे सकता है। इस अवधि में कोरिया का विदेशी शक्तियों द्वारा दमन भी संभव है। इस काल अवधि में कोरिया अमेरिका की रणनीति एवं कूटनीति के समक्ष नतमस्तक हो सकता है।

अक्टूबर 2019 ई. से कोरिया के लिए अत्यन्त अशुभ समय है। अमेरिका से चल रही शांति वार्ता एकाएक डावांडोल हो सकती है। यह राष्ट्र चीन एवं रूस के साथ मिलकर अमेरिका को आंखें दिखाएगा। कोरिया के साथ अमेरिकी शांति वार्ता विफल होना, सउदी अरब का अस्थिरता की ओर जाना, भारत-पाक सम्बन्ध सैन्य तनाव की ओर अग्रसर होन, रूस-अमेरिका की शीत युद्ध जैसी परिस्थितति में होना और अमेरिका चीन का आर्थिक युद्ध 'तृतीय विश्व युद्ध' के भय को सितम्बर 2019 ई. में जन्म देगा।

प्रान्तीय राज्य संघ

उत्तर प्रदेश- उत्तर प्रदेश की प्रभाव राशि धनु है। राशि का अधिपति गुरू वर्ष भर वृश्चिक एवं धनु में ही संक्रमण करेगा। शनि भी धनु में ही संक्रमण कर रहा है। राहु की दृष्टि भी धनु राशि पर है। यह वर्ष उत्तर प्रदेश की राजनीति धर्म, न्यायपालिका, एवं राजनेताओं के आपसी वैचारिक मतभेदों द्वारा जनित संघर्ष में ही व्यतीत हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में महागठबन्धन पैर पकड़ता नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय राजनैतिक दल एकजुट होकर राष्ट्र में सफलता नहीं प्राप्त कर पाएगें। लोकसभा के चुनावों के परिणाम भाजपा के पक्ष में ही रहेंगे। यातायात एवं शिक्षा के क्षेत्र में यह राज्य अभूतपूर्व प्रगति करेगा। इस वर्ष राज्य के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा एक बड़ा संकट है। ग्रह चाल किसी बड़े आतंकी आक्रमण अथवा सम्प्रदायिक तनाव की सम्भावना दिखा रहें है। 70 प्रतिशत सीटें भाजपा को मिलने की सम्भावना है।

राजस्थान- तुला राशि से प्रभावित इस राज्य की जगत कुण्डली में नवम् भाव में द्वादश अधिपति राहु बैठ कर लग्न को प्रभावित कर रहा है। लग्नेश (प्रभाव राशि अधिपति) भी राहु से दृष्ट है। श्री राहुल गांधी इस वर्ष राजस्थान में कांग्रेस को मजबूत कर पाएगें। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के लिए राजस्थान विधान- सभा में प्रदर्शन शोचनीय रहेगा किन्तु 2019 लोकसभा में राजस्थान भाजपा को ही अपना बहुमूल्य मत प्रदान करता प्रतीत होता है। प्रगति इस राज्य मे अल्पकाल के लिए रूक जाएगी।

मध्य प्रदेश- मध्य प्रदेश की प्रभाव राशि वृष है। जगत लग्न में वृष में मंगल स्थित है। गुरू, शनि, केतु वृष, के मंगल साथ षडाष्टक योग का निर्माण करते है। शुक्र --शनि से दृष्ट है। इस राज्य में शिक्षा एवं नारी कल्याण के लिए विशेष प्रयास किए जाऐगे। इस वर्ष मध्य प्रदेश में कल-कारखानों एवं उद्यौगों में अभूतपूर्व निवेश से एक नवीन युग का आरम्भ होगा। नागरिको के लिए रोजगार के नए आयाम उपलब्ध होंगे। इस वर्ष कृषि उत्पादन भी अच्छा प्रतीत होता है। चना एवं मूंगफली का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होने से मध्य प्रदेश की मंडीयों में इनके भाव में मंदी रहेगी। लोकसभा के चुनाव में 60 से 65 प्रतिशत सीटें भाजपा गठबन्धन को मिलती प्रतीत हो रही है

गुजरात-सिंह राशि से प्रभावित इस राज्य की राशि में ही जगत लग्न उदित है इस राज्य की अर्थव्यवस्था अच्छी रहेगी और यातायात के साधनों में नवीनीकरण होगा। यह राज्य इस वर्ष जातीय हिंसा और तनाव से भी त्रस्त रह सकता है। कृषि उत्पादन सामान्य ही रहेगा। वर्ष के अन्त में इस राज्य में किसी प्राकृतिक आपदा से जन-पलायन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कम-से-कम 80 प्रतिशत लोकसभा सीटें भाजपा को प्राप्त हो सकती है।

दिल्ली- वृष राशि से प्रभावित इस राज्य को मकर राशि भी प्रभावित करती है। दिल्ली के लिए संवत् 2076 अप्रत्याशित राजनैतिक उथल-पुथल वाला होगा। सत्तारूढ़ 'आम आदमी पार्टी' के लिए 2019 ई. की शरद् ऋतु कठिन समस्याओं को लेकर आएगी। इस राज्य में जनता प्रदूषण, जल-वायु एवं बढ़ती जनसंख्या से पीड़ित रहेगी। लोकसभा के चुनावों में भाजपा 3-4 सीटों पर कड़े संघर्ष से विजय प्राप्त कर पाएगी। इस वर्ष दिल्ली की राज्य सरकार की चाबी - 'न्यायपालिका'

किसी अभूतपूर्व स्थिति के कारण अपने हाथों में ले सकती है। संवत् के अन्त में अर्थात् सन् 2020 ई. में इस राज्य पर अति गंभीर सुरक्षा संकट प्रतीत हो रहें है।

काश्मीर- काश्मीर की प्रभाव राशि तुला है। इस वर्ष काश्मीर की राजनैतिक स्थिति तनावग्रस्त रहेगी। काश्मीर इस वर्ष प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित होता रहेगा। राज्य के बड़े राजनेताओं पर आतंकी हमलों का संकट दृष्य हो रहा है। संवत् के आरंभ से ही इस राज्य में वातावरण अशांत और विस्फोटक हो जाएगा। भारत को विघटित करवाने वाले 'आतंकी राग' जोर पकड़ेंगे और सैन्य बल 'शक्ति-प्रदर्शन' के लिए बाध्य हो जाएगें। भारत की अखंडता बनाए रखने और शांति स्थापित करने के लिए इस राज्य में इस वर्ष अभूतपूर्व सैन्य कार्यवाही संभव है।

पंजाब- पंजाब की प्रभाव राशि मीन है। जगत लग्न में मीन अष्टम भाव में स्थित है। गुरू भी शनि और केतु से युक्त है। पंजाब की राज्य सरकार का केन्द्र सरकार के साथ तनावपूर्ण सम्बन्ध रहेगा। न्यायपालिका का हस्तक्षेप अनिवार्य हो जाएगा। इस राज्य की सरकार जनता पर नवीन करों को लागू करेगी एवं कुछ धर्म से सम्बन्धित विषयों पर नवीन नीतियों का गठन करेगी। जिसके कारण जनता में तनाव एवं रोष व्याप्त रहेगा। यह राज्य कुछ वर्षो से किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय षड्यन्त्र की रणभूमि बना हुआ है, इस भयानक सच को सुरक्षा तंत्र, सरकार एवं जनता इस वर्ष समझ पाएगी। लोकसभा के चुनावों में 30-40 प्रतिशत सीटें कांग्रेस गठबन्धन को प्राप्त होगी।

खाद्यान्न समस्या

अन्नं प्राणोवलं चान्नमन्नं सर्वार्थ साधकम्। देवासुरमनुष्याश्च सर्वे धान्योपजीविनः।

गेंहू आदि खाद्य पदार्थो की मंहगाई निरन्तर बढ़ते जाने की भविष्यवाणी गत कई वर्षो से इस पंचांग में करते आ रहें है, स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद शनैः-शनैः महंगाई बढ़ती गई और विगत अनेक वर्षो से तो सुरसा के मुख की भांति विकराल रूप से बढ़ती जा रही है। 10--11 वर्ष पूर्व गेंहू, चावल, चना, चांदी, सोना आदि का जो भाव होता है।, वह दुगुने-तिगुने से भी अधिक हो जाता है। मंहगाई रोकने और गरीबी दूर करने की राजनेताओं की चुनावी घोषणाएं निरर्थक सिद्ध हुई है। भारत के प्राचीन महर्षियों ने अन्न की महिमा में कहा है कि राजा या राष्ट्रनायक को अपने राजकीय अन्न भण्डार में तीन वर्ष तक राष्ट्र के पोषण योग्य संग्रह रखना चाहिए। सोना, चांदी, माणिक्य आदि रत्नों की ओर न भाग कर जैसे और जिस विधि से भी हो, अधिक अन्न उपजाकर अपना तथा राष्ट्र का हित करना चाहिए।

वायु परीक्षा

यहां वर्षा दुर्भिक्ष उत्पातादि का विचार ग्रहयोगानुसार लिखा गया है। आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु परीक्षा और अन्य दिव्य अन्तरिक्ष-लक्षण जहां शुभ शकुन का संकेत देंगे, वहां अवर्षण उत्पात दुर्भिक्ष न होकर सामयिक सुवृष्टि एवं सुभिक्ष होगा। जहां आषाढ़ी पूर्णिमा को सूर्यास्त के समय दक्षिण पश्चिम नैऋत्य कोण में वायु चलेगी, वहां दुर्भिक्ष उत्पात, रोग, भय अधिक होंगे। विद्वान दैवज्ञों को वर्ष भर के गर्भ लक्षण शकुन विचार नोट करने चाहिए। वर्ष-भर के न हो सकें, तो कम-से-कम इस वर्ष आषाढ़ी पूर्णिमा 16 जुलाई, मंगलवार को सायं तक खुले स्थान में जाकर ध्वजा पूजनपूर्वक विधिवत वायु-परीक्षा करके अपने राष्ट्र के शुभाशुभ फल का निर्णय करें।

अरिष्ट भंग योग—बुध, बृहस्पति, शुक्र—इनमें से एक भी यदि केन्द्र (1।4।7।10) में हो, बलवान् होकर यदि बृहस्पति लग्न में हो। बली होकर लग्न का स्वामी यदि केन्द्र में हो। शुक्लपक्ष में रात्रि का जन्म हो तथा लग्न शुभ ग्रहों से देखा जाता हो, इसी प्रकार कृष्णपक्ष में दिन का जन्म हो और पूर्ववत् लग्न शुभ ग्रहों से दृष्ट हो। इन पाँचों योगों में से एक भी योग पड़ जाये, तो ऊपर कहे हुए अरिष्टों को भंग करने वाला योग जानना।

माता-पिता को अरिष्ट योग—हर एक बालक के लिए सूर्य से पिता का विचार और चन्द्रमा से माता का विचार करना चाहिए। अतएव जिस बालक की जन्मकुण्डली में सूर्य के साथ पापी ग्रह बैठे हों अथवा देखते हों या सूर्य पापी ग्रहों के बीच पड़ा हो, तो उस बालक के जन्म समय पिता को कष्ट जानना चाहिए। इसी प्रकार सूर्य से 4।6।8 स्थान में क्रूर ग्रह हों, शुभ कोई भी न हो, तो भी पिता को कष्ट जानना। इसी प्रकार यदि चन्द्रमा के साथ 2।12 स्थान में और 4।6।8 स्थान में क्रूर ग्रह हों, शुभ न हों, तो माता को कष्ट जानना।

प्रसवदोष अरिष्ट का फल—चैत्र में कुतिया, वैशाख में ऊँटनी, ज्येष्ठ में बिल्ली, श्रावण में गधी व घोड़ी, भाद्रपद में गौ, कार्तिक में स्त्री, मार्गशीर्ष में हथिनी, पौष में बकरी, माघ में भैंस प्रसूत हो, तो पिता या गर्भवती की 6 मास में मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट होता है। श्रावण में दिन को घोड़ी और माघ में बुधवार को भैंस प्रसूत हो, तो घर धनी को महाभय अरिष्ट होवे। शान्त्यर्थ प्रसूता गौ आदि का शीघ्र दान करें, घर में हवन शान्तिपाठ, पुण्यावाचन, श्वेतसर्षपहवन कर व्याहृति मन्त्रों से आहुति दें, जिससे शान्ति हो।

त्रिखल-जन्म-फल—तीन पुत्रों के बाद कन्या हो या तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्र हो, तो त्रिखल नामक दोष होता है। इससे माता-पिता को अरिष्ट, महाभय धनहानि आदि होती है। शान्त्यर्थ त्रिखल शान्ति करें।

दन्तोत्पत्ति फल—बालक के जन्मते ही दाँत निकले हुए हों, तो माता-पिता को महा अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दाँत से जन्मे, तो अधिक अरिष्ट। प्रथम ऊपर की पंक्ति में दाँत निकलें, तो मातुल पक्ष को भय हो। 1 मास में दाँत निकलें, तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनि नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठ बन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, 7वें में पितृ सुख, 8वें में पुष्टि, 9वें में धनी, 10वें में सुख, 11वें में सुख, 12वें में धनी।

एकनक्षत्र जातक फल—पिता पुत्र, माता पुत्र या कन्या, दो भ्राता—इनका एक नक्षत्र में जन्म हो, तो दोनों में से एक की मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट होता है। स्वर्ण दान, शान्ति हवन आदि करने से अरिष्ट निवारण होता है।

गण्डमूल के नक्षत्र

अश्विनी	अश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

ये 6 नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं। इन नक्षत्रों में जन्मा हुआ बालक माता-पिता, कुल या अपने शरीर को नष्ट करता है। स्वयं का शरीर नष्ट न हो, तो धन-वैभव, ऐश्वर्य, हाथी, घोड़ों का स्वामी होता है। गण्डमूल में जन्मे हुए बालक का 27 दिन तक पिता मुख न देखे। प्रसूति स्नान के पश्चात् शुभ मुहूर्त में गौ, स्वर्णदान आदि शान्ति कर पश्चात् शुभ बेला में बालक का मुख देखे।

मूलनिवास चक्र

जन्म मासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चै. श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ.भा.
जन्म लग्नानुसारेण	2 ।5 ।8 ।11	3 ।6 ।9 ।12	1 ।4 ।7 ।10
मूल निवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

अथ मूलाश्लेषा-पादफल

मूल पादफल		अश्लेषा पादफल		समय फल	
चरण	फल	चरण	फल	समय	फल
1	पितृ-नाश	1	शान्ति से शुभ	दिन में	पिता को भय
2	मातृ-नाश	2	धन-नाश	सन्ध्या में	स्वशरीर भय
3	धन-नाश	3	मातृ-नाश	रात्रि में	माता को भय
4	शान्ति से शुभ	4	पितृ-नाश		

मूलजनने-वृक्षविभागः

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
7	8	10	11	12	5	4	3	घट्यः
मूलनाश	वंश-नाशः	मातृ-क्लेशः	मातुलनाशः	मैत्री-पदम्	मन्त्री-पदम्	विपुल-लाभ	अल्पजीवी	फलम्

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
5	7	4	8	3	9	2	10	6	6	घट्यः
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
4	6	5	5	5	8	9	4	4	10	घट्यः
पशुनाश	धन नाश	धनलाभ	कुटिला	धनलाभ	दयावः	कामिनी	मातृना	भ्रातृना	वैधव्य	फलम्

अथ अश्लेषाचक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कन्धे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थानं
5	7	2	4	4	8	10	6	7	7	घट्यः
पुत्रादि	पितृना	मातृना	स्त्रीलाभ	गुरुभक्त	बली	आत्महा	भ्रम	तपस्वी	धनहानि	फलम्

अथ अश्लेषापुरुषवृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
10	5	9	7	13	12	4
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानिः	मातृहनिः	पितृहानिः	अल्पायुः

अथ अभुक्तमूलविचार—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की 4 घटी, अन्य किसी मत से 1 घटी और मूल नक्षत्र के आदि की 4 घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे, तो पिता 8 वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो, तो 6 मास त्याग करे। शान्ति हवन अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शान्ति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करे।

अश्विनी पादफल	मघा पादफल	ज्येष्ठ पादफल	रेवती पादफल
1 पिता को भय	1 माता को नेष्ट	1 बड़े भ्राता को नेष्ट	1 राज्य सम्मान
2 सुख ऐश्वर्य	2 पितृभय	2 छोटे भ्राता को नेष्ट	2 मन्त्रित्व प्राप्ति
3 मन्त्री पद	3 सुख	3 मातृ नाश	3 धन सुख की प्राप्ति
4 राज्य सम्मान	4 धन विद्या प्राप्ति	4 खुद का नाश	4 अनेक कष्ट

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

1	2	3	4	5	6	विभागः
शुभम्	पितृनाश	मातृनाश	मातुलनाश	कुलहानिः	धनहानिः	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को 60 में से घटाकर चतुर्दशी की घटियाँ युक्त कर 6 का भाग दें। जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जाने। जिस भाग में जन्म हुआ हो, उसके अनुसर फल को कहें, अरिष्ट हो, तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली-कुहूजनन फल

सिनीवाली जनन फल—सिनीवाली उसे कहते हैं कि अमावस्या जन्म के अनन्तर कुछ घटी बाकी हों, अर्थात् चन्द्र की कुछ कला दृश्यमान हो। ऐसी अमावस्या में बालक का जन्म हो तथा घर में गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु प्रसूति हुए हों, तो धन हानि, अपयश आदि भय होते हैं।

कुहुजनन फल—कुहू कहते हैं चन्द्र की कला बिल्कुल नष्ट हो जाये, अर्थात् अमावस्या का अन्त समय हो, (यह सूक्ष्म केतकी गणना से ही ठीक-ठीक समय आयेगा, प्राचीन गणित से नहीं), उस समय से बालक का जन्म या पशु जन्म हो, तो अधिक अरिष्ट फल होता है। इसका शास्त्र में कहे अनुसार शान्ति-विधान अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट-दोषों में जन्म फल—व्यतिपात में जन्म हो, तो अंगहानि, वैधृति में पितृ हानि, परिध योग में मृत्यु होती है तथा मृत्युयोग, दग्धयोग, भद्रा, संक्रान्ति दिन, सूर्य-चन्द्र ग्रहण, शूल योग, व्याघात, गण्ड, वज्र, क्षयतिथि, महापात (क्रान्ति साम्य) विश्वधस्त्र पक्ष, क्षय मास आदि कुयोगों में बालक जन्मे, तो अरिष्ट-शात्यर्थ शान्ति-विधान करना चाहिए, ताकि आयु और आरोग्य प्राप्त हो।

स्त्री-दासी-गौ आदि पशु-यमल जन्मफलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योपितासिह। सुतौ च सुतकन्ये वा कन्या एव तथा पुनः।
एकलिंगौ विनाशाय द्विलिगौं मध्यमौ स्मृतौ। पित्रौर्विघ्नकरौ ज्ञेयौ तत्र शान्तिर्विधीयते।

जन्म स्थान विचार—जन्मलग्न और चन्द्रमा जलचर राशि में हो अथवा पूर्णचन्द्र लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखे अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के दसवें, चौथे और लग्न में हो, तो बालक का जन्म जल के ऊपर या जल के समीप स्थान में पैदा हुआ, ऐसा कहना। पूर्ण चन्द्रमा अपनी राशि कर्क में हो, बुध लग्न में हो, बृहस्पति चतुर्थ स्थान में हो अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सातवें हो, तो बालक का जन्म नौका में, जहाज में अथवा पुल के ऊपर या नदी के सान्निध्य में हुआ, ऐसा कहना। लग्न और चन्द्रमा से बारहवें स्थान में शनि हो, पापग्रह देखते हों, तो बालक का जन्म कारागार में वा एकान्त में हुआ, ऐसा कहना। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा देखता हो, तो खाई वा खात में जन्म हुआ कहना। नरराशि में शनैश्चर लग्न में हो और मंगल देखता हो, तो शमशान के समीप जन्म हुआ कहना और नरलग्नगत शनि को शुक्र चन्द्र देखते हों, तो सुन्दर दर्शन योग्य रमणीक घर में बालक का जन्म कहना। बृहस्पति हो, तो राजमन्दिर वा देवालय गोशाला में वा उसके समीप का जन्म कहना। बुध देखता हो, तो शिल्पालय, चित्रकारी से बने हुए सुन्दर स्थान में जन्म कहना। बुद्धिमान् ज्योतिषी ग्रहों के बलाबल को देखकर फलादेश कहें।

अन्य शुभाशुभ योग—मंगल शनि दोनों त्रिकोण मे हों और चन्द्रमा सातवें घर में हो, तो जन्मा बालक माता से जुदा हो जाये तथा ऐसे योग में चन्द्रमा पर बृहस्पति की दृष्टि हो, तो माता से त्यागा हुआ बालक दीर्घायु और सुखी होता है। दशम स्थान में बुध गुरु हो, केन्द्र में सूर्य, तीसरे मंगल हो, ग्यारहवें पाप ग्रह हो, तो बालक को छह अंगुली है, ऐसा कहना। बारहवें स्थान में चन्द्रमा मंगल हो, तो बायां नेत्र और सूर्य राहु हो, तो दाहिना नेत्र बालक को दुःखित हो या नष्ट हो, ऐस कहें। मंगल, शनि, राहु पांचवें स्थान में हों, तो बायें कोख में लहसुन कहना। तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष वा सिंह बृहस्पति हो, दसवें घर में सूर्य मंगल हो, तो बालक मूक (गूंगा) होता है। कृष्णपक्ष में दिन का जन्म हो और शुक्लपक्ष में रात्रि का जन्म हो, तो छठे, आठवें में बैठा हुआ चन्द्र अरिष्ट निवारक और मातृवत् पालन करने वाला होता है। चन्द्र आठवें में, मंगल सातवें में, राहु नवम स्थान में, शनि लग्न में हो, बृहस्पति तीसरे स्थान में, सूर्य पांचवें, शुक्र छठे, बुध चौथे हो, तो बालक अल्पायुषी होता है। जिस बालक की जन्मकुण्डली में लग्न में बुध, शुक्र न हो, केन्द्र में बृहस्पति न हो, दशम स्थान में मंगल न हो, तो वह बालक जन्म लेकर क्या कर सकता है, अर्थात् उसका जन्म व्यर्थ है। यही योग जैसे केन्द्र त्रिकोण में बुध शुक्र बृहस्पति हों, दसवें स्थान में मंगल हो, तो वह बालक अपने कुल में दीपक, ज्ञानवान, दीर्घायुषी, बुद्धिमान्, चतुर (किसी से ठगा नहीं जाये) ऐसा कर्तव्यमान्, कीर्तिमान, सर्वमानी, राज में तथा जनमानस में बहुमानी, अधिकारी महान् पुरुष होता है। लग्न में शनि हो, छठे चन्द्रमा और सातवें मंगल हो, तो उसका पिता अधिक नहीं जिये। छठे बारहवें स्थान में पापग्रह हो या चन्द्र पापग्रह युक्त हो, तो माता को अरिष्ट जानना। दशम स्थान में पापग्रह हो, तो पिता को अरिष्ट जाने। दशम स्थान में पापग्रह हो और दशम में मंगल शत्रु राशि का हो, तो बालक का पिता शीघ्र ही मर जाये। लग्न में गुरु, दूसरे शनि, सूर्य भौम तथा बुध हो, तो बालक के विवाह समय में उसका पिता मरे। जन्मकुण्डली में सातवें राहु, छठे आठवें में चन्द्रमा हो, शेष ग्रहों की पापदृष्टि हो, तो बालक की आयु बहुत अल्प होती है, ऐसा आचार्यों का मत है। शनि के घर में सूर्य हो, सूर्य के घर में शनि हो या लग्न में मंगल, आठवें में गुरु हो, तो बालक की केवल 12 वर्ष की आयु होती है। जन्म समय लग्न में छठे आठवें में बुध हो और उनका लग्नेश अष्टमेश पाप ग्रह युक्त या परस्पर सम्बन्धित हो, तो बालक की चौथे वर्ष में मृत्यु होती है। मंगल के घर में बृहस्पति हो और 6।8 वें में चन्द्रमा हो, तो बालक आठवें वर्ष में मृत्यु को प्राप्त होता है। लग्न से दशम में राहु हो या अष्टमेश क्षीण चन्द्रमा राहु से युक्त हो, तो वह बालक माता-पिता तथा स्वयं का नाश करने वाला होता है। चन्द्र राहु के साथ न हो, तो वह बालक 16 वर्ष पर्यन्त जीवित रहता है। बालक की कुण्डली में तीसरे सूर्य हो, तो बड़े भाई को, शनि हो, तो पीठ पर छोटे भाई को और मंगल हो, तो पीठ पर के भाई को हानि करता है। यह फलित विचार करते समय ज्योतिषी को चाहिए कि ठीक समय लेकर जहां का जन्म हो, वहां के सूर्योदय से तथा उसी नगर की लग्न सारिणी से लग्न साधन करें। जन्म टाइम स्टैण्डर्ड हो, तो सूर्योदय स्टैण्डर्ड टाइम का लेकर इष्ट बनावें। सूर्योदय और जन्म टाइम समान जाति के लेकर इष्ट साधन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम्

प्रत्येक मन्त्र को 21 बार पढ़कर बलि को 7 बार शिर पर फिराकर उचित स्थान पर नाम से रख आयें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोष।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन, तिलक, श्वेत पुष्प, 5 रंग की झण्डी 5, 5 दीपक, 5 आटे के सतिये, कपुर, लोहबान।	श्वेत भात, 5 पूर्ण पोली (सुहाली) 1 पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा, रक्षन्तु त्वरितं बालं मुंच मुंच कुमारकम्॥	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्बपत्र, गोघृत।
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर अकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृशता।	एक सेर चावलों का आटा	10 दीपक, 10 झण्डी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये 10।	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, सन्ध्या समय प. दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै हां हां ह्रीं ह्रीं हुं हुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वतः स्थानादरुद्राज्ञया स्वाहा।	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा।	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक 10, गेहूँ के आटे के सतिये 10।	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली), पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गोश्रृंग सांप की कैंचुली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमण्डिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	तिल चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा 5, दीपक, मिल सकें, तो अर्जुनवृक्ष के पुष्प।	भात, एक सेर आटे के पूड़े, आध सेर पूर्ण पोली, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गरमी, तेज।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5, गेहूँ के आटे के सतिये।	श्वेत भात, 7 पूड़ियां सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं ग्राह्य-2 अस्त्र ठः ठः चामुण्डे चण्डिके ठः ठः स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में षट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-कभी रोना, मोह, मूर्छा।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5।	भात, 5 मिठाई, 5 सुहाली, 7 पूड़ियां 1 प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर।	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथी दांत, घृत।
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5।	भात, 7 पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना।	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन, 5 रंग की झण्डी 5, दीपक 5।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, सन्ध्या में चौरास्ते पर रखना।	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, अफारा, घृणा।	एक सेर गेहूँ का आटा	चन्दन, पुष्प, 5 दीपक, 5 रंग की झण्डी 5।	भात, मत्स्यमांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा।	गोश्रृंग, लहसुन, सांप की कैंचुली, निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास।	एक सेर गेहूँ का आटा	रक्त पुष्प, 25 झण्डी, 25 दीपक, 25 सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायं दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर, हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, 25 दीपक, 25 सफेद झण्डी, 25 आटे के सतिये।	श्वेत भात, 7 पूड़े, सुहाली 7, सा। व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास वज्र हस्ताय ज्वल 2 दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्रपीड़ा, सन्ताप।	चावलों का आटा एक सेर	13 दीपक, 13 झण्डी, 13 सतिये आटे के।	सुहाली, पूड़े 7, पूड़ियां 7, मत्स्यमांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय 2 मर्दय 2 तापय 2 हुं 2 हन 2 दुष्टानां ह्रां हूं फट् स्वाहा।	

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन				गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु	बलिद्रव्य	होम द्रव्य	करे धारणम्	जप सं.	जपनीय वेदोक्त मन्त्र
			1	2	3	4							
अश्विनी दस्त्रौ	वातज्वर, गात्रपीड़ा निद्राभय, बुद्धिभ्रम	9	9	11	10	20	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीप, क्षीर मोदक गुड़नैवेद्य।	सुवर्ण, घृत कुम्भ	गुडौदन तिल	खण्ड यव घृत	अपमार्ग मूलम्	5 सहस्त्र	ॐअश्विनातेजसाचक्षु: प्राणेनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नम:॥
भरणी (यम:)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर, अनेक रोग, आलस्य	11	0	80	40	11	अगरगन्ध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत गुग्गुल धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गोमहिषीघृत शर्करा, छायापात्र	कृषरान्न (खिचड़ी)	घृत मधु तिलाक्षत	अगस्त मूलम्	10 सहस्त्र	ॐयमायत्वाङ्गिरस्यतैपितृमतेस्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्म: पित्रे॥ ॐ यमाय नम:॥
कृत्तिका (अग्नि:)	नेत्रपीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरुशूल	9	9	11	16	28	श्वेत चन्दन गन्ध, जूही पुष्प, घृतदीप, घृत गुग्गुल धूप, तिलमाषान्न, बडाधीका नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान	पायस घृत मोदक	तिलयव घृत	कार्पास मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ अग्निमूर्धादिव:ककुत्पति: पृथिव्या अयम्। अपाꣳरेताꣳ सिजिन्वति ॐ अग्नये नम:॥
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिरपीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	7	7	9	18	30	श्वेत चन्दन गन्ध, कमल पुष्प, दशांग धूप, घृतदीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्णगौ दान, 5 कन्याभोजन	मध्वाज्यक्षौद्र शाख्यनक्षीर	तिलाज्य घृतयव	अपामार्ग मूलम्	5 सहस्त्र	ॐ ब्रह्मजज्ञानंप्रथमम्पुरस्ताद्विसीमत: सुरूचोवेनआव:सुबे धन्याउपमाअस्य विष्टा: शतश्चयोनिमतश्चविव: ॐ ब्रह्मणे नम:॥
मृगशीर्ष (चन्द्र:)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	3	9	5	7	10	श्वेत चन्दन गन्ध, कमल पुष्प, दशांग धूप, घृतदीप, पायस अपूपमध्वादेन नैवेद्य	दधि, तण्डुल, सवत्सा, गोदान	दधि शर्करा शाल्यन्न	दधि पायस	जयन्ती मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ इमन्देवा असपत्नꣳसुवध्वं महतेक्षत्राय महतेज्यैष्ठायायमहते जानराज्या-येन्द्रस्येन्द्रियाय इममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोऽस्माकं ब्राह्मणानांꣳराजा ॐ चन्द्रमसेनम:॥
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	0	18	0	0	श्वेत चन्दन गन्ध, सौरभ पुष्प, दशांग धूप, घृतदीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्यामवृषभ दान श्यामवस्त्र	दध्योदन मध्वाज्य	घृत मधु	सचन्दनाश्च त्यमूलम्	10 सहस्त्र	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नम:। बाहुभ्यामुतते नम:। ॐ रुद्राय नम:॥
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिरपीड़ा, कटिपीड़ा	7	7	14	2	21	हरिद्राकुंकुम गन्ध, सेवन्तिका पुष्प अष्ट गन्ध धूप, घृत दीप घृताक्तपीतवर्णांत्र नैवेद्य	वत्र, स्वर्ण, कमल 5, 5 कन्याभोजन	साज्य पीततण्डुल	घृत तण्डुल	अर्क मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिमाता सपिता स पुत्र:विश्वे देवा अदिति: पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॐ अदि०॥
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	7	7	7	10	21	कुंकुम गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपावस, शर्करा नैवेद्य।	सुवर्ण, गौ, पीत वस्त्र	समण्डक मोदक	घृत पायस	तुषार मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ बृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेपु। यदीदयच्छ्त्रसऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं चेहि चित्रम्। ॐ बृहस्पतये नम:॥
आश्लेषा (सर्प)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसमकष्ट	मृ.तु.	0	0	41	0	कुंकुम अगर गन्ध, अगस्त पुष्प, घृत गग्गुल धूप, घृतदीप, घृतक्षीर नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र	हवि दध्योदन	शर्करा घृत	पटोल मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ नमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु: ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्यो नम:॥ ॐ सर्पेभ्यो नम:॥
मघा (पितर:)	शिर पीड़ा, अर्द्धगात्र पीड़ा	20	15	7	17	20	श्वेत चन्दन गन्ध, चम्पक पुष्प, धृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतमिष्टान्न नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, माष दान	सतिलाज्य दुग्धान	तिल घृत तण्डुल	भृंगराज मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ पितृभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य सवधायिभ्य: स्वधा नम:। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितर: पितर: शुन्धध्वम्। ॐ पि०
पू.फा. (भग:)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	0	15	0	30	श्वेत चन्दन गन्ध, मालती पुष्प, घृतबिल्व धूप, घृतदीप अपूपोदनमोदक नैवेद्य।	पित्तल, यवमाषान्न स्वर्ण, गौ दान	घृतौदन पायस	कङ्गनी तिलघृत	कष्टकारि मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ भगप्रणेतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्न:। भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भयप्रनृभिनृ वन:स्याय॥ ॐ भगायनम:।
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	7	7	14	7	60	कर्पूर, केसरगन्ध, अर्कपुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृतपायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, स्वर्ण, रजत, अन्न, गौदान	घृतशर्करा शाल्यन्न	तिल घृत	पटोल मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ देवावध्वर्यु श्चागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वायर्णꣳसमंजाथे तं प्रत्नथा यं वेनश्चित्रं देवाना॥ ॐअर्यम्णे नम:॥
हस्त (सविता)	उरुशूल, अफारा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	15	15	17	15	0	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	सुवर्ण, पयस्विनी गौ दान	मिष्टान्न पायस	दधि घृत	जाति मूलम्	5 सहस्त्र	ॐविभ्राड्बृहन्पिवतु सौम्य मध्वायुर्दध ज्ञपत चविहुतमम् वातुजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजा: पुपोषपुरुधा विराजति ॐसवित्रे नम:॥
चित्रा विश्वकर्मा	विचित्र रोग अतिकष्ट	11	11	9	9	16	केसर गन्ध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, विचित्रान्नमोदक नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र	विचित्रान्न घृत	तिलाज्य घृत तण्डुल	मखव मूलम्	10 सहस्त्र	ॐत्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदाछन्दऽ इन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदध:॥ ॐ विश्वकर्मणे नम:॥

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन				गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु	बलिद्रव्य	होम द्रव्य	करे धारणम्	जप सं.	जपनीय वेदोक्त मन्त्र
स्वाति (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	60	17	30	0	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प), अगरु गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तधेनु पक्वान्न	घृतपायस	तिल यव घृत	जाति मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणो रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वा म सोम पीतये॥ ॐ वायवे नम:॥
विशाखा (इन्द्राग्नि)	सर्वांग पीड़ा, कुक्षिशूल	15	15	0	4	13	चन्दन केसर गन्ध, कमलपुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण वृष छायापात्रदान	सहवि चित्रान्न	आज्य पायस	गुञ्जा मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ इन्द्राग्नी आगतꣳसुतं गीर्भिर्नमो वरेण्यम्। अस्य पातं धियेषिता॥ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥
अनुराधा (मित्र:)	शिर पीड़ा, तीव्र ज्वर	स्थिर	60	12	36	30	केसरगन्ध, कमलपुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस, नैवेद्य।	स्वर्ण गौ छायापात्रदान	मध्वाज्य गुडमाषान्न	यव घृत	सुपुष्प मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृतꣳसपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशꣳसत्॥ ॐ मित्राय नम:॥
ज्येष्ठ (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	19	9	6	4	श्वेत चन्दन गन्ध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्णतिल, नील वस्त्रदान	दध्योदन सुपुष्प	तिल, घृत तण्डुल	अपामार्ग मूलम्	5 सहस्त्र	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितार मिन्द्रꣳहवे हवे सुहवꣳशूरमिन्द्रम् ह्यामि शुक्रं पुरुहूंतमिन्द्रꣳस्वस्तिनो मधवा धात्विन्द्र:॥ ॐ शुक्राय नम:॥
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	7	0	9	15	6	कृष्ण अगरगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप, कृष्णागुरुधूप, माषमिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र वस्त्र कुमारी पूजा	सहवि माषान्न	कन्दमूल घृत	मन्दार मूलम्	5 सहस्त्र	ॐ मातेव पुत्र पृथिवी पुरीष्यमणिꣳस्वेयोनावभारुषा। तां विश्वेदेवर्ऋतुभि: संवदान: प्रजापतिविश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निऋतये नम:॥
पू.षा. (जलम्)	शिर पीड़ा, कम्पन, महाकष्ट	मृ.तु.	0	15	24	10	श्वेत चन्दन गन्ध, कमलपुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र तिल तण्डुल जल कुम्भ गौदान	घृतपायस मिष्ठन्नहवि	तिल, घृत तण्डुल	कर्पास मूलम्	5 सहस्त्र	ॐ अपाघमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्गत्वमस्मदप दु:स्वप्न्यꣳसुव॥ ॐ अद्भ्यो नम:॥
उ.षा. (विश्वेदेवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	30	30	24	26	16	श्वेत चन्दन गन्ध, कमलपुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न स्वर्णदान	सहविपायस तिलाज्य	तिलाज्य यव	कर्पास मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ विश्वेदेवा: श्रृणुतेमꣳहवं मे ये अन्तरिक्षे य उपद्यविष्ठय। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यो नम:॥
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांग पीड़ा, त्रिदोषमय, अतिसार	11	60	24	6	9	श्वेत चन्दन गन्ध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुल धूप, घृतदीप, षड्रस शाल्यन्न नैवेद्य	स्वर्ण गौ छायापात्रदान	सहवि पायस	तिलाज्य यव	अपामार्ग मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नप्त्रेस्थो विष्णो: स्यूरसि विष्णो र्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णवे नम:॥
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	15	15	2	27	21	श्वेत चन्दन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण गौ	पायस मोदक पूपतिलपिष्ठ	तिलाज्य पायस	भृंगराज मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण व्रतधारेण सुप्त्वा कामधुक्ष:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥
शतभिषा (वरुणै:)	वात ज्वर, सन्निपात कष्ट	11	0	45	3	36	केसर अगरगन्ध, कमलपुष्प, कर्पूर चन्दन धूप, घृतदीपक, घृतपालिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न घट, अश्व छायापात्र	घृतचित्रान्न	आज्य दध्योदन	कमल मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद॥ ॐ वरुणाय नम:।
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीर पीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	0	12	51	17	केसर चन्दन गन्ध, श्वेतार्क पुष्प, शतोषधि मिश्रित धूप, घृतदीपक दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्ण रजत अन्न, श्वेत वस्त्र, छायापात्रदान	दध्योदन पायस	क्षीराज्य शर्करा	भृंगराज मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ उतनोऽहिर्बुध्न्य श्रृणोत्वज एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋतावृधोहुवानास्तुता मन्त्रा: कविशस्ता अवन्तु॥ ॐ अजैकपदै नम:॥
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल वात ज्वर	7	10	20	7	15	चन्दन कर्पूरगन्ध, कमलपुष्प, बिल्व गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण रजत, तिल, कृष्णवस्त्र दान	तिल घृत मुद्ग माष	तिलाज्य यव	अश्वत्य मूलम्	10 सहस्त्र	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामाहि ꣳसी नवर्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याम॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥
रेवती (पूषा)	वात पित्तमय ज्वर, उरुशूल, चित्तभ्रम	स्थिर	18	10	9	20	रक्तचन्दन गन्ध, मन्दार पुष्प, घृत गुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	रजत वस्त्र, पैत्तल पात्र वृषभ, छयापात्र	सहवि दध्यन्न	तिलाज्य तण्डुल	अश्वत्य मूलम्	5 सहस्त्र	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इहस्मसि॥ ॐ पूष्णे नम:॥

घाततिथिर्घातवारः घातनक्षत्रमेव च।
यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञैरन्यकर्मसुशोभनम्॥

अथ घातचक्र

यह घातचक्र द्यूत, प्रवास, राजदर्शन और यात्रा में वर्ज्य करें। विवाह व उपनयनादि में यह घातचक्र वर्ज्य नहीं है।

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घाततिथि	1 ।6 ।11	5 ।10 ।15	2 ।7 ।12	2 ।7 ।12	3 ।8 ।13	5 ।10 ।15	4 ।9 ।14	1 ।6 ।11	3 ।8 ।13	4 ।9 ।14	3 ।8 ।13	5 ।10 ।15
घातवार	रविवार	शनिवार	सोमवार	बुधवार	शनिवार	शनिवार	गुरुवार	शुक्रवार	शुक्रवार	मंगलवार	गुरुवार	शुक्रवार
घातनक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शततारका	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घातयोग	विष्कम्भ	शुक्ल	परिघ	व्याघात	धृति	शुक्ल	शुक्ल	व्यतिपात	वज्र	वैधृति	गण्ड	वज्र
घातकरण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पाद
प्रहर	1	4	3	1	1	1	4	1	1	4	3	4
पुरुषघातचन्द्रः	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनुः	वृषभ	मीन	सिंह	धनुः	कुम्भ
स्त्रीघातचन्द्रः	मेष	धनुः	धनुः	मीन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनुः	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	कुम्भ

नामाक्षरों से वैरवर्ग देखने का कोष्ठक। स्वकीय-वर्ग से पंचम वर्ग वैरी समझना

अ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेंढ़ा

अवकहडा चक्र (नक्षत्र, राशि, स्वामी, वर्ण वश्य, नाड़ी, योनि, गणबोधक चक्र)

नक्षत्र	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशीर्ष	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	अश्लेषा
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	अश्व योनि	गज योनि	मेष योनि	सर्प योनि	सर्प योनि	श्वान योनि	मार्जार योनि	मेष योनि	मार्जार योनि
गण	देव गण	मनुष्य गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	देव गण	मनुष्य गण	देव गण	देव गण	राक्षस गण

चरणांक	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4
चरणाक्षर	चू	चे	चो	ला	ली	लु	ले	लो	अ	इ	उ	ए	ओ	वा	वी	वृ	वे	वो	क	की	कू	घ	ङ	छ	के	को	हा	ही	हू	हे	हो	डा	डी	डू	डे	डो

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क
राश्यधिपति	मंगल	शुक्र	बुध	चन्द्र
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	चतुष्पाद	चतुष्पाद	मानव	जलचर

नक्षत्र	मघा	पूर्वाफाल्गुनी	उत्तराफाल्गुनी	हस्त	चित्रा	स्वाति	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी
योनि	मूषक योनि	मूषक योनि	गो योनि	महिष योनि	व्याघ्र योनि	महिष योनि	व्याघ्र योनि	मृग योनि	मृग योनि
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण	देव गण	राक्षस गण

चरणांक	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4
चरणाक्षर	मा	मी	मू	मे	मो	टा	टी	टू	टे	टो	पा	पी	पू	ष	ण	ठ	पे	पो	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते	तो	ना	नी	नू	ने	नो	या	यी	यू

राशि	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
राश्यधिपति	सूर्य	बुध	शुक्र	मंगल
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	वनचर	मानव	मानव	कीटक

नक्षत्र	मूला	पूर्वाषाढ़ा	उत्तराषाढ़ा	श्रवण	धनिष्ठा	शततारका	पूर्वाभाद्रपदा	उत्तराभाद्रपदा	रेवती
नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	आद्या नाड़ी	मध्या नाड़ी	अन्त्या नाड़ी
योनि	श्वान योनि	वानर योनि	नकुल योनि	वानर योनि	सिंह योनि	अश्व योनि	सिंह योनि	गो योनि	गज योनि
गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण	राक्षस गण	राक्षस गण	मनुष्य गण	मनुष्य गण	देव गण

चरणांक	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4	1	2	3	4
चरणाक्षर	ये	यो	भा	भी	भू	धा	फा	ढा	भे	भो	जा	जी	खी	खू	खे	खो	गा	गी	गू	गे	गो	सा	सी	सू	से	सो	दा	दी	दू	थ	झ	ञ	दे	दो	चा	ची

राशि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
राश्यधिपति	गुरु	शनि	शनि	गुरु
वर्ण	क्षत्रिय वर्ण	वैश्य वर्ण	शूद्र वर्ण	विप्र वर्ण
वश्य	मानव	जलचर	मानव	जलचर

अथ पुरुषजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहा:	तनु: 1	धनं 2	भ्रात: 3	सुखं 4	पुत्र: 5	शत्रु: 6	स्त्री 7	मृत्यु 8	धर्म 9	कर्म 10	लाभ:11	व्यय12
सूर्य:	शूर:	धनी	सुखी	दुखी	अपुत्र:	बली	स्त्रीजित्	अल्पायु:	सुखी	शूर:	धनी	पतित:
चन्द्र:	जड़:	कुटुम्बी	क्रूर:	सुशील:	पुत्रवान्	अल्पायु:	ईर्ष्यालु:	रोगी	सुभग:	धीर:	ख्यात:	हीनांग
भौम:	व्रणी:	कुटिल:	विक्रमी	पीड़ित:	अपुत्र:	शत्रुजित्	स्त्रीपीड़ा	रोगी	पापात्मा	सुखी	धनाढ्य	पतित:
बुध:	विद्वान्	धनी	दुर्जन:	सुखी	मन्त्री	दु:शील:	धर्मज्ञ:	गुणी	पुत्रवान्	विक्रमी	धनी	जड़:
गुरु:	चिरायु:	धनी	कृपण:	सुखी	प्रतापी	कामी	प्रसिद्ध:	अल्पायु:	पुत्रवान्	सुकृति:	धनी	दरिद्र:
शुक्र:	सुखी	धनी	पापी	सुखी	धीमान्	रोगी	क्रोधी	नीच:	प्रतापी	सुमति:	धनाढ्य:	खल:
शनि:	रोगी	वक्ता	विक्रमी	दुखी	दरिद्र:	सुखी	दु:खी	नेत्ररोगी	सुखी	पराक्रमी	धनी	दुखी
राहु:	रोगी	विरोधी	विक्रमी	दुखी	दुर्भग:	बली	अशुजि:	गतायु:	दैन्यं	मानी	ख्यात:	पतित:
केतु:	अल्पायु:	धर्महा	शूर:	दुखी	अपुत्र:	बली	दारहा	क्लेशी	पापी	अधर्मी	धनी	दुर्जन:

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहा:	तनु: 1	धनं 2	भ्रात: 3	सुखं 4	पुत्र: 5	शत्रु: 6	पति: 7	मृत्यु 8	धर्म 9	कर्म 10	लाभ:11	व्यय12
सूर्य:	सक्रोधा	निर्धना	सुपुत्रा	सपीड़ा	अपुत्रा	धनाढ्या	दु:खार्ता	विधवा	धर्मिष्ठा	सती	सधना	सक्रोधा
चन्द्र:	अल्पायु:	सघना	सुखिनी	दुर्भगा	सुपुत्रा	रोगिणी	पतिप्रि	दु:खार्ता	सुखिनी	धन्या	गुणिनी	हीनांगी
भौम:	दु:खार्ता	वन्ध्या	अभ्रातृ	दु:खिनी	अपुत्रा	नीरोगा	विधवा	कुलटा	दु:खिनी	कुपुत्रा	सधर्मा	दुष्टा
बुध:	सुभगा	धनाढ्या	सुखिनी	सुगृहा	सुबुद्धि:	सक्रोधा	सती	कृतघ्ना	सुधर्मा	सुधर्मा	सुलाभा	कृशांगी
गुरु:	सती	सधना	भ्रातृम०	सुखिनी	साध्वी	सापदा	सुकीर्ति	रोगिणी	पुत्राढ्या	सुभगा	सुरुपा	सद्व्यया
शुक्र:	सुखिनी	सहर्षा	धनाढ्या	सुकीर्ति	सुसुता	दरिद्रा	पतिप्रिय	प्रमत्ता	सुपुण्या	सुकर्मा	सुपुत्रा	सद्व्यया
शनि:	वन्ध्या	निर्धना	दंक्षा	हृद्रोगा	अपुत्रा	सुगुणा	विधवा	दु:खार्ता	वन्ध्या	पापा	सुलाभा	मूढ़ा
राहु:	अपुत्रा	दरिद्रा	धनाढ्या	रोगार्त्ता	अपुत्रा	धनाढ्या	दु:खार्ता	क्लेशिनी	वन्ध्या	कुकर्मा	सुभगा	खला
केतु:	दु:खार्ता	शोकार्त्ता	रोगाढ्या	मातृहीना	विपुत्रा	धनाढ्या	विधवा	सदु:खा	शोकार्त्ता	पापा	सुभगा	सरोगा

अथ सूर्योदग्रिहणां गोचरफलम्

ग्रहा:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सूर्य:	स्थाननाश	भयं	श्री:	मानभंग	दैन्य	विजय	मार्ग:	पीड़ा	सुकृना	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र:	धनलाभ	सन्तोष	सुखं	रोग	ज्ञानवृ.	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
भौम:	शत्रुभी:	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी:	पुत्रकष्ट	धनलाभ	स्त्रीकष्ट	शत्रुभी:	शत्रुपीड़ा	शोक:	धनलाभ	धन नाश
बुध:	सुख	धनलाभ	शत्रुभी:	पशुलाभ	सुखं	स्थानला	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धन नाश
गुरु:	भय	धनलाभ	क्लेश	धनलाभ	सुखं	शोक	राजमा	पीड़ा	सौख्यं	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुनाश	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी:	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दु:ख	धनलाभ	धनलाभ
शनि:	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभी:	पुत्रकष्ट	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मन	धनलाभ	धनलाभ
राहु:	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्री	क्लह	मृत्यु	दु:खं	वैर	सुखी	शोक:
केतु:	रोग	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धनलाभ	क्लह	रोग	पापं	शौक:	कीर्ति	शत्रुभी:

अथ वर्षकुण्डल्यांतन्वादिभावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहा:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सूर्य:	चिन्ता	नृपभी:	धनलाभ	हानि	कष्टम्	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्टम्	धर्मनाश	सुखं	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्र:	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष:	शत्रुनाश	सुखम्	पीड़ा	कष्टम्	दु:खम्	भाग्योदय	विजय:	धनलाभ	व्यग्र:
भौम:	प्रणा:	धननाश	जय:	व्यसनं	दुर्भति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुध:	सौख्यम्	धनलाभ	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	क्लेह	धनलाभ	व्यग्रता	सुखम्	मानलाभ	सुखलाभ	रोग
गुरु:	सुखम्	धनलाभ	जय:	वाहलाभ	पुत्र: प्रा.	अष्टम्	सुखम्	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक:
शुक्र:	मानप्रा.	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभी:	स्त्रसुख	कष्टम्	धर्मोदय	मानलाभ	क्षेमलाभ	व्यय
शनि:	वातार्ति	पीड़ा	धनलाभ	दु:खम्	पुत्रपीड़ा	जय:	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्याह्रा	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहु:	शिरोर्ति	राजभी:	सुखम्	दु:खम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभी	कष्टम्	धर्महानि	विजय	सुलाम	व्याधि
केतु:	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभी:	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश	पीड़ा	भाग्याना	धनलाभ	लाभ	शोक:
मुन्था:	सुखम्	यशोऽर्थ:	पुष्टि:	दु:खम्	सुखप्राप्ति	कष्टम्	व्यसनं	दु:खम्	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभ	कष्टम्

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फड़कना शुभ है। इन्हीं अंगों में तिल, लहसुन, मस्सा हो या खुजली उठे, तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे, तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज उठे, तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल
मस्तक	पृथ्वीलाभ	स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कपोल	शुभाप्ति	हस्त	द्रव्यलाभ	पादोपरि	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	नाभि	स्त्रीनाश	भग	पति प्राप्ति	उदर	कोषलाभ
ललाट	स्थानलाभ	भ्रू मध्य	सुख प्राप्ति	नेत्र	धनप्राप्ति	नेत्रोर्द्ध्व	विजय	वक्ष:स्थल	विजय	कटि	प्रमोद	आन्त्रिक	कोषवृद्धि	कुक्षि	सुप्रीति	लिंग	स्त्रीलाभ

ग्रहः गौचराद्यैर्दशाक्रमाद्यैर्ग्रहकृतानिष्टफलशमनार्थं	प्रत्येक ग्रहाणां दानपदार्थाः												जप सं.	जपनीय मन्त्रः	समय	समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूँ	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केसर	मूंगा	रक्तगौ	रक्तचन्दन	7000	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	सू. उ.	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूर	श्वेत बैल	श्वेतचन्दन	11000	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरी	रक्त बैल	रक्तचन्दन	10000	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. 2	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खाण्ड	घी	हरा वस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूर	शस्त्र	फल	9000	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. 5	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचणे	खाण्ड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	19000	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः	सन्ध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगन्ध	दधि	श्वेत घोड़ा	श्वेतचन्दन	16000	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णगो	भैंस	उपानह	23000	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	सन्ध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तेल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कम्बल	घोड़ा	शूर्प	18000	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रौ	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कम्बल	कबरा	शस्त्र	17000	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रौ	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मिसरी	श्वेत चन्दन	हाथीदांत	मुथेशवत्	मुन्थेश मन्त्र	मुन्थेश काले	

सूर्यादिग्रहपीडासु स्नानार्थमौषधानि- (यथा सिद्धौषधै रोगन्नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्। तथा स्नानविधानेन ग्रहदोषः प्रणश्यति ॥)

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनशिला	पंचगव्य	बिल्वछाल	गोबर	मालती पुष्प	इलायची	काले तिल	लोबान	लोबान
इलायची	गजमद	रक्तचन्दन	अक्षत	श्वेत सरसों	मनशिला	सुरमा	तिल पत्र	तिल पत्र
देवदारू	शंख	धमनी	फल	मुलहठी	सुवृक्षमूल	लोबान	मुत्थरा	मुत्थरा
खश, केसर	सिप्पी	रक्तपुष्प	गोरोचन	मधु	केसर	धमनी	गजदन्त	गजदन्त
मुलहठी	श्वेतचन्दन	सिंगरफ	मधु	मालती		सौंफ	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	मोती			मुत्थरा		
रक्तकनेर		मौलसिरी	सुवर्ण			खिल्लां		

सप्त धान्य—उड़द 1, मूंगी 2, कणक (गेहूँ) 3, छोले (चने) 4, जौ 5, धान्य (तण्डुल) 6, कंगनी 7 ॥

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधिस्नानम्

लाजवन्ती (छुईमुई) कूट, खिल्लां, कांगनी, जव सरसों, देवदारू, हल्दी, सर्वोषधि, लोध—इन सब औषधियों के जल से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नाश होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं, उनके करने से शान्ति होती है। गुरु के वचन, देवता, ब्राह्मणों की वन्दना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

शनि विचार—गोचरे द्वादशेनेत्रे हृदये जन्मभे शनिः। द्वितीये गुल्फयोर्मध्ये द्वाना नादौ च विलोमतः ॥ **फलं**—नेत्रस्थे शत्रुसन्तापो हृद मानसीव्यथा, चरणे भ्रमणं देशे देशः संचारयेच्छनिः ॥ **अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्**—कल्याणीं प्रवदन्ति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टपे, व्याधिं बन्धुविरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्यु चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्निर्भयं, लोहं शस्त्र भयं, सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥1 ॥ **अथ बृहत् कल्याणी (साढ़ेसाती) फलम्**—राशौ द्वादश (12) मूर्ध्नि जन्म (1) हृदये पादौ द्वितीये (2) शनिर्नाना क्लेश करोति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीड़येत्। हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्। रामार्द्धादि विनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाथवा ॥2 ॥

अथ ग्रहाणां राशि प्रवेश समये पाद निर्णय—किसी ग्रह का राशि प्रवेश समय में पाद देखना हो, तो अपनी राशि से जिस दिन ग्रह बदलता हो, उस दिन जिस राशि में चन्द्रमा हो, उस राशि तक गिनें, वह संख्या 2।5।9 हो, तो रजतपाद, 3।7।10 में ताम्रपाद, 1।6।11 में सुवर्णपाद, 4।8।12 में लोहपाद जानना। गुरु सुवर्णपाद में शनि लोहपाद में, मंगल ताम्रपाद में, शुक्र रजतपाद में शुभ होते हैं। **शनिवाहन**—जन्म नक्षत्र से जिस दिन शनि बदले, उस दिन के नक्षत्र तक गिनकर 9 का भाग देवें, शेष क्रमशः शनि का वाहन समझें—1 गर्दभ, 2 अश्व, 3 हस्ति, 4 महिष, 5 जम्बूक, 6 सिंह, 7 छाग, 8 मयूर, 9 हंस। इसमें वाहनों के गुणानुसार फल समझें।

अथ ग्रहाणां विंशोत्तरीय महादशायामन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

सूर्य दशा वर्ष 6				चन्द्र दशा वर्ष 10				भौम दशा वर्ष 7			
कृ. उ.फा. उ.षा. तन्मध्येऽन्तरम्				रो. ह. श्रवण तन्मध्येऽन्तरम्				मृ. चि. ध. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
र	0	3	18	च	0	10	0	मं	0	4	27
चं	0	6	0	मं	0	7	0	रा	1	0	18
मं	0	4	6	रा	1	6	0	बृ	0	11	6
रा	0	10	24	बृ	1	4	0	श	1	1	9
बृ	0	9	18	श	1	7	0	बु	0	11	27
श	0	11	12	बु	1	5	0	के	0	4	27
बु	0	10	6	के	0	7	0	शु	1	2	0
के	0	4	6	शु	1	8	0	र	0	4	6
शु	1	0	0	र	0	6	0	चं	0	7	0

राहु दशा वर्ष 18				गुरु दशा वर्ष 16				शनि दशा वर्ष 19			
आर्द्रा स्वा. श. तन्मध्येऽन्तरम्				पुन. वि. पू.भा. तन्मध्येऽन्तरम्				पु. अनु. उ.भा. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
रा	2	8	12	बृ	2	1	18	श	3	0	3
बृ	2	4	24	श	2	6	12	बु	2	8	9
श	2	10	6	बु	2	3	6	के	1	1	9
बु	2	6	18	के	0	11	6	शु	3	2	0
के	1	0	18	शु	2	8	0	र	0	11	12
शु	3	0	0	र	0	9	18	चं	1	7	0
र	0	10	24	चं	1	4	0	मं	1	1	9
चं	1	6	0	मं	0	11	6	रा	2	10	6
मं	1	0	18	रा	2	4	24	बृ	2	6	12

बुध दशा वर्ष 17				केतु दशा वर्ष 7				शुक्र दशा वर्ष 20			
अश्ले. ज्ये. रे. तन्मध्येऽन्तरम्				म. मू. अश्वि. तन्मध्येऽन्तरम्				पू.फा. पू.षा. भ. तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
बु	2	4	27	के	0	4	27	शु	3	4	0
के	0	11	27	शु	1	2	0	र	1	0	0
शु	2	10	0	र	0	4	6	चं	1	8	0
र	0	10	6	चं	0	7	0	मं	1	2	0
चं	1	5	0	मं	0	4	27	रा	3	0	0
मं	0	11	27	रा	1	0	18	बृ	2	8	0
रा	2	6	18	बृ	0	11	6	श	3	2	0
बृ	2	3	3	श	1	1	9	बु	2	10	0
श	2	8	8	बु	0	11	27	के	1	2	0

त्रिराशिपति चक्रम्

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	कं.	तु.
सू.	शु.	श.	शु.	गु.	च.	बु.
गु.	चं.	बु.	म.	सू.	शु.	श.
वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः	
मं.	श.	मं.	गु.	चं.	दि.	प.
शु.	श.	मं.	गु.	चं.	रा.	प.

दशा का भुक्त भोग्य—गत नक्षत्र की घट्यादि को 60 में से घटाकर इष्ट घटी जोड़ने से भयात होता है।60 में से घटाये हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र की घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को 60 से गुणाकर फल बना लें, भयात की पलों को दशा के वर्षों से गुणा कर भभोग की पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष। शेषांक को 12 से गुणें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास, फिर शेष को 30 से गुणा कर भभोग की पलों से भाग दें, लब्ध दिन आयेंगे। यह दशा के भुक्त वर्षादि होंगे। इन्हें दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

योगिनी दशाऽन्तर्दशाज्ञानाय चक्रमिदम्

मंगला 1			पिंगला 2			धान्या 3			भ्रामरी 4		
श्र. आर्द्रा. चित्रा			ध. पुनर्वसु स्वाति			श. पुष्य विशा.			अश्वि. अश. अनु. पूभा.		
मा.	12	च.	मा.	24	सू.	मा.	36	गु.	मा.	48	म.
म	0	10	पि.	1	10	धा.	3	0	भ्रा.	5	10
पिं.	0	20	धा.	2	0	भ्रा.	4	0	भ.	6	20
धा.	1	0	भ्रा.	2	20	भ.	5	0	उ.	8	0
भ्रा.	1	10	भ.	3	10	उ.	6	0	सिं.	9	10
भ.	1	20	उ.	4	0	सिं.	7	0	सं.	10	20
उ.	2	0	सिं.	4	20	सं.	8	0	मं.	1	10
सिं.	2	10	सं.	5	10	मं.	1	0	पिं.	2	20
सं.	2	20	मं.	0	20	पिं.	2	0	धा.	4	0

भद्रिका 5			उल्का 6			सिद्धा 7			संकटा 8		
भर. मघा ज्ये. उ.भा.			कृ. पूफा. मू. रे.			रो. उ.फा. पू.षा.			मृग. हस्त उ.षा.		
मा.	60	बु.	मा.	72	श.	मा.	84	शु.	मा.	96	के.
भ.	8	10	उ.	12	0	सि.	16	10	स.	21	10
उ.	10	0	सिं.	14	0	सं.	18	20	मं	2	20
सिं.	11	20	सं.	16	0	मं.	2	10	पिं.	5	10
सं.	13	10	मं.	2	0	पिं.	4	20	धा.	8	0
मं.	1	20	पिं.	4	0	धा.	7	0	भ्रा	10	20
पिं.	3	10	धा.	6	0	भ्रा.	9	10	भ.	13	10
धा.	5	0	भ्रा.	8	0	भ.	11	20	उ.	16	0
भ्रा.	6	20	भ.	10	0	उ.	14	0	सिं.	18	20

अथाङ्ग विभागे पल्ली (छिपकली कोढ़किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रू मध्ये	राज्य सम्बन्धः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	प्रधरोष्ठे	ऐश्वर्य लाभः
वामभुजे	राज्यभयं	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यताः
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्र लाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा. मणिबन्धे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजन
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
द.कर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनाप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द.मणिबन्धे	मनस्तोषः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने (छिपकली के गिरने पर) शुभ तिथिवार नक्षत्र—यदि छिपकली 1, 2, 3, 5, 6, 10, 11, 12, 13—इन तिथियों को गिरे, तो श्रेष्ठ लाभदायक है तथा चं. बु. गु. शु.—इन चारों में भी शुभ फल होता है। अश्वि. रो. मृ. पु. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श.—ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। इनके अतिरिक्त तिथि नक्षत्र वारादि में छिपकली गिरे, तो अशुभ होता है। **पल्लीपातेकर्त्तव्य कर्म्म**—पल्ली (किरली) तथा सरठ (गिरगिट) स्पर्श पर वस्त्र-सहित स्नान करें। जन्म नक्षत्र, मृत्यु योग, दग्ध दिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा में पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युंजय का जप व तिल स्वर्णदान पंचगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान करना भी उचित है।

छिक्का फल—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है। गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग से अथवा ''छींक सूंघनी छलकर लीन्हीं। पीनस, सर्दी, धांस फल हीनीं॥ छींक पीठ की कुशल उचारे। बांई कारज सबै संवारे॥1॥ सम्मुख छींक लड़ाई भाषै, छींक दाहिनी द्रव्य विनाशे॥2॥ ऊंची छींक कहे जयकारी, नीची छींक होये भयकारी।अपनी छींक महादुखदायी, ऐसे छींक विचारो भाई॥3॥ कन्या, विधवा, मालिन, धोबिन, रजस्वला, वेश्या, चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय, तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले। शयन के समय और सन्ध्यावन्दन जपादि के आरम्भ में छींक अशुभ नहीं होती।

विविध मुहूर्त्ताः

अथ स्त्रीणामाद्यरजोदर्शने शुभाशुभ विचारः

शुभ मासाः—वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन मास और शुक्लपक्ष श्रेष्ठ हैं।

शुभ तिथि—1।2।5।7।10।11।13।15, कृष्णपक्ष में दशमी पर्यन्त मध्यम, उपरान्त नेष्ट। चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार श्रेष्ठ। अश्विनी, रो. मृ. पुष्य. उत्तरा 3 ह. चि. स्वा. अनु. श्र. श. ध. रे. नक्षत्र शुभ। पुन. कृ. म. वि. मू. नक्षत्र मध्यम, अन्य अशुभ। वृ. मि. कर्क, कं. तुला ध. मी. लग्न शुभयुक्त तथा शुभ दृष्ट हों, तो प्रथम रजोदर्शन शुभ है।

अशुभ समय—अष्टमी, द्वादशी, षष्ठी, रिक्ता, अमावस, संक्रान्ति, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति ग्रहण, मार्ग में, कुदेश, उत्पात का समय—इन योगों में प्रथम रजोदर्शन होवे, तो अनिष्ट है। इसका यथाविधि जाति विधान करने पर शुभ होवे।

स्नान मुहूर्त्त—ह. स्वा. मृ. अश्विनी अनु. ध. रो. उत्तरा 3. पु. शुभ तिथि, शुभ वार में कुयोग रहित समय में, लग्नबल देख शुभनवांश में, प्रथम ऋतुमती स्नान करें।

अथ गर्भाधान मुहूर्त्त विचार—रजोदर्शन की 4 रात्रि को छोड़कर समरात्रि में, रो. मृ. ह. स्वा. अनु. श्र. ध. श. नक्षत्र तथा मेष, कर्क, सिंह, तुला ध. म. इन लग्नों में, लग्न से 3।6।11 वें में पापग्रह और र.मं.गु. लग्न को देखें तथा विषम राशि नवांश में हो, पति-पत्नि को चन्द्र शुभ हो, ऐसे समय में गर्भाधान संस्कार करें। पुन. अश्वि. पुष्य चि. नक्षत्र गर्भाधान में मध्यम माने हैं। गर्भाधान में चन्द्रबल स्त्री को विशेष होना चाहिए।

गर्भाधानान्तर दश मासों के स्वामी—प्रथम मास का स्वामी शुक्र, द्वितीय का मंगल, तृतीय का गुरु, चतुर्थ का सूर्य, पंचम का चन्द्र, षष्ठ का शनि, सप्तम का बुध, अष्टम का गर्भ लग्नपति, नवम का चन्द्र और दशम मास का स्वामी सूर्य है। अष्टम मास में श्र. रो. पुष्य. नक्षत्र शुभ तिथिवार और अष्टम स्थान शुद्ध लग्न में गर्भ रक्षार्थ विष्णु-पूजन करें।

पुंसवन सीमान्त मुहूर्त्त विचार—गर्भ के द्वितीय, तृतीय मास में पुंसवन करना चाहिए। छठे और आठवें मास में मासाधिपति बलवान् होने पर सीमन्त कर्म करे। पुंसवन सीमन्त में गुरु, शुक्र के अस्त का दोष नहीं है। रं. मं. गुरुवार, मतान्तर से सो. बु. शुक्रवार, दम्पत्ति का चन्द्रबल, तारा शुद्धि देख रो., मृग., पुष्य., पुन., हस्त., मू., मं, उत्तरा 3 जन्म नक्षत्र बिना इन नक्षत्रों में तथा 1।2।3।5।7।10।11।13 शुक्लपक्ष की तिथियों में, कृष्णपक्ष में 10 पर्यन्त शुभ, पूर्वान्ह श्रेष्ठ है। पुरुष संज्ञक लग्न तथा नवांश में लग्न से 1।4।5।8।9।10 में शुभग्रह 3।6।11 में पापग्रह, चन्द्र 1।6।8।12 वें वर्ज्यकर अन्य स्थानों में हो, ऐसे मुहूर्त्त में पुंसवन और सीमान्त संस्कार करना श्रेष्ठ है।

मेधाजनन संस्कार—नालछेदन से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में स्वर्ण लगाकर स्वर्ण सहित अंगुली से शहद में गौघृत मिलाकर '**ॐ भूस्त्वयि दधामि**' '**ॐ भुवस्त्वयि दधामि**', **ॐ स्वस्त्वयि दधामि**', '**ॐ भूर्भुवः स्वः सव त्वयि दधामि**', इन चारों मन्त्रों से नवजात बालक को थोड़ा-थोड़ा मधु घृत चार बार चटावें। ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तनपान मुहूर्त्त—पंचम दिन अथवा भद्रा व्यतिपात वैधृति रिक्ता तिथि का त्याग कर शुभ तिथि वार में पुन पुष्य. मृ. ह. श्र. रे. नक्षत्र में स्तनपान करना शुभ है।

प्रसूति स्नान मुहूर्त्त—रिक्ता तिथि को छोड़कर शुभ तिथि र. म. गु. वार अश्विनी रो. मृ. तीनों उत्तरा, ह. स्वा. अनु. रेवती नक्षत्रों में कुयोग रहित दिन में प्रसूति स्नान शुभ है।

जल पूजन मुहूर्त्त—मास के समाप्त होने पर बु. गु. चन्द्रवार, रिक्ता अमावस रहित तिथियों में मृ. पुन. पु. ह. अनु. मू. नक्षत्रों जल पूजन श्रेष्ठ है। चैत्र, पौष, अधिक मास, गुरु, शुक्र का अस्त, मास पूरा होने पर वर्ज्य करें, अर्थात् एक मास तक इनका दोष नहीं।

जातक कर्म नामकरण संस्कार—जातक कर्म नाल छेदने के पूर्व करना योग्य है। उस समय न हो सके, तो सूतक निवृत्त होने पर ब्राह्मण 11वें, क्षत्रिय 13वें, वैश्य 16वें, शूद्र 21वें दिन नाम कर्म पूर्वकुलाचार के अनुसार करें। सूतक समाप्ति पर 11वें या 12वें दिन जातक कर्म नामकर्म संस्कार न हुआ हो, तो भद्रा व्यतिपात वैवृति संक्रान्ति रहित 1।2।3।4।5।7।10।11।12।13 इन तिथियों में शुभवार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. तीनों उत्तरा अभि. श्र. ध. श. रे. इन नक्षत्रों में लग्न नवांश बल की योजना कर विधि के अनुसार बालक के दक्षिण कर्ण में तीन बार राम कहें।

दोलारोहरण (बालक को झूले में झुलाना)—जन्मदिवस से 10।12।16।18।32वें दिन रिक्ता अमावस रहित तिथि शुक्रवार, अश्वि. रो. मृ. पुष्य. ह. चि. अनु. अभि. तीनों उत्तरा रे. नक्षत्रों में शुभ होता है। सूर्य नक्षत्र से आगे 5 और पीछे 7 नक्षत्र होते हैं।

अथ निष्क्रमण मुहूर्त्त—बारहवें दिन बालक का निष्क्रमण करें। सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य और नक्षत्रों के दर्शन करावें। यह न हो तो तृतीय, चतुर्थ मास में मं. श. वर्जित चारों वारों में रिक्ता भद्रा अमावस आदि कुयोग रहित शुभ दिन में, अश्वि. रो. पुन. पुष्य. ह. अनु. स्वा. मृ. श्र. ध. नक्षत्रों में शुभ है।

भूम्युपवेशन—पांचवें मास में पृथ्वी और वराह का पूजन कर रिक्ता अमा. रहित तिथि शुभवार, अश्वि., रो. मृ. पुष्य. हस्त. अनु. ज्ये. अभि. तीनों उत्तरा नक्षत्रों में, स्थिर लग्न में बालक की कमर में सूत्र बांधकर पृथ्वी पर बिठावें। मन्त्र यह है—''**ॐ रक्षेनं वसुधे देवि! सदा सर्वगते शुभे! आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये!॥**''

बालक को पृथ्वी पर बिठाने के समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, दवात, सुवर्ण, चांदी, शस्त्र, वेद की पुस्तकें, धान्य, मशीनें, छोटी मोटरें, इंजन आदि वस्तुएं रखें। इनमें से जिस वस्तु को बालक पहले ग्रहण करे, उसी से उसकी जीविका होती है, इसलिए आगे वही विद्या उसे पढ़ाई जावे।

अन्नप्राशन—जन्म से 6।8।10।12वें मास में पुत्र को और 5।7।9।11वें मास में कन्या को भद्रा व्यतिपातादि दोषरहित 1।3।5।7।10।13।15 इन तिथियों में शुभ वार, अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. ह. चि. स्वा. अनु. अभि. श्र. ध. श. तीनों उत्तरा, रे. इन नक्षत्रों में, जन्म लग्न या जन्म राशि से आठवां लग्न या नवांश तथा मीन, मेष, वृश्चिक लग्न को त्यागकर दशम स्थान में पापग्रह न हो, तो अन्नप्राशन कराना श्रेष्ठ है।

कर्णवेध—चातुर्मास (आषाढ़ शु. 11 से कार्तिक शु. 11 तक) चैत्र, पौष, जन्म,

मास, तिथि, नक्षत्र, क्षयतिथि 4।9।14 और सम वर्षों को त्याग कर जन्म से 12वें या 16वें दिन अथवा 6।7।8वें मास में या विषम वर्षों में, शुभवार अश्वि. मृ. पुन. पु. ह. चि. अनु. अभि. श्र. रे. नक्षत्रों में लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो, वृ. तु. ध. मीन लग्न और लग्न में गुरु हो, तो कर्णछेदन श्रेष्ठ होता है।

मुण्डन चौल (चूड़ाकर्म) संस्कार—बालक की माता को 5 मास का गर्भ हो, तो 5 वर्ष से न्यून के बालक का चौलकर्म नहीं करना। ज्येष्ठ मास में नहीं करना तथा चैत्र मास को छोड़ विषम वर्ष में उत्तरायण में 2।3।5।7।10।12।13 तिथियों में, अश्वि. मृ. पुन. पुष्य. ह. चि. स्वा. ज्ये. अभिजित्, श्र. ध. श. रे. नक्षत्रों में। अष्टम स्थान शुद्ध होने पर चौल करना श्रेष्ठ है तथा कुलाचारानुसार इष्टदेवता के आगे भी मुण्डन संस्कार और कर्णवेध कर दिया जाता है। यह 'यथा कुलधर्मत:' इस स्मृति के अनुसार ठीक ही है।

क्षौर करने के नियम तथा मुहूर्त्त—चौलकर्म की तिथि क्षौर नक्षत्र और (बाल कटाने) के लिए श्रेष्ठ है। रवि, मंगल, शनिवार, पूर्व क्षौर से 9वां दिन, 4।8।9।14।15।30 तिथि, संक्रान्ति, रात्रि, सन्ध्याकाल, बिना आसन, संग्राम में, यात्रा के दिन, स्नान करके शरीर में उबटन लगाने के अनन्तर भोजन के बाद क्षौर कराना अशुभ है, परन्तु विवाह, यज्ञ, मृतक कार्य, कारागार से छूटने पर ब्राह्मणाज्ञा, राजाज्ञा से किसी समय में क्षौर बनवा सकते हैं। राजकर्मचारी तथा रूपजीवी जैसे—नट, भाट, बहुरूपिये नाटक कम्पनी, फिल्म कम्पनियों में काम करने वाले प्रतिदिन क्षौर बनवा सकते हैं, उनके लिए मुहूर्त्त की आवश्यकता नहीं। ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय मंगल को, वैश्य, शूद्र, शनिवार को भी क्षौर बनवा सकते हैं तथा ब्राह्मण को शाखेश के वार में भी क्षौर करवाने में हानि नहीं।

कन्या का नाक छेदन मुहूर्त्त—शुक्लपक्ष, शुभ तिथि, शुभ वार कुयोग रहित प्रथम प्रहर में कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा 3, स्वाति शत. इनमें नाकछेदन करना शुभ है।

कन्या को सीना पिरोना सिखाने का मुहूर्त्त—रिक्ता अमावस रहित तिथि, रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार। अश्वि. पुन. चि. अनु. ध. इन नक्षत्रों में कुयोगादि रहित शुद्ध दिन में कन्या को चन्द्र, बल, देख, सीना, कसीदा आदि का कार्य सिखाना आरम्भ करें।

अक्षरारम्भ—उत्तरायण में जन्म से 5, 7वें वर्ष 2।3।5।6।11।12 तिथि, शुक्रवार, अश्वि, आर्द्रा., पुन., पु., ह., चि., स्वा., अनु., अभि., श्र., रे. इनमें तथा चररहित लग्नों में गणेश, विष्णु, सरस्वती, लक्ष्मी तथा अपने कुल देवताओं का पूजन कर अक्षरारम्भ करें।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त—उत्तरायण, फाल्गुन मास छोड़कर 2।3।5।6।10।11।12 तिथि तथा रवि, गुरु, शुक्रवार और अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा. पुन. पु. आश्ले. ह. चि. स्वा. अनु. मू. श्र. ध. श. उत्तरा तीनों और रेवती नक्षत्रों में विद्यारम्भ शुभ है। र. मं. श. वार, रिक्ता तिथि, ज्ये. अश्ले. म. तीनों पूर्वा. भ. कृ. वि. आर्द्रा. उषा. श. नक्षत्र अंग्रेजी, फारसी विद्यारम्भ के लिए शुभ है।

उपनयन संस्कार—बालक के जन्म से व गर्भ से ब्राह्मण 8वें, क्षत्रिय 11वें, वैश्य 12वें वर्ष यज्ञोपवीत धारण करें। किसी कारणवश यह काल लोप हो, तो ब्राह्मण 16वें, क्षत्रिय 22वें और वैश्य 24वें वर्ष तक संस्कार करा सकते हैं। उत्तरायण देवशयन के पूर्व र. चं. बु. गु. शु. वार, सामवेदी को मंगलवार भी विहित है, शुक्लपक्ष की 2।3।5।10।11।12 तथा कृष्णपक्ष की 2।3।5 तिथि अश्वि. रो. मृ. आर्द्रा पुष्य आश्ले. तीनों उत्तरा ह. चि. स्वा. अनु. मू. अभि. श्र. ध. शत. रे. क्रूरयुक्त तथा वेधरहित इन नक्षत्रों में उपनयन संस्कार शुभ है। बालक का गुरुबल तथा चन्द्रबल देखें। सामवेदी को भोमबल भी आवश्यक है। ज्ये. शु. 2, आषाढ़ शु. 10, पौष शु. 11, माघ शु. 12, संक्रान्ति दिवस, रोगबाण (8।17।26 रवि के गतांशा:) गुरु, शुक्र के बालवृद्धास्त को छोड़कर पूर्वाह्न में तथा अभिजित् मुहूर्त्त में यज्ञोपवीत धारण करावें। लग्नेश और च. शु. गु. 6, 8 में और च. शु. 12वें, पापग्रह 1।5।8 में अशुभ है। वृष तथा कर्क का पूर्णचन्द्र लग्न में शुभ होता है। चैत्र में मीन के सूर्य में यज्ञोपवीत संस्कार श्रेष्ठ है।

अभिजित् मुहूर्त्त—नित्य मध्याह्न सन्धिकाल की एक घटी, अर्थात् स्थानीय (लोकल) 11 बजकर 48 से 12 बजकर 12 मिनट दोपहर तक अभिजित् मुहूर्त्त में अनेक दोष निवारण की शक्ति है, अत: कोई शुभ लग्न न बनता हो, तो उपनयनादि इस अभिजित् मुहूर्त्त में करना शुभ है। यथा—"**अभिजित्सर्वदेशेषु मुख्यदोषविनाशकृत। मध्यंदिन गते भानौ मुहूर्त्तोऽभिजिदाह्वय:॥ नाशयत्यखिलान्दोषान् पिनाकी त्रिपुरं यथा।**"

अथ विवाह संस्कार

4- ॐ ह्री नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी- ॐ नमो भगवती खड्गधारिणी ॐ ऐं ह्री क्लीं चामुण्डायै विच्चे। नम:। हों जूं सौ: हस्तो नम: शिवाय, ॐ ह्रीं श्री नम: शिवायै, ज्वल ज्वल, प्रज्वल प्रज्वल, असाध्यं साधय, मां प्राच्यां रक्ष रक्ष सर्वभूतेभ्यो हुंफट् स्वाहा।।।3।।

इस प्रकार नीचे लिखे कवच के प्रत्येक चरण के पश्चात् चरण में सूचित देवी के नाम को वतुर्थी विभक्ति के एक वचन में लगाकर 'नर्वाणमंत्र' से 'साधय-साधक' तक बोले और बाद में मां-दिशा अथवा स्थान के नाम को सप्तमी विभक्ति के वचन प्रयोग करके अन्त में रक्ष-रक्ष सर्वभूतेभ्यो हूं फट् स्वाहां-मंत्र का पाठ करे। यथा-

5. ॐ ह्रीं प्रतीच्यां वारूणी रक्षेद- ॐ नमों भगवती वारूण्यै (इत्यादि)
6. ॐ ह्रीं वायव्यां मृगवाहिनी- ॐ नमों भगवती मृगवाहिन्यै (इत्यादि)
7. ॐ ह्रीं रक्षेद् उदीच्यां कौमारी- ॐ नमों भगवती कौमार्यै(इत्यादि)
8. ॐ ह्रीं ईशान्य शूलधारिणी- ॐ नमों भगवती शूलधारिण्यै(इत्यादि)
9. ॐ ह्रीं ऊर्ध्व ब्रहाणि में रक्षेद- ॐ नमों भगवती ब्रह्मण्यै (इत्यादि)
10. ॐह्रीं अधस्ताद् वैष्णवी यथा- ॐ नमों भगवती वैष्णव्यै(इत्यादि)
11. ॐ ह्रीं एवं दशदिशो रक्षेच्चामुण्डा- ॐ नमों भगवती चामुण्डायै(इत्यादि)
12. ॐ ह्रीं जया में चाग्रत: पातु- ॐ नमों भगवती जजायै(इत्यादि)
13. ॐ ह्रीं अजिता वाम पार्श्वेतु- ॐ नमों भगवती अजितायै (इत्यादि)
14. ॐ ह्रीं दक्षिणे चापराजिता- ॐ नमों भगवती अपराजितायै(इत्यादि)
15. ॐ ह्रीं शिराखामुघोतिनि रक्षेद्- ॐ नमों भगवती उद्योतिन्यै (इत्यादि)
16. ॐ ह्रीं उमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता- ॐ नमों भगवती उमायै (इत्यादि)

17. ॐ ह्रीं मालाधरी ललाटे च- ॐ नमों भगवती मालाधर्यै (इत्यादि)
18. ॐह्रीं भ्रुवौ रक्षेद् यशस्विनी- ॐ नमों भगवती यशस्विन्यै (इत्यादि)
19. ॐह्रीं त्रिनेत्रा च भुवोर्मध्ये- ॐ नमों भगवती त्रिनेत्रायै। (इत्यादि)
20. ॐ ह्रीं यमघण्टा च नासिके- ॐ नमों भगवती यमघण्टायै(इत्यादि)
21. ॐ ह्रीं शाड्खनी चक्षुषोर्मध्ये- ॐ नमों भगवती शड्खिण्टायै(इत्यादि)
22. ॐ ह्रीं श्रोत्रयोद्वारिवासिनी- ॐ नमों भगवती द्वार वासिन्यै (इत्यादि)
23. ॐह्रीं कपोलौ कालिका रक्षेत- ॐ नमों भगवती कालिकायै (इत्यादि)
24. ॐ ह्रीं कर्णमूले तु शड्करी- ॐ नमों भगवती शड्कर्यै (इत्यादि)
25. ॐ ह्रीं नासिकायां सुगन्धा च- ॐ नमों भगवती सुगन्धायै। (इत्यादि)
26. ॐ ह्रीं उत्तरोष्ठे च चर्चिका- ॐ नमों भगवती चर्चिकायै (इत्यादि)
27. ॐ ह्री अधरे चामृतकला- ॐ नमों भगवती अमृत कलायै (इत्यादि)
28. ॐ ह्रीं जिह्वयां च सरस्वती- ॐ नमों भगवती सरस्वत्यै(इत्यादि)
29. ॐ ह्रीं दन्तान् रक्षतु कौमारी- ॐ नमों भगवती कौमार्यै (इत्यादि)
30. ॐ ह्रीं कण्डमध्ये तु चण्डिका- ॐ नमों भगवती चण्डिकायै(इत्यादि)
31. ॐ ह्रीं घण्टिका चित्रघण्टा च- ॐ नमों भगवती चित्रघण्टायै (इत्यादि)
32. ॐ ह्रीं महामाया च तालुके- ॐ नमों भगवती महामायायै (इत्यादि)
33. ॐ ह्रीं कामाक्षी चिबुकं रक्षेद्- ॐ नमों भगवती कामाक्ष्यै (इत्यादि)
34. ॐ ह्रीं वाचं में सर्वमंगला- ॐ नमों भगवती सर्वमंगलायै(इत्यादि)
35. ॐ ह्रीं ग्रीवायां भद्रकाली च- ॐ नमों भगवती भद्रकालीकायै (इत्यादि)
36. ॐ ह्रीं पृष्ठवंशे धनुर्धरी- ॐ नमों भगवती धनुर्धर्यै (इत्यादि)
37. ॐ ह्रीं नीलगृव बहि: कण्ठे- ॐ नमों भगवती नीलगृवायै (इत्यादि)
38. ॐ ह्रीं नलिकां नलकूबरी- ॐ नमों भगवती नलकूबर्यै (इत्यादि)
39. ॐ ह्रीं खड्गधारिणयुभौ स्कन्धौ- ॐ नमों भगवती खड्गधारिण्यै(इत्यादि)
40. ॐ ह्रीं बाहू में वज्रधारिणी- ॐ नमों भगवती वज्रधारिण्यै (इत्यादि)
41. ॐह्रीं हस्तयोर्दण्डिनी रक्षेद्- ॐ नमों भगवती दण्डिन्यै (इत्यादि)
42. ॐ ह्रीं अंबिका चाड्गुणीषु च- ॐ नमों भगवती अम्बिकायै (इत्यादि)
43. ॐ ह्रीं नरवाछूलेश्वरी रक्षेद्- ॐ नमों भगवती शूलेश्वयै (इत्यादि)
44. ॐ ह्रीं कुक्षौ रक्षत्रलेश्वरी - ॐ नमों भगवती नलेश्वर्यै(इत्यादि)
45. ॐ ह्रीं स्तनौ रक्षेन्महादेवी - ॐ नमों भगवती महादेव्यै(इत्यादि)
46. ॐ ह्रीं मन: शोकविनाशिनी - ॐ नमों भगवती शोकविनाशन्यै(इत्यादि)
47. ॐ ह्रीं हृदय ललिता देवी - ॐ नमों भगवती ललिता दैव्यै(इत्यादि)
48. ॐ ह्रीं उदर सिहवाहिनी - ॐ नमों भगवती सिहं वाहिन्यै(इत्यादि)
49. ॐह्रीं नाभौ कमलिनी रक्षेद् - ॐ नमों भगवती कमलिन्यै(इत्यादि)
50. ॐ ह्रीं गुह्या गुह्येश्वरी - ॐ नमों भगवती गुह्येश्वर्ये(इत्यादि)
51. ॐ ह्रीं भूतनाथ च मेढ़ में- ॐ नमों भगवती भूतनाथायै(इत्यादि)
52. ॐ ह्रीं गुदे महिषमर्दिनी - ॐ नमों भगवती महिषमर्दिन्यै(इत्यादि)
53. ॐ ह्रीं कट्यां भगवती रक्षेत्- ॐ नमों भगवती भगवत्यै (इत्यादि)
54. ॐ ह्रीं जानुनी विन्ध्यवासिनी- ॐ नमों भगवती विन्ध्यवासिन्यै(इत्यादि)
55. ॐ ह्रीं जड्घे महाबला प्रोक्ता- ॐ नमों भगवती महाबलायै(इत्यादि)
56. ॐ ह्रीं जानुमध्ये विनायकी - ॐ नमों भगवती विनायक्यै(इत्यादि)
57. ॐ ह्रीं गुल्फयोर्नारसिंही च- ॐ नमों भगवती नारसिंह्यै(इत्यादि)
58. ॐ ह्रीं पाद पृष्ठे मितौजसी- ॐ नमों भगवती अमितौजस्यै(इत्यादि)
59. ॐह्रीं पादांगुली: श्रीधरीच- ॐ नमों भगवती श्री धर्यै(इत्यादि)
60. ॐ ह्रीं पादाधस्तल वासिनी- ॐ नमों भगवती स्तलवासिन्यै(इत्यादि)
61. ॐ ह्रीं दष्ट्रा करालिनी रक्षेत्- ॐ नमों भगवती करालिन्यै(इत्यादि)
62. ॐ ह्री केशांश्चैवोर्ध्वकेशिनी- ॐ नमों भगवती ऊर्ध्व केशिन्यै(इत्यादि)
63. ॐ ह्री रोपकूपाणि कौबेरी- ॐ नमों भगवती कौबेर्यै (इत्यादि)
64. ॐ ह्रीं तत्वं वागीश्वरी तथा- ॐ नमों भगवती वागीश्वर्यै(इत्यादि)
65. ॐ ह्रीं रक्तमज्जा मासान्यस्थि मेदासि पार्वति- ॐ नमों भगवती पार्वत्यै (इत्यादि)
66. ॐ ह्रीं अस्त्राणि कालरात्रिश्च - ॐ नमों भगवती कालरात्रै(इत्यादि)
67. ॐ ह्रीं पित्त च मुकुटेश्वरी- ॐ नमों भगवती मुकुटेश्ववर्यै(इत्यादि)
68. ॐ ह्रीं पद्मावती पद्मकोशे- ॐ नमो भगवती पद्मापत्यै(इत्यादि)
69. ॐ ह्रीं कफे चूड़ामणी तथा- ॐ नमो भगवती चूड़ामण्यै(इत्यादि)
70. ॐ ह्रीं ज्वालामुखी नसाजालं- ॐ नमो भगवती ज्वालामुख्यै(इत्यादि)
71. ॐ ह्रीं अभेद्या सर्वसन्धिषु- ॐ नमो भगवती अभेद्यायै(इत्यादि)
72. ॐ ह्रीं शुक्र ब्रह्माणि में रक्षेत्- ॐ नमों भगवती ब्रह्मण्यै(इत्यादि)
73. ॐ ह्रीं छाय छत्रेश्वरी तथा- ॐ नमों भगवती छत्रेश्वर्यै(इत्यादि)
74. ॐ ह्रीं अहड्कार मनो बुद्धि- ॐ नमो भगवती धर्मचारिण्यै(इत्यादि)
75. ॐ ह्रीं धर्म में धर्मचारिणी- ॐ नमो भगवती धर्मचारिण्यै(इत्यादि)
76. ॐह्रीं प्राणपानौ तथा व्यानं समानोदान मेव च वज्रहस्ता च में रक्षेत्- ॐ नमों

भगवती वज्रहस्तायै(इत्यादि)
77. ॐ ह्रीं प्राणकल्पे च शोभना- ॐ नमो भगवती शोभनायै(इत्यादि)
78. ॐ ह्रीं रसं रूपं च गन्ध च शब्दं स्पर्श च शोभनं सत्वं रजस्तमश्रैव रक्षेत्रारायणी तथा- ॐ नमो भगवती नारायण्यै(इत्यादि)
79. ॐ ह्रीं आयुर्म रक्षतो वाराही - ॐ नमो भगवती वारायह्रो(इत्यादि)
80. ॐ ह्रीं धर्म रक्षतु वैष्णवी- ॐ नमो भगवती वैष्णव्यै(इत्यादि)
81. ॐह्रीं यश कीर्ति च लक्ष्मी स सदा रक्षन्तु मातृर:- ॐ नमो भगवती मातृभ्या (इत्यादि)
82. ॐह्रीं गोत्रमिन्द्राणी मे रक्षेत्- ॐ नमो भगवती नमो इन्द्राण्यै(इत्यादि)
83. ॐ ह्रीं पशून् मे रक्ष चण्डिके- ॐ नमो भगवती चण्डिकायै(इत्यादि)
84. ॐ ह्रीं पुत्रान् रक्षेन्महालक्ष्मी:- ॐ नमो भगवती महालक्ष्म्यै(इत्यादि)
85. ॐ ह्रीं भार्या रक्षतु भैरवी- ॐ नमो भगवती भैरव्य(इत्यादि)
86. ॐ ह्रीं धनेश्वरी धनं रक्षेत्- ॐ नमो भगवती धनेश्वर्यै(इत्यादि)
87. ॐह्रीं कौमारी कन्यकास्तथा- ॐ नमो भगवती कौमार्यै(इत्यादि)
88. ॐ ह्रीं पन्थानं सुपथा रक्षेत्- ॐ नमो भगवती सुपथार्यै(इत्यादि)
89. ॐ ह्रीं मार्ग क्षेमकारी तथा- ॐ नमो भगवती क्षेमकर्यै(इत्यादि)
90. ॐ ह्रीं राजद्वारे महालक्ष्मी:- ॐ नमो भगवती महालक्ष्म्यै:(इत्यादि)
91. ॐ ह्रीं विजया सर्वत: स्थिता- ॐ नमो भगवती विजयायै(इत्यादि)
92. ॐह्रीं रक्षाहींन तु यत्स्थानं वर्जितं कवचेन तु।तत्सर्व रक्ष मे देवी जयन्ती पापनाशिनी- ॐ नमो भगवती जयन्ती पापनाशिन्यै:(इत्यादि)

।।इति कवची-मंत्रगण: समाप्त:।।

इसके पश्चात् फलश्रुतिरूप पद्यों का पाठ करें।
पदमेकं न गच्छेद् वै यदीच्छुभमात्मन:। तस्मत् सर्व प्रयलेन कवचीभव सर्वदा।।
कवचोनावृतो नित्य यत्र तत्र ही गच्छाति। तत्र तत्रार्थ लाभश्च विजय: सर्वकामिक:।।
परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान्। निर्भयो जायते मर्त्य: सङ्ग्रामेस्वपराजित:।।
त्रैलोक्ये तु भवेत् पूज्य: कवचेनावृत: पुमानफ इदं तु देव्या: कवचं देवानामपि दुर्लभम्।।
य: पठेच्छाणुयाद् वापि त्रिसन्ध्यं श्रद्धयान्वित:।देवी कला भवेत तस्य त्रैलोक्ये चापराजित:।
जीवेद् वर्षशतं साग्रमपमृत्यु-विवर्जित:।नश्यन्ति व्याधय: सर्वे लूता-विस्फोटकादय:।।
स्थावरं जङ्गम चापि कृत्रिम चापि यद्विषम्।अभिचाराणि सर्वाणि मंत्र-यंत्राणि भूतले।।
भूचरा: खेचराश्रचैव जलजाश्रवोपदेसिका:। सहजा: कुलजा माला डाकिनी शाकिनी तथा।
अन्तरिक्षचरा घोरा डाकिन्यश्रच महाबला:। ग्रह-भूत-पिशाश्च यक्ष-गन्धर्व-राक्षसा:।।
ब्रह्म-राक्षसा-वेताला: कूष्माण्डा भैरवादय:। नश्यन्ति दर्शनात तस्य कवचे वृष्टि संस्थिते।।
मनोन्नातिर्भवेद् राज्यं तेजो वृद्धिकरं परम्।यशसा वर्द्धते सोऽपि कीर्ति-मण्डित भूतले।।
जपेत् सप्तशतीं चण्डीं कृत्वा कवचमादित:। यावद् भूमण्डलं धत्ते सशैल-वन-काननम्।।
तवत् तिष्ठति मोदिन्यां सन्तति: पुत्रपौत्रिकी। देहान्ते परमं स्तीनं यत्सुरैरपि दुर्लभम्।।
प्राप्नोति पुरूषो नित्यं महामाया-प्रसादत:।

कवच मूल का पाठान्तर

यह कवच 'वाराहपुराण' में ब्रह्म, हरि और हर द्वारा विचरित है। इसकी उपलब्धि ब्रह्म ने मार्कण्डेय को, मार्कण्डेय ने क्रौष्टुकी को, क्रौष्टुकी ने भागुरि को और पक्षिरूप से द्रोणमुनि के पुत्रों ने जैमिनि मुनि को करवाई थी। हजारों वर्षो से समस्त आस्तिक समाज में प्रचलित सप्तशती-पाठ के अंगरूप में प्रयुक्त कवच के इस मूलपाठ में श्लोक संख्या में कहीं-कहीं एक-दो श्लोक आधिक है और कहीं कम 'सप्तशती-सर्वस्व' में 50 पद्य है, जबकि 'गुरूवत्यादि सप्तटीका-युक्त, 'दुर्गासप्तशती' में 50 सार्धपंचाशत् पद्य है। प्रदीप टीका के अन्त में 'कवचेस्मिन सार्वपंचात् श्लोक संग्रह: यह भी लिखा है नित्यपाठ में उपयोगी होने से स्मृत्यनुसार पाठभेद भी बहुधा हो गये है। यह 'कवचीगण' का पाठ भी अति प्राचीन है, अत: इससे भी पाठान्तर आये है। ऐसे विषयों में शंका न करते हुए सम्प्रदाय और गुरू-परम्परा अनुसार पाठ करना ही श्रेयस्कर है।

डॉ रूद्र देव त्रिपाठी

श्राद्ध-तत्व विमर्श

लेखक- आचार्य सदानन्द त्रिपाठी

सत्य नारायण वैदिक धर्म के अनुसार 'वेद' है। जिनमें क्रमशः तीन काण्ड -कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड है। कर्मकाण्ड के अन्तर्गत वेदोक्त विविध यज्ञों की अनुष्ठान पद्धतियां है। जिनमें पितृयज्ञ का भी होना महत्वपूर्ण वर्णन किया गया है। इस 'पितृयज्ञ' का अपर नाम ही 'श्राद्ध' है। अर्थात् पितृयज्ञ (श्राद्ध) शब्द का ही 'वाच्यार्थ' है। धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में द्विजातिमात्र द्वारा नित्यकरणीय पंचमहायज्ञों के अन्तर्गत अध्यापन को 'ब्रहायज्ञ' होम को 'देवयज्ञ' बलिवैश्वदेवकर्म को 'भूतयज्ञ' अतिथि सत्कार को 'भृ(मनुष्य) यज्ञ' तथा पितृयज्ञस्तु तर्पणम् (अर्थात् तर्पण, पिण्डदान, होम, ब्रह्मण भोजनादि द्वारा पितरो को संतृप्त करना) कहकर इस पितृयज्ञ को महनीयता प्रदान की गई है। इसी को और सुस्पष्ट शब्दों में व्याख्यायित करते हुए आगे कहा गया है-'पितृन श्राद्धेन' जिससे ध्वनित होता है कि पितरों की तृप्ति हेतू 'श्राद्ध' करने का अनिवार्यतः धर्मशास्त्रीय निर्देश किया गया है।

श्राद्ध शब्द की व्युत्पति

व्याकरण रीत्यनुसार 'श्राद्ध' शब्द 'श्रद्धा' में 'चूड़ादिभ्य- उपसंख्या -नम' 5।1।110 वार्तिक सूत्र द्वारा 'अणु' प्रत्यय लगाने से सिद्ध होता है। एवमेव द्वितीय प्रयोगानुसार-'श्रद्धा' शब्द में 'प्रजा श्रद्धाच्चवृत्तिभ्योण:' 5।2।201। सूत्र द्वारा 'ण' प्रत्यय लगाने से भी श्राद्ध शब्द सिद्ध होता है। शब्दकल्पद्रुमकार ने 'श्राद्ध' को एक सीान पर नपुसकवासी तथा द्वितीय स्थान पर तीनों लिगों में पठित माना है।

'श्राद्ध' का लक्षण

धर्मशास्त्रकारों ने श्राद्धकर्म में न केवल 'श्रद्धा' को महत्व दिया है।अपितु इस मनोभाव के साथ ही कुछ भौतिक सम्भारों को इसमें सम्पृक्त कर पूर्ण लक्षण भी निधारित किए है। जिनका संक्षिप्त निदर्शन है-

महर्षि 'पराशर' ने 'श्राद्ध' का लक्षण इस प्रकार किया है।

देशे काले च पात्रे च विविधा हविषा च यत्।
तिलैर्दर्भैश्च मन्त्रैश्च श्राद्धस्यात्छद्धयाययुतम्।।

देश काल तथा पात्र (अधिकारी ब्रह्मण) में हविष्यादि विधि द्वारा जो कर्म, तिल, जौ और दर्भ (कुश) आदि के मन्त्रों द्वारा श्रद्धापूर्वक किया जाय, उसे 'श्राद्ध' कहते है। महर्षि मारीचि के अनुसार 'श्राद्ध' का लक्षण निम्न प्रकार से है:-

प्रेतान पितृनप्युद्दिश्य भोज्यं यत् प्रियमाम्मनः।
श्रद्धया दीयते यतु तच्छ्राद्धं परिकीर्तितम्

टर्थात् मृत पितरों के निमित्त अपने को प्रिय भोजन जिसमें श्रद्धापूर्वक दिया जाए, उसे 'श्राद्ध' कहते है।

देशे काले च पात्र श्रद्धया विधिना च यत्।
पितनुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदातम्।।

अर्थात् देश काल और पात्र में श्रद्धा द्वारा जो उपभोग पदार्थोदि पितरों के उद्देश्य से ब्राह्मणों को दिया जाय, उसे 'श्राद्ध' कहते है।

महर्षि 'पुलस्त्य' ने इस प्रकार से श्राद्ध का लाक्षणिक स्वरूप व्यक्त किया है।

संस्कृतं व्यञ्जनाद्यत्रं पयोदधि घृतान्वितम्।
श्रद्धया दीयते यस्मात् श्राद्ध तेन निगद्यते।।

अर्थात् जिस कर्म में दूध, दही, घृताक्त अधिकाधिक सुस्वाद व्यंजन श्रद्धापूर्वक पितरों के उद्देश्य से ब्रह्मणों को दिया जाय उसे 'श्राद्ध' कहते है।

श्राद्ध में द्रव्य त्याग (उदारतापूर्वक दान) को प्रमुखता प्रदान करते हुए जिन धर्मशास्त्रकारों ने सूत्ररूप में निबद्ध लक्षणों को विवेचित किया है। उनका उल्लेख अग्रलिखितानुसार है:-

'श्रीद्धनामादनीयस्य तत्स्थानीयस्य वा द्रव्यस्य प्रेतोद्दशने श्रद्धया त्यागः।

अर्थात् पितरों का उद्देश्य करके (उनके कल्याणार्थ) श्रद्धापूर्वक किसी वस्तु का या उससे सम्बन्धित किसी द्रव्य का त्याग 'श्राद्ध' है। 'श्राद्ध' कल्पतरू के अनुसार-पितरो का उद्देश्य करके वस्तु का त्याग एवं ब्राह्मणों द्वारा उनका ग्रहण प्रधान श्राद्धस्वरूप है। यथा-

'एतेन पितृनुदिदश्य द्रव्यत्यागो ब्राह्मण स्वीकरणपर्यन्तं श्राद्धस्वरूपं प्रधानम्।

श्रीदत्त कृत 'पितृभक्ति' में इस प्रकार से श्राद्ध का लक्षण वर्णित है- यथा

'पितृनुदिदश्य द्रव्यपातो ब्राह्मण स्वीकरणपर्यन्तो हि 'श्राद्ध' मिति।

श्राद्ध विवेक के अनुसार-

श्राद्धं नाम देबोधित पात्रालम्भनपूर्वक प्रमीत पित्रादि देवतोद्दश्यको द्रव्यत्याग विशेषः।

टर्थात् द्रव्यत्याग वेद के शब्दो के द्वारा विहित (वेदबोधित) है और त्यागी हुई वस्तु सुपात्र ब्राह्मणों को (पात्रालम्भनपूर्वक) दी जाती है, उसे श्राद्ध कहते है।

श्राद्ध-भेद

'श्राद्ध' शब्द का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ एवं उसका सविस्तार लक्षण जान लेने के पश्चात् अब हर काम भेद से सम्पाद्यमान् उसके अनेक भेदों का उल्लेख भी परमावश्यक मानते है क्योंकि धर्मशास्त्रकारों ने अपनी-अपनी दृष्टि से श्राद्ध को संख्या क्रम एवं गुणवत्ता के आधार पर अत्यन्त आवश्यक तथा अनुष्ठेय बताया है। सर्वप्रथम 'विष्णुस्मृति' कार ने श्राद्ध के दो भेद किए है यथा-

विष्णुना नित्य-कामरूपतया द्वैविध्यं वक्ष्यते। तत्र नित्यपदमावश्यकरूप। तथा पार्वणैकोदिष्ट्योरपि परिग्रहार्थम। काम्यपदमनावश्यकत्वार्थम् इति।

अर्थात् नित्य श्राद्ध और काम्य श्राद्ध ये दो ही भेद है। नित्यपद प्रयोग से आवश्यकतया पार्वण एवं एकोदिष्ट श्राद्ध यथेच्छ है।

'म्त्स्य-पुराण' में नित्य-नैमित्तिक और काम्य ये तीन भेद स्वीकृत है, यथा

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं त्रिविधं श्राद्धमुच्येत।

'कर्मपुराण' में आचार्य बृहस्पति ने नित्य-नैमित्तिक-काम्य-वृद्धि और पार्वण इन पांच प्रकार के श्राद्धों का उल्लेख किया है।

नित्यं नैमितिकं काम्यं वृद्धिश्राद्धं तथैव च।
पर्वणञेतिमनुनाश्राद्धं पञ्चविधं स्मृतम्।

भगवान मनु ने भी नित्य-काम्य-नैमित्तिक एकोदृष्ट और पार्वण को ही स्वीकारा है।

अहन्यहनि नित्यं स्यात्काम्यं नैमित्तिं पुनः।
एकोद्दिष्टं तु विज्ञेयं वृद्धिश्राद्धं च पार्वणम्।।
एतत्पञ्चविधं श्राद्धं मनुना परिकीर्तितम्।।

'यम-स्मृति' में भी नित्य-नैमित्तिक-काम्य-वृद्धि और पार्वण ये पांच प्रकार के श्राद्ध ही ग्रहीत है-

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं वृद्धि श्राद्धंमयापरम्।
पर्वणञेति विज्ञेयं श्राद्धं पंञविध बुधैः।।

जैसा कि हमने पूर्व में ही कहा है कि कामना-भेद से श्राद्धों की संख्या तत्तत् आचार्यो ने स्वीकार की है। अभी तक सुधी पाठकों ने पांच भेदों को ही जाना, किन्तु इनकी यही इयत्ता समाप्त नहीं होती। 'महर्षि विश्वामित्र' ने तो श्राद्ध के द्वादश भेद किए है-

नित्यं, नैमित्तिकं, काम्य, वृद्धिश्राद्ध, सपिण्डनम्।
पार्वणणेति, विज्ञेय गोष्ठयां, शुद्धध्यर्थमष्टम्।।१।।
कर्मागड नवमं प्रोक्त देविकं, दशममंस्मृतम्।
यज्ञत्राथैकादशं, प्रोक्तं पुष्टैयर्थ, द्वादशं स्मृतम्।।२।।

ऊपरलिखित द्वादश श्राद्धों का सविवरण परिचय भविष्य पुराण में उपलब्ध होता है। विस्तारभय से हम यहां उनका संक्षेपतः सार प्रस्तुत कर रहें है।

1. प्रतिदिन किए जाने वाले श्राद्ध को **नित्य श्राद्ध** कहते है।
2. एकोद्दिष्ट प्रभृति श्राद्ध को **नैमित्तिक श्राद्ध** कहते है।
3. स्वाभिलपित कार्य सिद्धयर्थ किए जाने वाले श्राद्ध को **काम्य श्राद्ध** कहते है।
4. वद्धिकाल अर्थात् पुत्रजन्म विवाह आदि के समय किए जाने वाले श्राद्ध को **वद्धि श्राद्ध** कहते है।
5. अमावस्या तिथि अथवा पर्व के समय जो श्राद्ध किया जाता है उसे **पार्वण श्राद्ध** कहते है।
6. जिस श्राद्ध में प्रेतपिण्ड का पितृपिण्डों में सम्मेलन किया जाए, उसे **सपिण्डन श्राद्ध** कहते है।
7. गोशाला में जो श्राद्ध किया जाता है उसे **गोष्ठी श्राद्ध** कहते है।
8. शुद्धि और निमित्त जिस श्राद्ध में ब्राह्मणो को भोजन कराया जाता है उसे **शुद्धयर्थ श्राद्ध** कहते है।
9. गर्भाधान में सोमरस-पान में, सीमन्तोन्नयन और पुसवन में जो श्राद्ध किया जाता है उसे **कर्मागड श्राद्ध** कहते है।
10. देवताओं के उद्देश्य से जो श्राद्ध किया जाता है उस **दैविक श्राद्ध** कहते है।
11. तीर्थयात्रा के उद्देश्य से देशान्तर जाने के समय में जो श्राद्ध घृत द्वारा किया

जाता है उसे **यात्रार्थ श्राद्ध** कहते है।

12. शारीरिक पुष्टि और आर्थिक समृद्धि के लिए जो श्राद्ध किया जाता है उसे पुष्ट्यर्थ श्राद्ध कहते है।

उपर्युक्त सभी प्रकार के श्राद्ध श्रौत और स्मार्त के भेद से दो प्रकार के होते है।पिण्डपितृयाग को 'श्रौत श्राद्ध' कहते है और एकोद्दिष्ट पार्वण तथा 'तीर्थ श्राद्ध' से लेकर मरण तक के श्राद्ध को 'स्मार्त श्राद्ध' कहते है। 'श्रौत श्राद्ध' में केवल श्रुति प्रतिपादित मंत्रों का प्रयोग होता है। और स्मार्त श्राद्ध में वैदिक, पौराणिक, तांत्रिक तथा धर्मशास्त्रादि के मंत्रों का प्रयोग होता है। यहा यह ध्यातव्य है कि श्रुत्युक्त 'पिण्डपितृयाग' को 'प्रकृतियाग' और समृत्युक्त नित्यश्राद्धादि को 'विकृतियाग' कहते है। 'पिण्डपितृयाग' का करने का अधिकार केवल अग्निहोत्री को ही होता है तथा यह श्राद्ध अमावस्या के दिन होता है।

श्राद्धकाल 'महालय'

'श्राद्ध' उक वैदिक विधान है। विधि में देश और काल का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।देश अर्थात् क्षेत्र (तीर्थ) विशेष मे श्राद्ध करने से उसके फल में सहस्त्रगुण वृद्धि हो जाती है किन्तु तत्कर्म सम्बन्धी यदि ज्योतिनिर्दिष्ट काल भी सम्प्राप्त हो जाय, तो अवश्यमेव मणिकाञ्चन योग समुपस्थित हो जाता है। कामना-भेद से यदपि श्राद्धो की विविध नाम रूपता से उनका समय भी पृथक-पृथक है किन्तु पितरों के निमित्त उनका परमप्रिय पक्ष पितृपक्ष है। इसे शास्त्रीय भाषा में महालय भी कहते है जो भाद्रपद पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर अश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक 16 दिवसीय श्राद्धकाल होता है। इसका वैधानिक महत्व प्रतिपादन (ज्योतिष तथा धर्मशास्त्रीय प्रमाणों के आधार पर) विस्तारभय से इस लघुकाय निबन्ध में तो नहीं कर पा रहे है। निकटभविष्य में सुधी पाठकों के ज्ञानर्थ अवश्यमेव प्रस्तुत करेंगे। यहां हमारा विवेच्य केवल पितृपक्ष या महालय है।

पृथ्वी चन्द्रोदय में वृद्धमनु का कथन है:-

'आषाढ़ीमवधिं कृत्वा पंचम:पक्षमाश्रिता:।
काक्षन्ति पितर:क्लिटा अन्नघ्न्वहं जलम्।।
आदौ मध्यऽवसाने वा यत्र कन्यां व्रतेद्रवि:।
स पक्ष: सकल: श्रेष्ठ: श्राद्ध-षोडशंक प्रति।।

अर्थात् आषाढ़ी पूर्णिमा से प्रारम्भ करने पर गणना में जो पांचवा पितृपक्ष या महालय आता है। उसमें पितर लोग क्लिष्टभाव से कामना करते है कि इस पक्ष में हमें हमारी संतति द्वारा प्रतिदिन प्रदान प्रदान किया गया अन्न (श्राद्धान्न)और जल(तर्पण) प्राप्त होगा। इस पक्ष के आदि-मध्य अथवा अन्त में यदि सूर्यकन्या राशि में स्थित हो तो षोडश श्राद्ध के लिए अतिशय पुण्यदायी होता है।

हेमाद्रि के अनुसार- (नागरखण्ड)

आषाढ्या: पंचमे पक्षे कन्यासंस्थे दिवाकरे।
यो वै श्राद्धं नर: कुर्यदेकस्मिन्नपि वासरे।।
तस्य संवत्सरं यावत्संतृप्ता: पितरो ध्रुवम्।।

आषाढ़ी पूर्णिमा से पांचवे पक्ष में कन्या राशिस्थ सूर्य में जो मनुष्य केवल एक ही दिन श्राद्ध कर लेता है। उससे एक वर्ष पर्यन्त पितरगण निश्चय ही संतृप्त रहते है। जहां एक ओर महालय पूर्व में श्राद्ध करने का अनन्तगुणा फल शास्त्रों में बताया गया है वहीं दूसरी ओर यदि कृतघ्न कुटुम्बियों, पुत्र-पौत्रादि द्वारा ऐसे सुअवसर पर पितारों के निमित्त तर्पण, पिण्डदान, हवन, ब्राह्मण भोजनादि नहीं कराया जाता तो, उनसे पितरगण कुपित होकर नैराश्यपूर्ण दीर्घ नि:श्वास लेकर गृहस्थ को दारूणशाप देकर पितृलोक में वापस चले जाते है। जैसा कि मर्हिषि काष्णजिनी ने कहा है-

वृश्चिके समनुपाप्ते पितरो देवतै:सह।
नि:यवस्य प्रतिगच्छन्ति शाप दत्वा सुदारूणम्।।

आदित्व पुराण का वचन है जो गृहस्थ पितरों के निमित्त-श्राद्धादि नहीं करता, वह अवश्यमेव मूढ़चेता (मूर्ख) है और जो मनुष्य मन में यह मानकर कि कहीं कोई पितर नही है, अत: श्राद्ध नहीं करता है, तो वे लोग उसके रक्त को पीते है अर्थात् अनेकानेक विघ्न बाधाएं उत्पन्न कर देते है। यथा-

श्राद्धं पितृभ्यो न ददाति..................।
........................तमाहु मूढ़चेतसम्।
न सन्ति पितरश्चेति कृत्वा मनसि यो नर:।
श्राद्ध न कुरूते तत्रं तस्य रक्तं पिवन्ति ते।।

इस बात की पुष्टि करता हुआ अन्य प्रमाण उद्‌घृत है:-

सूर्ये कन्यागते श्राद्धं न कुर्याद गृहाश्रमी।
धनपुत्रा: कुतस्यस्य पितृनि:श्वासपीडनात्।।

अर्थात् कन्याराशि में सूर्य के स्थित होने पर जो गृहस्थ श्राद्ध कर्म नहीं करता है। पितरगणों की निराश होकर दीर्घ नि:श्वास की पीड़ा से उसके धन-पुत्रादि कहां?

वसु, रूद्र एवं आदित्य ये तीनों श्राद्ध के अधिष्ठात् देवता है तथा मनुष्य के तीन पूर्वजों क्रमश: पिता-पितामह-प्रतिनिधि है। अस्तु, महालयपक्ष में श्राद्धादि करके ऐहिक और पारलौकि सुख-समृद्धि प्राप्त करें।

यज्ञ्ज्ञपल्क्य १।२६८, अग्निपुराण २६३।४०५१, मनुस्मृति ३।२८४

श्राद्ध ग्रहण में पितरों का स्वरूप

ज्ञानसन्दर्भों में पौन: पौन्येन यह प्रमाण तो सर्वत्र प्राप्त है। कि पितरों के निमित्त श्रद्धा सहित शास्त्रीय परम्परानुसार श्राद्धकर्म सम्पादित किया जाए किन्तु भौतिक चाकचक्य से लिप्त आज का तथाकथित तर्क प्रवीण बुद्धिवादी समाज इतने कह देने मात्र से इस तथ्य को कथमपि स्वीकार नहीं करेगा। उसे तो तर्क की कसौटी पर खरा उतरने वाला प्रत्युतर चहिए। वह प्रशन करता है अपने सनातन धर्म के आचार्यो उपदेशकों तथा कर्मकाण्ड पर आस्था रखने वालों, किवां पुरोहितों से। पल्लवग्राही विद्वज्जन मौन साध लेते है और परिणाम यह होता है कि पृच्छक या तो हमारे सत्य सनातक वैदिक धर्म की हंसी उडाता है या निराश होकर सनातन-परंपरा से विच्युत हो जाता है। आज परमावश्यकता है अल्पज्ञानियों से समुचित समाधान न मिलने पर सहर्ष अधिकारी-विशेषज्ञ विद्वानों की चरण-शरण ग्रहण करने की, शास्त्रों की शरण ग्रहण करने की।यथेच्छ प्रशन का सम्यक् प्रत्युत्तर प्राप्त हो सकेगा। हमारे धर्मशास्त्रों में ऋतम्भराप्रज्ञासम्पन्न ऋषियों-मुनियों ने इन प्रश्नों का विज्ञानसम्मत समाधान प्रस्तुत किया है।

बैधायन धर्मसूत्र १।८।१४ के अनुसार

वयंसा पिण्ड दद्यात्। वयसां हि पितर: प्रतिमया चरन्तीति विज्ञायते।

अर्थात् काल पक्षियों (कौआ) के लिए पिण्ड देना चाहिए। पितर लोग काक के रूप में विचरण करते है। अतएव आज भी पितरों का स्वरूप मानकर इन्हें बिना उड़ाए-भगाए पितृपक्ष के श्राद्धान्नादि दिया जाता है।श्राद्ध की सम्पन्नता पर काकबलि देने का शास्त्रीय विधान है। इसमें किसी भी प्रकार का अन्धविश्वास अन्धानुकरण या दकियानुसीपन नहीं है। इसी तथ्य को औशनसस्मृति और देवल (श्राद्ध कल्पतरूकार) ने अभिव्यक्त किया है।

अब हम श्राद्ध के निमंन्त्रित ब्राह्मणों द्वारा भोजन-वस्त्रादि को संतृप्त होते समय पितरों के स्वरूप पर विचार करते है। *यथा वायुपुराणे ७५।१३-१५*

श्राद्धकाले तु सततं वायुभूता: पितामहा:।
आविशन्ति द्विजान् दृष्ट्वा तस्मादतद ब्रवीमिते।।१३।।
वस्त्रैरन्नै: प्रदानैस्तैर्भक्ष्य पेयैस्तथैव च।
गेभिरश्वैस्तथा ग्रामै: पूजयित्वा द्विजोत्तमान्।।१४।।
भवन्ति विपतर: प्रीता: पृजितेपु द्विजातिपु।
तस्मादन्नेन विधिवत् पूजयेद द्विजसत्तमान्।।१५।।

अर्थात् श्राद्धकाल में पितर लोग निमन्त्रित ब्राह्मणों में वायुरूप से प्रविष्ट हो जाते है और जब योग्य ब्राह्मण वस्त्रों, अन्नों, भक्ष्यों, पेयों, गायों, अश्वों, ग्रामों आदि से सम्पृजित हो जाते है, तो वे प्रसन्न हो जाते है।

इसी प्रकार दूसरा स्मार्त-प्रमाण भी दृष्टव्य है- औशनसस्मृति से

ब्रह्मणंस्ते समायान्ति पितरों ह्यन्तरिक्षगा:।
वयुभूताश्च तिष्ठन्ति भुक्तत्वा यान्ति परां गतिम्।।

अर्थात् अन्तरिक्ष में (पितरलोक में) विचरण करने वाले ये पितरगण वायु रूप में रहते है।(और श्राद्ध के समय) ब्राह्मणों के शरीर में वायुरूप में स्थित होकर श्राद्धान्न का भोजन कर परमगति को प्राप्त करते है। इन प्रमाणों के माध्यम से यह तो जान लिया कि पितृगण श्राद्ध को वायु रूप होकर ब्राह्मणों के शरीर में प्रविष्ट होकर ग्रहण करते है, किन्तु यह सहज जिज्ञासा होती है कि श्राद्धकर्म में प्रयुक्त वैदिक मंत्र का क्या कार्य करते है और उनसे अभिमंत्रित श्राद्धान्न किस प्रकार तत्तद् पितरों को पहुंचता है? इस प्रशन का अकाट्य उत्तर दृष्टान्त रूप में *मत्स्य पुराण १४१।७६* में सम्प्राद है-

यथा गोषु प्रश्नष्टासु वत्सो विन्दति मातरम्।
तथा श्राद्धेषु दृष्टान्तो (दत्तान्न) मंत्र प्रापये तु तम।।

अर्थात् जिस प्रकार गायों के मर जाने पर बछड़ा उनमें से अपनी माता को पहचान ही लेता है। ठीक उसी प्रकार बहुविध श्राद्धों में से पितरों के निमित्त प्रदान किए गए उस श्राद्धान्न को (पितरों तक) मंत्र पहुंचाता है। यह है कि भगवती श्रुति की ऋचाओं का अपौरूषेयत्व सुरगवी संस्कृत का दिव्यभाषा विज्ञान और कर्मकाण्ड का अतर्क्य स्वरूप।

श्राद्ध का पारमार्थिक लाभ

श्राद्ध एक वेद-विज्ञान सम्मत पारमार्थिक कृत्य है जिसके सविधि सम्पादन से श्राद्धकर्ता तथा पितर, दोनों को अभ्युदय एवं नि:श्रेयस् की प्राप्ति होती है। इस परकर्म, पुर्नजन्म तथा कर्मविपाक के सिद्धात को मानने वाले प्रत्येक सनातनधर्मी का अटल विश्वास है। धर्मशास्त्रकारों के वर्णचतुष्टय के लिए श्राद्ध को अनिवार्य कृत्य कहकर उनके अनंत लाभों की वर्णना सर्वत्र की है। यदि उन सबका उल्लेख किया जाए, तो यह लेख स्वतन्त्रग्रथ का स्वरूप ग्रहण कर लेगा, अत: अल्पक्षेमकर: सिद्धात से सास्संक्षेप यह है कि-श्राद्ध को द्रव्यशुद्धि किया शुद्धि और स्थानशुद्धि पूर्वक करने से मनुष्य, ब्रह्मण, इन्द्र, रूद्र, नासत्य(अश्विनी कुमार), सूर्य, अग्नि, वायु, विश्वदेव के पितृगण, मनुष्यगण, पशुगण, समस्तभूतगण तथा सर्पगण को भी संतुष्ट करता हुआ संपूर्ण जगत् को संतुष्ट करके पुत्र-पौत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य, यश, पुष्टि, श्री, बल, पशु, सौख्य, तथा अतुल धन-धन्य को प्राप्त करता है।

ग्रहण विवेचन

26 दिसम्बर 2019 ई. ककंण सूर्यग्रहण

सूर्य चन्द्रमा ग्रहण और राहु क्या वस्तु है? इससे हमारा क्या सम्बन्ध है?
ग्रहण में दान जपादि का विशेष महात्म्य और भोजनादि निषेध क्यो है?
कुरूक्षेत्र सूर्यग्रहण का विशेष महत्व क्यों माना गया?

सम्पादकीय

आकाशीय चमत्कारों में सूर्य-चन्द्रग्रहण का सर्वाधक महत्व है। इस चमत्कार को देखने के लिए सभी लोग विशेष रूप से उत्सुक रहते है। यूरोप अमेरिका आदि के कई लोग खगोल विद्वान तो प्रतिवर्ष जहां-जहां खग्रास व कंकण-सूर्यग्रहण होता है वहां उसी प्रदेश या महासागर में बडे-बडे दूरवीक्षण यन्त्र एवं वेधोपयोगी अन्यानय यन्त्र समग्री लेकर पहुचते और अन्वेषण के लिए ग्रहण का अध्ययन करते है। ऐसा ही एक बडा कंकण सूर्य ग्रहण इस संवत् में दिनांक 26 दिसम्बर 2019 को भारत में दृष्य होगा।

धर्म मंत्र एवं ज्योतिष शास्त्र में भी ग्रहण काल की अनेक विशेषताए लिखी गई है। जब प्राचीन पाश्चातय लोग ग्रहण को भगवान् का प्रकोप मानकर भय से घबरा जाते थे, उस समय भारतीय लोग ईश्वरीय संकेत से ग्रहण को महाशुभ पर्वकाल मान कर जप-तप आदि अनुष्ठानो का आयोजन करते थे।

अब हम श्री विश्वविजय पंचाग के विज्ञ पाठकों को सूर्य चन्द्र ग्रहण के सम्बन्ध में कुछ ज्ञात्वय महत्वपूर्ण बाते बतलाएगे-

सूर्य- हमारे इस सौर जगत में सबसे प्रधान पिण्ड सूर्य है। इसी सूर्य द्वारा पृथ्वी, चन्द्र एवं अन्य ग्रहो उपग्रहों जो स्वयं प्रकाशमान नहीं है, प्रकाश और उक्ष्णता मिलती है सूर्य सिद्धात में लिखा है-

तेजसां गोलक सूर्यो ग्रहक्षण्यिम्बुगोलका:।
प्रभावन्तो हि दृश्यन्ते सूर्यरश्मि प्रदीपिता:।।

सूर्य ही से सम्पूर्ण सृष्टि के अखिल व्यापार निष्पन्न होते है हमारा इस से घनिष्ट सम्बन्ध है। सूर्य प्रचंड ऊर्जा का एक जाज्ज्वल्यमान् महान् गोल है। सूर्य का आयतन भी इतना बडा है कि सब के सब ग्रहो उपग्रहों को एकत्रित करने से जो पिण्ड बनाया जाए तो सूर्य उससे भी कई सौ गुणा अधिक बडा होगा। अर्वाचीन ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को स्थिर माना है परन्तु हमें यह समझना है सूर्य की स्थिरता वास्तविक स्थिरता नहीं है, किन्तु आपेक्षिक है। हमारे सौर जगत् के अर्न्तगत जो ग्रह उपग्रह है उनकी उपेक्षा तो सूर्य अचल है किन्तु अन्यान्य सौर समुदाय की अपेक्षा- जो हमको नक्षत्रो में दिखते है, सूर्य अचल नहीं है। इसी सर्वव्यावी अनवच्छिन्न नियम के वंशीभूत हमारे सूर्यदेव अपने परिवार व ग्रह माला का अपने साथ लिए हुए अतीव सूक्ष्म गति से किसी अन्य महासूर्य (आकाश गंगा का केन्द्र)की परिक्रमा कर रहें है। यह महासूर्य भी किसी अन्य अति महासूर्य की परिक्रमा करते है। यह एक सूर्य अपने से बडे महासूर्य (आकाश गंगा एवं आकाशगंगाओं के समूह)(Galaxies, cluster of galaxies, super galactic clusters) की परिक्रमा का चक्र निरन्तर चलता है। उसका आयतन एवं तेज और उसकी अन्नंत शक्ति का पता लगाना और इस चक्र को पूर्णत समझना मनुष्य के सामर्थ से पूर्णत बाहर है। मानव बुद्धि उसके महत्व के आगे पराजित हो जाती है। आचार्य केतकर ने ज्योर्तिगणित में ठीक लिखा है:-

क्वानन्तकोट्यो ग्रहमालिकानां
क्वचैकमालागणितं मदीयम्।
छृष्ट्वा तथा तुष्यतु विश्वनाथ:

सूर्यग्रहण

चन्द्रगहण तो जब चन्द्रमा भूछाया में प्रवेश करता है तब लगता है। उस समय भूपृष्ठके किसी भी स्थान से निरीक्षण किया जाये तो स्पर्शमोक्षादि काल अथवा

ग्रासमान में भेद दिखाई नहीं देता, किन्तु सूर्यग्रहण में यह बात नहीं है। सूर्यको जो ग्रहण लगता है उसमें भूछाया कारण नहीं है। सूर्य स्वयं प्रकाशमान पिण्ड है वह छाया व अन्धकार में छिप नहीं सकता। अमावस्या को जब सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी तीनों एक सूत्र में होते है (चन्द्रमा पृथ्वी और पृथ्वी और सूर्य के बीच में होता है) उस ज बिम्ब घटना पलट के सदृश्य सूर्य की किरणों का अवरोध करता है, जिसमें भूपृष्ठ पर चन्द्रमा की छाया पडता है। भूपृष्ठ के जितने भाग पर यह छाया पड़ती है उसमें जो स्थान आ जाते है वही से सूर्यग्रहण दिखाई देता है और जो स्थान उस छाया से बाहर रह जाते है वहां से ग्रहण दिखाई नहीं देता। सूर्यसिद्धान्त में लिखा है:-

समय चन्द्रमा का अपारदर्शक और निस्तेज बिम्ब घटना पलट के सदृश्य सूर्य की किरणों का अवरोध करता है, जिसमें भूपृष्ठ पर चन्द्रमा की छाया पडता है। भूपृष्ठ के जितने भाग पर यह छाया पड़ती है उसमें जो स्थान आ जाते है वही से सूर्यग्रहण दिखाई देता है और जो स्थान उस छाया से बाहर रह जाते है वहां से ग्रहण दिखाई नहीं देता। सूर्यसिद्धान्त में लिखा है:-

छादको भास्करस्येन्दुरधास्थो घनवभ्दवेत्
भूच्छाया प्राड् मुखश्चन्दो विशत्यस्य भवेदसौ।।

अर्थात् सूर्यमण्डल के नीचे भ्रमण करता हुआ चन्द्रमा बादल की भांति सूर्य बिम्बको आच्छादित करता है, जिससे सूर्यग्रहण दिखाई देता है। और पश्चिम से पूर्व को गमन करता हुआ चन्द्रमा भूछाया में प्रवेश करता है जिससे चन्द्रग्रहण दिखाई देता है।

सिद्धान्त शिरोमणि में भास्कराचार्य ने भी लिखा :-

पश्चाभ्दागाज्जलदवदधः संस्थितोभ्येत्य चन्द्रो-
भानोर्बिम्ब स्फुरदसितया छायादयत्यात्ममूर्त्या।।

क्रान्तिवृत्त और चन्द्रकक्षावृत्त की भिन्न-भिन्न परिस्थिति के अनुसार चन्द्र और सूर्य बिम्बों मे भी कुछ न्यूनाधिक्यता होती रहती है। नीच स्थान से बिम्ब बड़ा दिखता है और उच्च स्थान से छोटा अतएव चन्द्र-सूर्यग्रहण की उपयुक्त मर्यादा में ही कुछ अन्तर होता रहता है। युति काल में यदि चन्द्र चन्द्रशत, चन्द्र और सूर्य के बिम्ब मानैक्यखण्ड से न्यून हो किन्तु मानान्तर खण्ड से अधिक हो तो उस समय सूर्य का खण्डग्रास ग्रहण होता है। यदि यदि चन्द्रबिम्ब सूर्यबिम्ब के बारबर अथवा उससे कुछ अधिक हो और चन्द्रशर मानान्तरखण्ड के बराबर वा उससे कुछ न्यून हो तो उस युतिकाल में सूर्यका पूर्णग्रास (खग्रास) ग्रहण होता है। चन्द्रबिम्ब की त्रिज्या का महत्तम मान 1006 विकला है। इनका अन्तर 60 विकला सिद्ध हुआ अतएव सूर्य ग्रहण के पूर्णग्रास (खग्रास) की परमावधि दशपल सिद्ध होती है। युतिकाल में सूर्यबिम्ब से जब चन्द्रबिम्ब छोटा हो और चन्द्रदशरका मान मानान्तरखण्ड के बराबर या कुछ न्यून हो तो उस समय चन्द्रबिम्ब सूर्यबिम्बको पूर्णतः आच्छादित नहीं कर सकता। ऐसी स्थिति में सूर्यबिम्बका प्रकाशमान कुछ अंश कृष्णावर्ण वाले चन्द्रबिम्ब के चारो ओर (वृत्ताकार रूप में) दिखाई देता है। इस अकाशीय अवस्था को सूर्य का कंकण ग्रहण कहते है। यह स्थिति 15 पल से अधिक रह नहीं रह सकती। ऐसा कंकण सूर्यग्रहण विक्रम संवत् 2076 को 26 दिसम्बर भारत में दृष्य होगा।

के चारो ओर (वृत्ताकार रूप में) दिखाई देता है। इस अकाशीय अवस्था को सूर्य का कंकण ग्रहण कहते है। यह स्थिति 15 पल से अधिक रह नहीं रह सकती। ऐसा कंकण सूर्यग्रहण विक्रम संवत् 2076 को 26 दिसम्बर भारत में दृष्य होगा।

सूर्य - चन्द्रमा के ग्रहण काल में धर्म सम्मत् आचरण

ग्रहण स्पर्शकाल स्नांन मध्ये होमः श्राद्धं च मुच्यमाने दानं मुर्क्ते स्नानमिति क्रमः।

ग्रहण स्पर्श के समय स्नान, मध्य में हवन, यज्ञादि और इष्ट-देव पूजन, मोक्ष के समय में श्राद्ध और दान और मृक्त होने पर स्नान करें यह क्रम

है।

न सूतकादिदोषोऽत्र दानहोम जपादिषु। ग्रस्ते स्नायादुदक्याऽपि तीर्थायुद्धवारिणा।
(सेवा सूर्योदय) ग्रहणकाल में दान, जप, होम आदि धार्मिक कृत्यों में सूतक का दोष व्याप्त नहीं होता है। ऋतुमती स्त्री भी ग्रहण काल में तीर्थ स्थान से लाए गए जल से स्नान करें। यदि तीर्थ स्थान का जल उपलब्ध न हो तो किसी पात्र में जल भरकर उसमें तीर्थो का आवाहन् करने के उपरान्त, शिर, बाल, तथाा समस्त देह को प्रक्षालित करते हुए स्नान करे किन्तु स्नानोपरान्त बालों को निचोड़े नहीं।

अत्र श्राद्ध माह ऋष्यश्रृग्ड- चन्द सूर्यग्रहे यस्तु श्राद्ध विविवदाचरेत्। तैनैव सकला पृथ्वी दत्ता विप्रस्य वै करे।।
ऋष्यश्रृग्ड ऋषि का कथन है कि जो मनुष्य चन्द्र-सूर्य ग्रहण में श्राद्ध को करता है, उसने ब्राह्मणों को मानो सम्पूर्ण भूमि दाने में दे दी है।

विष्णु:- राहुदर्शनदत्तं हि श्राद्धचन्द्रतारकम्। ईद चामात्रेन हेम्ना वा कार्य, नत्वनेन।
विष्णु का वचन है कि ग्रहण मे दिया हुआ दान व श्राद्ध तब तक स्वर्ग में रहता है जब तक सूर्य, चन्द्र और तारे रहेंगे। यह बिना पकाये अन्न या सवर्ण से करे। पकाये हुए अन्न से नहीं करें।

आपद्यनग्नौ तीर्थे च चन्द्रसूर्यग्रहे तथा। आमश्राद्ध प्रकुर्वीत हेमश्राद्ध मथापिवा। इति शतातपोक्तेरिति हेमादिमाधवादय:।
शतातप का कथन है:- आपत्तिकाल में अग्नि के अभाव में तीर्थ एवं चन्द्र-सूर्य के ग्रहण के समय आमात्र (बिना पकाये अन्न) से या सुवर्ण से श्राद्ध करे। यह हेमाद्रि तथा माधवादि का मत है।

सूतके मृतके भुड्क्ते गृहीते शशिभास्करे। छायायां हस्तिनश्चैव न भूय: पुरूषो भवेत।।
सूतक में, मरण में, सूर्य-चन्द्र ग्रहण तथा गजच्छाया में जो भोजन करता है वह फिर पुरूष नहीं होता है।

सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहु दर्शने। सचैलं तु भवेत्स्नांन शृतमंत्र विवर्जयेत। (हारीत स्मृति)
जननाशौच, मरणाशौच के समय तथा सूर्य-चन्द्र ग्रहण के काल में एवं गजच्क्छाया की वेला में जो भोजन करता है वह दुबारा पुरूष योनि को प्राप्त नहीं कर सकता। ग्रहण मोक्ष के समय सचैल (वस्त्रों सहित) स्नान करे।

चतुर्वर्गचिन्तामणौ- छेहा न पत्र तृणदारूपुष्प कार्य न केशाम्बर पीडनं च। दन्ता न शोध्या: परूष न वाच्य भोज्यं च वज्ये मदनो न सेव्य:। वाह्यं न वाजिद्विरदादि किंचिदोह्यो न गोजामहिषीसमृह: यात्रां न कुर्याच्छयनं च तद्वद्ग्रहे निशाभर्तुरहर्पतेश्र।।
चन्द्रमां एवं सूर्य के ग्रहण काल में वस्त्र न फाडे, (अर्थात् कैंची का प्रयोग न करे) तिनके
घास, लकड़ी व फूलों को भी न तोड़े। बालों व कपडों को न निचोडे, दातुन आदि न करे, कठोर शब्द न कहे, भोजन न करे, स्त्री प्रसंग न करे, घोडा, हाथी आदि की सवारी न करे, गाय, भैस, बकरी आदि का दोहन न करे तथा यात्रा व शयन न करे।

कुरूक्षेत्र सूर्यग्रहण का विशेष महात्म्य

जयसिहंकल्पपद्रम, पुरूपार्थचिन्तामणि, निर्णयसिन्धु आदि के धर्मशास्त्र निबन्धग्रन्थों अनुसार पंजाब के तीथों में सन्निहित सरस्वती और कुरूक्षेत्र में स्नान का विशेष महात्म्य है। सन्निहित थानेसर (कुरूक्षेत्र) के पास एक सर है। वामनपुराण अध्याय 83 के 35,36 वे श्लोकका यह भावार्थ है कि जो कि- कुरूक्षेत्रका सन्निहित सर ठीक उसी स्थान पर है जहां भगवान ने पहले ब्रह्माण्ड के अण्ड से सूर्यको उत्पन्न किया था। नारदपुराण उत्तरखण्ड अध्याय 68 के 13 वें श्लोक में लिखा है कि- ब्रह्माने सन्निहित सर बनाकर सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा से वहां तपस्या की।सृष्टि की रक्षा की कामना से विष्णु ने वहां तप किया और उसी पवित्र सरोवर में महादेव जी स्नान कर स्थाण नाम से प्रसिद्ध हुए। इन प्रमाणों से मानवसृष्टि और सूर्य की उत्पत्ति का सन्निहित सर से सम्बन्ध बतलाया गया है।

'सरस्ती' थानेसर के पास बहनेवाली एक महानदी का नाम है। ऋग्वेद 8।3।6, यजु. 34।11 में इसके महात्म्यका वर्णन है। ऋग्वेद 7।9।5।2 के

अनुसार यह समुद्र तक जाती थी। परन्तु शतपत्रब्राह्मण 1।3।3।1 से ज्ञात होता है कि ब्राह्मण काल में हिमालय में होने वाले एक आग्नेय उपद्रव से सूखकर अन्त:लिला हो गई। 'आर्यो का मूलस्थान' नामक पुस्तक में श्रीयुत पावगी ने वेदमंत्रों, पश्चिमीय विद्वानों की दी हुई युंक्तियों और विज्ञान द्वारा बडी योग्यता से सिद्ध किया है कि कुरूक्षेत्र में वहनेवाली सरस्वती नदी के तट पर ही पहले-पहल मनुष्य की उत्पत्ति हुई, इस सम्बन्ध से कुरूक्षेत्र संसार भर के लोगो की आदि मातृभूमि होने से न केवल भारतवासी हिन्दुओं की ही अपितु मनुष्य मात्र के लिए श्रद्धा पूर्वक यात्रा का सीान है।

काल में हिमालय में होने वाले एक आग्नेय उपद्रव से सूखकर अन्त:लिला हो गई। 'आर्यो का मूलस्थान' नामक पुस्तक में श्रीयुत पावगी ने वेदमंत्रों, पश्चिमीय विद्वानों की दी हुई युंक्तियों और विज्ञान द्वारा बडी योग्यता से सिद्ध किया है कि कुरूक्षेत्र में वहनेवाली सरस्वती नदी के तट पर ही पहले-पहल मनुष्य की उत्पत्ति हुई, इस सम्बन्ध से कुरूक्षेत्र संसार भर के लोगो की आदि मातृभूमि होने से न केवल भारतवासी हिन्दुओं की ही अपितु मनुष्य मात्र के लिए श्रद्धा पूर्वक यात्रा का सीान है।

'कुरूक्षे' यह एक अतिप्राचीन सरोवर है। ऋग्वेद 9।11।3।1 मंत्र में 'शर्यणवति' यह एक पद आया है और ऋग्वेद के संख्यान ब्राह्मण में लिखा हैं कि 'शार्यणववत्' यह कुरूक्षेत्र का तालाब है। श्रीयुत वसुका अनुमान है कि ऋग्वेद का 'शर्यवत्' ही थानेसर के पास का कुरूक्षेत्र नाम का सरोवर है। वामनपुराण 41।13 के अनुसार इसी सरोवर पर कुरूने तपस्या करके विष्णु भगवान् से यह वर प्राप्त किया था कि 'मैंने जहां तक भूमि जोति है, वह सारा प्रान्त पुण्यक्षेत्र बन जाये।' भगवान् उसका तप और साहस देख कर यह बात मान गए। यजुर्वेद के शतपथ ब्राह्मण 14।1।1।2 के अनुसार यह वही पवित्र भूमि है जहां देवताओं ने भी यज्ञ किये थे और सामवेद के ताण्ड्य ब्राह्मण 25।13।3 में तो इसे प्रजापति की वेदी भी लिखा है।

सूर्य के साथ सन्निहित, सरस्वती और कुरूक्षेत्र का विशेष वैज्ञानिक सम्बन्ध है।, अन्त ग्रहण के समय वहां जाने वालों की सूर्यरूप आत्मा एवं चन्द्ररूप मन पर उसे देश तथा काल का कोई विशेष प्रभाव पड़ता है। इसीलिए हमारे अतीन्द्रिय ज्ञानी त्रिकालदर्शी महर्षियों ने सूर्यग्रहण में कुरूक्षेत्र स्नान का विशेष महात्म्य बतलाया है। श्रीमभ्दागवत से ज्ञात होता है कि एक बार सूर्यग्रहण के पर्व पर भगवान् श्रीकृष्ण जी भी द्वारिका से अपने साथियों के साथ कुरूक्षेत्र में सूर्यग्रहण स्नान के महत्व का प्रस्ताव यदुवंशियों की सभा में यों किया-

बड़ो पर्व रवि-गहन, कहा कहौं तासु बढ़ाई।
चलौ सवै कुरूक्षेत्र, तहां मिलि न्हैये जाई।।

चिरविरहिनी जगज्जननी श्री राधाका अपने प्रियतम भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र से प्रथम बार कुरूक्षेत्र में ही पुनर्मिलन हुआ था। वे अपनी प्रियसखी ललिता से निम्न हृदयोद्गार प्रकट करती है-

प्रिय: सोऽयं कृष्ण: सहचरि। कुरूक्षेत्र मिलित
स्तथाहं सा राधा तदिदमुभयो: संगमसुखम्।
तथाप्यन्त: खेलन्मधुर-मुरली-पंचमजुषे
मनो मे कालिन्दी पुलिन विपनाय स्पृहयति।।

उक्त: सभी प्रमाणों से कुरूक्षेत्र में सूर्यग्रहण स्नानका वैज्ञानिक महत्व भलीभांति सिद्ध हो रहा है।

ग्रहण से हमारा क्या सम्बन्ध है?

अब यह बात तो पाश्चात्य विज्ञान से भी सिद्ध हो चुकी है कि इस सौर जगत् में जितने ग्रह, उपग्रह, तारे आदि है उनका परस्पर आकर्षण विकर्षण का सम्बन्ध है। वे सब एक दूसरे से कुछ लेते देते रहते है। पृथ्वी में जितनी वस्तुएं हैं वे सब वे सब एक दूसरे से कुछ लेते देते रहते है। पृथ्वी में जितनी वस्तुएं हैं वे सब चन्द्रज्योति प्रधान एवं सूर्यज्योति प्रधान है। जिनमें चन्द्रगज्योति की प्रधानता है वे सब वृक्ष, वन, स्पति, लता, औषधि, पशु, पक्षी, मनुष्य, स्त्री जाति के है और जिनमें सूर्यज्योतिकी प्रधानता है, वे सब पुरूष जाति के होते है। इन सब के साथ

सूर्य और चन्द्रमा का सम्बन्ध है। मन चन्द्रमा और
बुद्धि सूर्य है। श्रृतिने भी इसका समर्थन किया है-'चन्द्रमा मनसो जात' तथा 'धियो योन: प्रचोदयात्' इसलिये सूर्य और चन्द्रमा से कोई विकार हो अथवा उनके द्वारा होने वाले आकर्षण विकर्षण में यदि कोई व्यवधान पड़ जाए तो भूमण्डल में समग्र पदार्थो और प्रणियों पर उसका प्रभाव पड़ना स्वभाविक ही है। इसी कारण अन्य पूर्णिमा अमावस्या की अपेक्षा यह (ग्रहण की पूर्णिमा अमावस्या) बहुत अनिष्ट हुआ करती है। सूर्यग्रहण में बुद्धि और सूर्य के बीच में व्यवधान आ जाने के कारण चन्द्रग्रहण मे चन्द्रमा और मन के बीच में सम्बन्ध-विच्छेद हो जाने के कारण मन एवं बुद्धि विक्षिप्त हो उठते है। उस समय यदि उन्हें किसी विशेष शक्तिका आश्रय न मिले तो वे बहुत से प्रमाद के कर्म कर सकते है। उन्हें भगवन्नाम की, मंत्र की शक्ति का आश्रय देकर अनेको प्रकार के उत्पात करने से बचा लिया जाता है। तीर्थ सेवन और स्ना से पवित्रताका भाव जागृत रक्खा जाता है। दान से संकीर्णता का भाव न आने देकर उदारता बनायी रक्खी जा सकती है। और जप ध्यान से प्रेम भाव का अनुभव किया जाना है। उस समय के जप ध्यान दानादि से भयानक प्रवृत्ति स्वयं ही निवृत्त हो जाती है। इसी कारण ग्रहण में जप ध्यान आदि का विशेष महात्म्य लिखा है।पाठकों ने देखा होगा कि प्रत्येक पूर्णमासी को समुद्र में बहुत बाढ़ आती है। इन्हीं तिथियों में रोग बढ़ जाते है। इत्यादि कई विचित्र बाते हुआ करती है। इस विवेचन से पाठकगण भलीभांति समझ गए होगे कि आकाशीय ग्रहों तथा ग्रहणों के साथ मनुष्य जीवन का कितना घनिष्ट सम्बन्ध है।

ग्रहण और ग्रहण के वेध में भोजनादि करना निषेध क्यों है?

ग्रहण के समय मन और बुद्धि कुछ चंचल रहते है, क्योंकि उन्हें शक्ति देने वाले चन्द्रमा और सूर्य उस समय ठीक-ठीक पूरी शक्ति नहीं देते। मन की अस्तव्यस्त अवस्था में अथवा विषण अवस्था में पाचनशक्ति ठीक-ठीक काम नहीं करती। साथ ही खानपान के जितने पदार्थ है उस सब पदार्थो पर भी ग्रहण का पर्याप्त प्रभाव पड़ता है। समस्त पदार्थो में दो प्रकार की शक्तियां रहती है- एक सूर्य की ओर दूसरी चन्द्रमा की और। किसी में एकाकी प्रधानता अधिक होती है तो किसी में दूसरे की। चन्द्रमा औषधियों का रस प्रदान करता है और सूर्य उनमें ज्ञान शक्ति एवं प्राण-शक्ति भरता है। रसदार फलों में चन्द्रमा की प्रधानता अधिक और सूर्य की प्रधानता कम होती है। जैसे अंगूर में जब तक चन्द्रमा का प्रधान्य होगा, तब तक वह रसदार अंगूर के रूप में रहेगा और ज्यों ही उसमें सूर्य का प्रधान्य अधिक होगा त्यों ही धीरे-धीरे वह अंगूर अपना रूप बदलकर किशमिश या मुनक्का के
रूप में आ जावेगा। उस समय रस में उसकी प्रधानता नहीं रहती ज्ञान और बल की प्रधानता रह जाती है। यदि ग्रहण के समय कोई भी पदार्थ खाया-पिया जाये तो प्रत्येक पदार्थ का चन्द्रमा और सूर्य के सम्बन्ध होने के कारण जो उनमें शक्ति आती थी वह नहीं आयेगी। और वे नाना प्रकार के विकार उत्पन्न कर देंगे, इसलिए ग्रहण और ग्रहण के वेध में भोजनादि करना निषेध किया गया है। इसके अतिरिक्त जप, तप,ध्यान पूजा, पाठ, साधन का जब समय होता है, तब पेट को हल्का रखना पड़ता है।पेट भारी हो जाने पर बहुत-सी नस-नाड़ियां खिच जाती है। रक्त की गति बढ़ जाती है और मन एकाग्रता से भजन में लगने नहीं देता। इस कारण भजन आदि की सुविधा की दृष्टि से भी ग्रहण के वेध में भोजन का निषेध है।

ग्रहण के समय घृत, दुग्ध, अन्न, फलादि पदार्थो में कुशा रक्खी जाती है। इसका कारण यह है कि कुशा में एक ऐसी अद्‌भुत विद्युच्छक्ति है कि उस पर अन्तरिक्ष सम्बन्धी कोई अनिष्ठ प्रभाव नहीं पड़ सकता। इसीलिए सब पदार्थो में पहले ही कुशा रख दी जाती है, ताकि ग्रहण के कारण उन पदार्थो मे कोई विकृति न आने पावे। कुशा में कई अद्‌भुत गुण है, इसके आसन पर बैठे हुए साधक पर बिजली का कोई प्रभाव नहीं होता, ज्ञानशक्ति बढ़ती है इसी कारण हमारे तत्वदर्शी महर्षियों ने कुशा के आशन को विशेष महत्व दिया और सन्ध्या, तर्पण, हवनादि प्रत्येक कार्य में कुशा का उपयोग किया है।

व्यापारिक भविष्य फल वर्ष 2019—20

(पौष कृष्ण एकादशी 2075 से चैत्र शुक्ल सप्तमी 2077 तक)

(प्रवीन कुमार जैन)

अप्रैल 2019

अप्रैल मास : 01 अप्रैल : चैत्र कृ द्वादशी की वृद्धि तथा शुक्ल पक्ष में एकादशी के क्षय से अन्न उत्पादन में कमी रहेगी। सूर्य रेवती में रात्रि 00:53 पर- रुई, चावल, चांदी, सरसों, अलसी, लाख, गेहूँ, जौ चना, अरहर, मूंग, उड़द, लहसुन, सज्जी, चपड़ा, मोती, रत्न अन्य अनाजो तथा पशुओं में तेजी आयेगी। जलीय वस्तुओं मोती, रत्न, फल, फूल, सुगन्धित पदार्थो, नमक की हानि होने से इन में भी तेजी चलेगी। 06 अप्रैल: चैत्र सुदि शनिवारी प्रतिपदा वर्ष में विग्रह- विवाद तथा लड़ाई झगड़े होगे। वर्षा में कमी आयेगी। धान्यों रसकस तथा भूसे आदि पशु आहारों की हानि होगी। मंगल रोहिणी में सांय 17:20 पर-रोगो का प्रकोप रहेगा। रुई, सूत, कपास, कपड़ा, शेयर मार्केट, गुड़, खांड़, शक्कर, रेशम, हींग, मिर्च, सरसों तथा तैलो में तेजी चलेगी। राई मिर्च, हीग, छुआरा, सरसों तैल, गुड़, खांड़ रेशम 21 दिनों में तेज होंगे। मुख्य रुप से कपड़ा सूत, कपास में तेजी आयेगी। वृक्षों की हानि होगी। वनो का कटान बढ़ेगा। लकड़ी की तस्करी को प्रश्रय मिलेगा। चौपायो को कष्ट होगा। 07 अप्रैल: शुक्र पू. भा. में - स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। सामान्य जन को कष्टो से राहत रहेगी। रुई में 10 से 15 टके की तेजी बनेगी। गेहूँ, जौ, चना आदि अन्नो में गिरावट रहेगी। अधिक वर्षा होगी। वर्षाकाल में उत्तम वर्षा का योग है। एक मत से सट्टेबाजो को हानि होगी। 10 अप्रैल: रोहिणी युत चैत्र सुदि पंचमी में यदि आकश में बादल छाये रहे तो मेघो का गर्भ परिपूर्ण होगा अनावृष्टि से दुर्भिक्ष होगा। और यदि वर्षा हुई तो चौमासे में विशेषकर श्रावण मास में वर्षा में कमी रहेगी। गुरु वक्री धनु राशि में मध्यान्ह 11:52 पर शेयरों में गिरावट आयेगी। मालवे की अफीम में पहले तेजी आकर बाद में मंदा आयेगा।। कुछ ही समय में सभी धान्यों में गिरावट आयेगी। गेहूँ चना, गुड़, नमक आदि में गिरावट रहेगी। चैत्र तथा बैशाख मास में इनका संग्रह करके मार्गशीर्ष मास में बेचने से लाभ मिलेगा।

12 अप्रैल: बुध मीन में रात्रि 04:24 पर- अपनी नीच राशि में बुध के गोचर में राजाध्यक्षो में परस्पर विग्रह का योग बन रहा है। सरकार से जन सामान्य का विश्वास उठता नजर आयेगा। उत्तम वर्षा होगी। पशु आहारो - घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। वन्य प्राणियो - हिरण, हाथी आदि को पीड़ा एवं कष्ट रहेगा। रुई, कपास, बिनोला में तेजी बनेगी। सोना, चांदी तेज होकर मंदे होगे। गेहूँ, चना, गुड़, शक्कर, घी, तैल, मूंगफली अरण्ड़ा, बिनोला तथा रुई में मंदा आयेगा। राज्य सरकारो, केन्द्र सरकार की नीतियो के कारण जनता का विरोध प्रखर होगा। भारवाहक साधनो की दुर्घटनाओ के योग है।

14 अप्रैल 2019 रविवार : सूर्य मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में मध्यान्ह 14:09 पर: चैत्र मास की 15 मुहूर्ति रविवारी मेष संक्राति में सभी धातुओं- सोना, चांदी, लोहा, तांबा, सभी धान्यो - गेहूँ, चना आदि अनाजो, रसकसो, फलो, वस्त्रो, अलसी, अरण्ड़ा, तिल, तैल, मेथी, लाल चन्दन, इलायची, लौंग, सुपारी, नारियल, कपूर, हींग, हिंगुल, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्ड़ा, ईख, घी, तिल, तैल, फलो आदि सभी वस्तुओ में तेजी बनेगी। रुई, कपास में पहले मंदा आकर बाद में तेजी आयेगी। मेष का सूर्य छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा। 13 दिनो के अन्दर सोना, चांदी, अलसी, अरण्ड़ा, तिल, मेथी, अनाज, सभी प्रकार के अनाज, सोना, चांदी, रसकस, लोहा, तांबा, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, शिंगरफ, कपूर, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्ड़ा तथा ऊनी वस्त्रो में तेजी

बनेगी। रुई में मंदी आकर तेजी बनेगी। संक्राति सूती होने से महगांई पर नियन्त्रण के प्रयास होंगे। **'यदाभानु: स्थितोमेषेफलानितुलीभादिकम्। इक्ष्वादितिलतैलादितदाचैवमहर्घता ।।**"शकुन शास्त्र के अनुसार आज की वर्षा आगे चलकर वर्षा में कमी करेगी तथा अन्नो में तेजी लायेगी। सभी वस्तुऐं मंहगी होगी।

15 अप्रैल 2019: बुध उ.भाद्रपद में प्रात: 07:31 पर-राजाओं में परस्पर विग्रह विवाद होगे। पशु पक्षियों में रोगो का प्रकोप समाप्त होगा। राज्यो में परस्पर विग्रह बढ़ेगा। चांदी में घटबढ़ चलेगी। खाद्यान्नो के भावों में अधिक फेरबदल नही होने से गुड़, खांड़, रुई, धान्य एवं चावलो के भावो में समता रहेगी।

16 अप्रैल 2019: शुक्र मीन में : खाद्यान्नो की उपलब्धता में कमी होगी। मंहगाई बढ़ेगी फिर भी जनसामान्य असाधारण रुप से शांत रहेगा। सभी प्रकार के धान्यो, तैल, तिलहन, अलसी, अरण्ड़ी, गुड़, खांड़ में गिरावट आयेगी। घी, रुई एवं चादी में तेजी बनेगी। अन्य मत से सुभिक्ष रहेगा। जनसामान्य में सुख शांति रहेगी। धान्यो में मंदा रहेगा। रुई 25 दिनो में तेज होगी। धान में मंदा आयेगा।

18 अप्रैल 2019: शुक्र उ. भा.में रात्रि 19:12 पर – स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। सामान्य जन को राहत रहेगी। मूल पदार्थो में तेजी बनेगी। चांदी, मोती, ईख, गुड़, खांड़, रुई, कपास, सूत, सन, चावल, नमक, कपूर, गोला, सरसों तथा अन्य तिलहनो में मंदा आयेगा। सोना के मूल्यो में समता रहेगी। फसलों को रोग तथा कीटो से हानि के कारण गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग, फलों, अदरक, हल्दी, प्याज, लहसुन आदि कृषि उत्पादो तथा चौपायो में तेजी आयेगी। दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थो, घी में घटबढ़ चलेगी। मोती, तिल, तैल में मंदा आकर तेजी बनेगी। शाक भाजी के उत्पादको को हानि होगी।

बैशाख मास 20 अप्रैल 2019: मास पांच शनिवार युत है। पांच शनिवार से-'शनैश्च पंचकं दृष्टवा पाताले कम्पते फणी। ईशान देशं भंगश्च वह्निदाहो महर्घता।।' भूकम्पों तथा अग्निकांड़ो से से जन-धन की हानि होगी। जनता में अराजकता तथा अशान्ति रहेगी। रोग चौरादि का भय बनेगा। उत्तरी पूर्वी देशों में विग्रह होगे। सत्ता परिवर्तन होगा। राजनैतिक वाद विवाद तथा विग्रह होगे। कृषि को किन्ही कारणो से हानि होगी। वर्षा ऋतु के होते हुए भी वर्षा में कमी रहेगी। यदि वर्षा हुई भी तो बिल्कुल साधारण। महगांई बढ़ेगी। प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी।

20 अप्रैल 2019: वैशाख कृष्ण प्रतिपदा की घटियो का मान दिन नक्षत्र से कम होने के प्रभाव से वर्षा में कमी रहेगी। 23 अप्रैल: वक्री गुरु वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में रात्रि 0:11 पर- रोगो पर नियन्त्रण होगा। जनसामान्य में सुख रहेगा। सुभिक्ष, गाय का दूध, घी आदि रस में मंदा आयेगा। 15 दिन में केशर, कपूर, रुई, तथा धातुओं में मंदा आयेगा। मादक पदार्थो अफीम आदि में तेजी बनेगी। दो मास तक वर्षा में कमी रहेगी। इसके बाद खण्ड़ वृष्टि होगी राजनैतिक वातावरण दूषित होगा। विग्रह विवाद बढ़ेंगे।

27 अप्रैल 2019: मंगल मृगशिरा में रात्रि 01:02 पर – उत्तम वर्षा होगी। वर्षा से कपास की खेती की हानि होकर रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। तिल की हानि होगी। चांदी तेजी में रहेगी। भैंसों में किसी रोग का प्रकोप होगा।

28 अप्रैल 2019: सूर्य भरणी में प्रात: 06:03 पर: कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। सोंना, तांबा, पीतल आदि धातुओ, चावल, गेहूँ, जौ, चना, मोंठ, अलसी, तूअर, सरसों, राई, गुड़, खांड़, घी, अफीम में तेजी आयेगी। चांदी, रुई में घटबढ़ चलेगी। किसी संक्रामक रोग के फैलने की आंशका है। शकुन शास्त्र के अनुसार आज की वर्षा आगे चलकर वर्षा में कमी करेगी तथा आगे चलकर सभी प्रकार से कष्ट कारी रहेगी। 15 दिनो के अन्दर मनुष्यों को कष्ट होगा।

29 अप्रैल 2019: शनि वक्री धनु राशि में सांय 18:09 पर- तीन मास में किसी रोग का उपद्रव होगा। यात्रियो को भय रहेगा। मार्ग दुर्घटनायें होंगी। मणि, मोती,

रत्न तथा सोना चांदी में मंदा आयेगा। लौंग, सुपारी, नारियल, तिल तैल आदि के भाव में घटाबढ़ी चलेगी। घोड़ा, अफीम, नील, नीला थोथा, पंतग, हल्दी, जीरा, धनिया, मेथी, द्राक्ष, खजूर, घी, धान्यों, गेहूँ, मूंग, ज्वार प्रोमेसरी नोट आदि में तेजी आयेगी। शनि वक्री होने के समय वृष राशि के मंगल से हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि चौपायो तथा मनुष्यों की हानि होगी। शुक्र रेवती में रात्रि 19:23 पर- स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। सामान्य जन को राहत रहेगी। चांदी, गुड़, खांड़, शक्कर, रुई, कपास, चावल, सूत, चन्दन, सन, जवाहरात में मंदा रहेगा। रुई, चांदी, चावल, खांड़ के भावो में मंदे के झटके आयेगे। जंगली जानवरो के प्रकोप से जनधन की हानि होगी। यात्रीयों को कष्ट रहेगा।

मई 2019

03 मई 2019 : शुक्रवारी वैशाख चतुर्दशी के प्रभाव से अन्न उत्पादन उत्तम होगा। परन्तु 04 मई वैशाखी अमावस्या में अश्विनी नक्षत्र होने से मध्यम फल मिलेगा। बुध मेष राशि में सांय 17:03 पर- मध्यम वर्षा होगी। सोना, चांदी आदि धातुओ, मूंगा आदि बहुमूल्य रत्नो में, गेहूँ, जौं चना आदि में तेजी बनेगी। मोती, तिल, तैल, तिलहन तथा अलसी में मंदा आकर तेजी बनेगी। गुड़, खांड़, शक्कर, रसकस, तेल, तिल, सरसों, घी, रुई, सूत, सन, कपास में गिरावट आयेगी। पशुओ में किसी रोग का प्रकोप होगा। चौपायो के मूल्यो में घटबढ़ रहेगी।

05 मई 2019 : बुध अस्त पश्चिम दिशा में मेष राशि में मध्यान्ह 14:56 पर- बैशाख मास में अस्त बुध में विश्व में कल्याणकारी कार्य होंगे। सुभिक्ष रहेगा। रुई, चांदी में तेजी होकर मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारादाना में गिरावट चलेगी। 20 दिनों में राजस्थान में वर्षा होगी। 15 दिनों में रुई में मंदा आयेगा। प्राकृता गति में अस्त बुध से देश में आरोग्य रहेगा। उत्तम वर्षा से धान्य की वृद्धि होगी।

07 मई 2019 : मंगल मिथुन में - सभी प्रकार की लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। आकाश में बादल छाये रहेंगे। वैशाख सुदी तृतीया के रोहिणी नक्षत्र से सुभिक्ष रहेगा। सभी प्रकार की कृषि का उत्पादन उत्तम रहेगा। मंगल कार्य अधिक सम्पन्न होंगे।

09 मई 2019 : गुरुवारी बैशाख सुदी पंचमी से सुभिक्ष योग बना है। यदि वर्षा हुई तो घास भूसा, तथा ईधन में तेजी चलेगी।

10 मई 2019 : शुक्र मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में रात्रि 19:06 पर : मेष का शुक्र छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा तथा 'मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार' अन्न पदार्थो में तेजी बनायेगा। दुधारु पशुओ विशेषकर भैंसो को पीड़ा होगी। पशुओं में तेजी बनेगी। धान्यो में तेजी आयेगी। आगे बने वर्षा का योग में वर्षा में देरी अवश्य होगी परन्तु वर्षा का प्रमाण उत्तम रहेगा। वायु वेग की अधिकता रहेगी। रुई, कपास, ऊन के भावों में गिरावट रहेगी। सोना, चांदी, गेहूँ, जौ, चना, अन्य सभी प्रकार के धान्यो तथा घी में तेजी रहेगी। गुड़, खांड़, शक्कर, पटसन, बारदाना में घटबढ़ के बाद तेजी बनेगी। रुई, कपास, सूत, तैल, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी मटर, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख बनेगा। तेज हवाओ का प्रकोप रहेगा। अन्य मत से दूध, घी, चावल, चांदी में तेजी चलेगी। बुद्धिजीवी वर्ग में परस्पर वैमनस्य एवं तीव्र मतभेद होगा। स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। सामान्य जन को राहत रहेगी। घुड़सवारो को पीड़ा होगी। ऊन, धातु, रसकस, सोंठ, तिल, अलसी, जौ, चना, उड़द में 12 दिनो में गिरावट आयेगी।

12 मई 2019 : सूर्य कृतिका में 00:08 पर- शकुन शास्त्र के अनुसार आज की वर्षा आगे चलकर सुभिक्ष का योग करेगी। अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा। सफेद फूल में तेजी आयेगी। 15 दिनो के अन्दर सोना, चांदी, अलसी, गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोंठ, चावल, गुड़, सरसों तथा राई में तेजी आयेगी। तांत्रिको, कर्मकांडी

ब्राह्मणो, पॉटरी उद्योगो, ब्यूटी पार्लर, गणितज्ञो एवं ज्योतिषीयो एवं बुद्धिजीवियो को कष्ट रहेगा।

15 मई 2019 बुधवार : सूर्य वृष में 11:01 पर बैठी संक्राति से समान व्यापारिक स्थिति रहेगी। शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा। अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा। बैशाख मास की बुधवारी वृष संक्राति अनाजों के भावो में गिरावट का योग बना रही है। तैल घी तथा गुड़ में तेजी आयेगी। प्रजा में अमन चैन रहेगा। एक मत से सर्व सुखदायी सुभिक्ष होगा तथा अन्न उत्पादन अधिक होगा। तथा अन्य मत से अनाजो में तेजी बनेगी। दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादो के भावो में तेजी रहेगी। 30 मुहूर्ति संक्राति में रसकस के भाव सम रहेंगे। अधिक फेरफार नही होगा। प्रजा में कष्ट रहेगा। किन्ही स्थानो पर वर्षा की अधिकता होगी। सोना, कपड़ा, शस्त्र तथा अफीम में तेजी रहेगी।

17 मई 2019 : मंगल आर्द्रा में मध्यान्ह 13:59 पर - तिल के उत्पादन में कमी आयेगी। 20 दिनों में जनसमुदाय में कोई भय व्याप्त होगा। भैंसो की हानि होगी।

18 मई 2019: अस्त बुध वृष में रात्रि 23:35 पर- विश्व के अनेक देशो में युद्ध जैसी परिस्थितियां बनेगी। जनसाधारण भयभीत एवं पीड़ित रहेगा। सभी व्यापारिक वस्तुओ में घटबढ़ चलेगी। तिल, तेल, कपास, चावल जौ, चना, मटर आदि धान्यो में तेजी बनेगी। चांदी, अलसी, शक्कर, तथा वस्त्रों में गिरावट आयेगी। गेहूँ, रुई, सूत में मंदा आकर तेजी बनेगी। सूर्य से युत बुध से युद्धादि की संभावना बनेगी। आतंकवाद बढ़ेगा।

ज्येष्ठ मास : मास पांच रवि तथा पांच सोमवार युत है। पांच रविवारी मास में - "यत्र मासे रवेर्वारा जायन्ते पंच संततम्। दुर्भिक्षं छत्र भंग स्यात्तदास्ते च महद्भयं।।' युद्ध जैसी अफवाहों का बाजार गरम रहेगा। जनता तथा शासन में परस्पर मतभेद बढ़ेगे। सत्ता परिवर्तन होगा। जनता रोग अशान्ति तथा भय से पीड़ित होगी। वर्षा की कमी से कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। पांच सोमवार युत मास में -'सोमस्य पंच वारास्तु यत्र मासे भवति हि धन धान्य समृद्धिः स्यात् सुखम् भवति सर्वदा।।' अच्छी वर्षा होगी। कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। व्यापारिक वस्तुओ में अच्छी घटाबढ़ी के साथ मंदे का रुख प्रबल रहेगा। एकाएक सभी वस्तुओं पर नियन्त्रण होगा। समय मंदी कारक रहेगा। धन धान्य की वृद्धि होगी। उद्योग बढ़ेगें। कृषि उत्पादन अच्छा होगा। प्रजा में सुख रहेगा। स्पष्ट है मास में शुभाशुभ के मिश्रित फल प्राप्त होंगें। ज्येष्ठ मास की अमावस्या में वर्षा होने से चौमासे में अनावृष्टि अथवा अल्पवृष्टि का योग बनेगा।

19 मई 2019: रविवारी ज्येष्ठ बदी प्रतिपदा से जगत में भय तथा रोग से जनहानि होगी। और यदि इस दिन आकाश घटाबदल से रहित रहा तो चौमासा खूब बरसेगा।

21 मई 2019: शुक्र भरणी में : तिलो की फसल नष्ट होगी। भूसे वाले धान्यो में तेजी आयेगी। तैल, तिल, सरसों, गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, श्रीफल, सुपारी, धान्य, तूअर आदि में घटबढ़ रहेगी। रुख मंदे का बनेगा। सोना, चांदी में गिरावट आयेगी। तिलो की फसल नष्ट होगी। रुई तथा भूसे वाले धान्यो में तेजी आयेगी। दुष्ट, अधर्मी तथा निम्न वर्ग व्यक्ति पीड़ित होगे। गैरकानूनी कार्य करने वाले व्यक्तियो को समुचित दंड मिलेगा। चांदी, सोना, तांबा, लाल रंग की वस्तु तथा नारियल में 12 दिनो में मंदा आयेगा।

25 मई 2019: सूर्य रोहिणी में 20:26 पर- चना, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, राई, तिल, अरण्डा, गुड़, खांड़ के भावो में तेजी आयेगी। 15 दिनों में गेहूँ, जौ, चावल आदि अन्न, मूंग, सरसों, राई, गुड़, खांड़, सुपारी, सूत, सन, अलसी, द्राक्ष, तेल में तेजी आयेगी। रुई में साधारण तेजी बनेगी। चांदी में मंदा आयेगा। धनिक वर्ग, योगी, कृष्कों तथा मैकेनिको, पशुओ एवं जलचरो को कष्ट रहेगा।

30 मई 2019: बुध उदित वृष राशि पश्चिम में रात्रि 04:08 पर- बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी आयेगी। 40 दिन में धान्य तेज होगा।

रुई, कपास, कपड़ा, धान चांदी में 15 दिनो में मंदा होगा। घी, तैल, अरण्ड़ी, सरसों तथा धान्यो में तेजी बनेगी। अलसी घटाबढ़ी में रहेगी। ज्येष्ठ मास वृष राशि में उदित बुध से प्रबल वर्षा होगी। मिश्रा गति में उदित बुध से शुभफल होगें।

जून 2019

01 जून 2019: शुक्र कृतिका में सांय 17:38 पर- किन्ही स्थानो पर उत्तम वर्षा होगी। सरसों, उड़द के उत्पादन में कमी आयेगी परन्तु अन्य धान्यो का उत्पादन सामान्य रहेगा। सोना, चांदी, हींग, जीरा, सुपारी, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, चावल, अन्न, सरसों, तिल, तैल सरसों में गिरावट रहेगी। 11 दिनो में चांदी, रुई, सूत, कपास, रेड़ी, तिल, तैल, सरसों, हींग, खजूर, घी तेज होगे। अन्य मत से रुई, सूत, कपास, सन, सूत, बिनोला, तिल, सरसों, तेल, चांदी, सोना, तांबा, पीतल में छ: दिनो में मंदा आयेगा।

02 जून 2019: बुध मिथुन में रात्रि 00:17 पर- किसी स्थान पर अत्यन्त तेज पवन के साथ वर्षा होगी अन्यथा मंगल तथा राहु के योग से वर्षा में कमी रहेगी। तेज हवाऐं चलेगी। रुई, चांदी, सोना, सरसों में मंदा आकर घटाबढ़ी चलेगी। सरसों एवं तरे में घटबढ़ रहेगी। तैल, तिल, अरण्ड़ी में साधारण तेजी रहेगी। चना, मूंग, मोठ, भारवाहक पशुओ तथा वाहनो में गिरावट आयेगी। अन्य पशुओ के मूल्यो में वृद्धि होगी। 15 दिनो में सोना, चांदी तथा रुई में गिरावट आयेगी।

04 जून 2019: शुक्र वृष में पूर्वान्ह 11:20 पर : सोना में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा। रुई तथा चांदी में गिरावट के बाद 15 दिनो में तेजी बनेगी। चावल, घी, शेयर्स में गिरावट आयेगी परन्तु आगे चलकर तेजी बनेगी। जौ, गेहूँ, चना, मटर आदि अनाजो में तेजी बनेगी। किन्ही स्थानो पर विग्रह तथा झग्ड़े झंझट होगे। कुछ स्थानो पर वर्षा होगी तो कुछ स्थानो पर वर्षा का अभाव रहेगा। सुभिक्ष रहेगा। नागरिको में परस्पर वाद विवाद होगे। किन्ही स्थानो पर झगड़े झंझट के बाद भी सामान्य रुप से जनजीवन में शांति रहेगी।

05 जून 2019: ज्येष्ठ सुदी द्वितीया के आर्द्रा नक्षत्र में वर्षा होने से कृाि की हानि का योग बनेगा।

07 जून 2019: मंगल पुनर्वसु में प्रात: 07:39 पर- तिल के उत्पादन में कमी आयेगी। 27 दिनों में श्वेत वस्त्र, कपास, नमक, रस तथा धान्यो में तेजी आयेगी। भैंसों की हानि होगी।

08 जून 2019: सूर्य मृगशिरा में सांय 18:13 पर- सामान्य रुप से समय श्रेष्ठ होगा। सभी प्रकार के फलो, सोना, चांदी, धान्य, कपास, सन, उड़द, मूंग, मोंठ, बाजरा, अलसी में तेजी आयेगी। पशुओ को किसी रोग से पीड़ा होगी। तेज हवाओ की अधिकता रहेगी। 14 दिनों में चना, भूसा, जलीय उत्पादो, कपूर, चन्दन, कस्तूरी नारियल आदि सुगन्धित वस्तुओं , रुई, रेशम, सूत, कपड़ा तथा धातुओं में तेजी आयेगी।

12 जून 2019: शुक्र रोहिणी में सांय 16:20 पर - गायो को पीड़ा होगी। असत् कर्मो की वृद्धि होगी। सोना तांबा, जस्ता मंदा होगा। सोना, चांदी, नारियल, द्राक्ष, सुपारी, गुड़, शक्कर, खांड़ में गिरावट रहेगी। कुछ स्थानों पर विग्रह तथा उपद्रव होगे। किन्ही स्थानो पर तथा किन्ही देशो के मध्य युद्ध जैसी परिस्थितियो के योग बन रहे है। जनजीवन अस्त व्यस्त होगा। सामान्य जन किसी रोग से पीड़ित होगा। 12 दिनो में अफीम में तेजी आयेगी तो खारी, मुनक्का तथा सुपारी में मंदा आयेगा। अन्य मत से चांदी रुई में तेजी बनेगी। द्राक्ष, छुवारे, सुपारी श्रीफल, सरसों, सूत, सन में मंदा आयेगा।

15 जून 2019: सूर्य मिथुन में 17:38 पर शनिवार : 30 मुहूर्ति बैठी संक्राति से व्यवसायिक गतिविधियों में अधिक परिवर्तन नही होगा। रसकस के भाव सम रहेंगे। समान स्थिति रहेगी। ज्येष्ठ मास की शनिवारी मिथुन संक्राति में अशुभ फल होंगे। रोगो का प्रकोप बढेगा। अग्नि कांडो से हानि होगी। 'मिथुने रवि महंगे

बिकै मूल रु कन्द कपास। तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास ।।" के अनुसार कपास, कंदमूल, तिल, आलू, अरवी, अदरक, सोंठ, मूंगफली, हल्दी, प्याज, अदरक, रुई, तिलहन, जूट, सरसों, अलसी, तैल तथा सभी प्रकार के अनाजो में तेजी आयेगी। प्रजा कष्ट में रहेगी। बुध की मिथुन राशि के सूर्य में भूसा, धान्य, ज्वार, बाजार, मकई, ग्वार की पैदावार में वृद्धि होगी। केन्द्र एवं राज्य सरकारो में परस्पर मतभेद बढ़ेगे।

17 जून 2019: ज्येष्ठ सुदी पूर्णिमा में मूल नक्षत्र के योग से 60 प्रतिशत सुभिक्ष का योग बना है। इस दिन की वर्षा से दुर्भिक्ष होगा परन्तु आंधी सहित वायु अथवा बिजली हुई तो शुभ फल प्राप्त होंगे।

आषाढ़ मास: 18 जून 2019: पांच मंगलवार युत मास में **"यत्र मासे महीसूनोर्जायन्ते पंच वासरा। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्र भंगस्तदा भवेत्।।'** पश्चिमी देशों में भारी रक्तपात, आंतकवाद की घटनायें घटित होगी। छोटी छोटी छुद्र बातों पर वाद -विवाद होंगे, उत्पात होगा। भय का विस्तार होगा। जनता में विक्षोभ तथा आपसी वैमनस्य बढ़ेगा। युद्धजनक परिस्थितियां बनेगी। मंत्री मंड़ल में परिवर्तन होगा। किन्ही स्थानों पर सत्ता परिवर्तन होगा। राष्ट्रपति शासन लागू होगा। आपसी कलह, अशान्ति तथा रक्त विकार से हानि होगी। चेचक अथवा अन्य किसी अन्य छूत की बीमारी का प्रकोप बनेगा। स्त्रियों में रक्त विकार, प्रदर रोग का विकार अधिक फैलेगा। लाल रंग की वस्तुओं तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

21 जून 2019: बुध कर्क में रात्रि 02:27 पर- अनाज का भाव मध्यम रहेगा। अन्न आपूर्ति सामान्य से कम होगी। बढती हुई मंहगाई के कारण जनसाधारण कष्ट में रहेगा। 53 दिनों में दुख- सुख तथा सुभिक्ष का फेरफार होता रहेगा। रुई, कपड़ा में मंदा आयेगा। रुई में 15 टके तक की गिरावट आयेगी। चांदी में 2 टके तक की घटाबढ़ी रहेगी। गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर में कुछ मंदा रहेगा। श्वेत कपड़े में मंदा रहेगा। सरसों, मूंगफली, तैल, तिल, गुड़, दही तथा रसकस तेज रहेगे। धान, गुड़, दूध, कपास, सोना में अस्थाई तेजी आयेगी। कपड़ा, चावल में गिरावट आयेगी। मादक पदार्थो, जलवाहनो यथा- नौका, मोटरबोट, जलपोत आदि में तेजी आयेगी। किन्ही स्थानो पर अल्प वर्षा होगी।

22 जून 2019: सूर्य आर्द्रा में सांय 17:18 पर- पंचमी तिथि का आर्द्रा प्रवेश शुभ है परन्तु शनिवार होने से शुभ फलों में न्यूनता रहेगी। दिन में आर्द्रा प्रवेश से सूर्य जल का शोषण करेगा, वर्षा में कमी रहेगी। सूत, अलसी, सरसों, अरण्ड़ा, चीनी, चावल, जौ, चना में तेजी आयेगी। सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। कोर्ट -कचहरी से सम्बन्धित व्यक्तियो को कुछ कष्ट होगा। बन रहे वर्षा योग में किन्ही स्थानो पर अधिक वर्षा होगी तथा किन्ही स्थानो पर कम वर्षा होगी। 14 दिनों में रुई, कपास, लाल रंग के वस्त्र, कपूर, चन्दन आदि सुगन्धित वस्तुओं , लोहा, चांदी, सीसा, मोती, रत्न, गुड़, खांड़, खल, सोंठ, घी, हल्दी, गेहूँ आदि धान्य तथा भूसा में तेजी बनेगी। मंगल कर्क में रात्रि 23:22 पर- भैंसो को पीड़ा होगी। भैंसों, ऊन, सभी प्रकार के अन्न तथा ईख में तेजी आयेगी। 15 दिन के अन्दर अफीम, रुई धान, गुड़ तथा खांड़ में तेजी बनेगी। एक अन्य मत से वर्षा होगी। कंही कंही पर धान्यों में तेजी आयेगी।

23 जून 2019: शुक्र मृगशिरा में मध्यान्ह 14:38 पर- धान्यों तथा रुई की फसल खराब होगी। चावल, गुड़, खांड़, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यो तथा रसकस में तेजी आयेगी परन्तु गेहूँ, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, घी में मंदा रहेगा। प्रजा अन्जाने भय से त्रस्त रहेगी। चना, धान, भूसा 12 दिनो में मंदा होगा। अन्य मत से जन सामान्य के लिये सुखद वातावरण बनेगा। संसार में सदभाव होगा। 28 जून 2019: मंगल पुष्य में प्रात: 04:58 पर- शुभत्व का अभाव रहेगा। आंतकवाद की घटनायें बढ़ेगी। चौरो तस्करो का भय रहेगा। शासकवर्ग-प्रशासन निर्बल सिद्ध होगा। 21 दिनों में सत्ता सुख भोग रहे व्यक्तियों

को विरोध का सामना करना पड़ेगा।

29 जून 2019: शुक्र मिथुन में रात्रि 01:33 पर : रुई, बारदाना, मूंगफली, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल में मंदा चलेगा। चांदी घटबढ़ में रहेगी। जौं, गेहूँ, चना में सामान्य तेजी आयेगी। खांड़, घी में घटाबढ़ी चलेगी। गुड़ तेज होकर मंदा होगा। अरहर, ग्वार, रुई, कपास, सूत, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तिल, तैल, सरसों में गिरावट रहेगी। एक मत से रुई घी में मंदे का अचूक चांस है। तेज हवाये चलेगी। वर्षा होगी।

जुलाई 2019

01 जुलाई : आषाढ़ मास के रोहिणी नक्षत्र में एक पहर दिन चढ़े तक हवा चली तो श्रावण तथा भाद्रपद मास में अच्छी वर्षा होगी। और यदि दोपहर से सांय तक मेघ वर्षे अथवा दोपहर में हवा चली तो श्रावण तथा भाद्रपद मास में अच्छी वर्षा होगी। आषाढ़ मास के रोहिणी नक्षत्र में पूर्व अथवा उत्तर की हवा चली तो शुभत्व रहेगा। 03 जुलाई : आषाढ़ सुदी प्रतिपदा के पुर्नवसु नक्षत्र से 95.97 प्रतिशत वर्षा का अनुमान है।

04 जुलाई : आषाढ़ सुदी द्वितीया में पुष्य नक्षत्र से 17.45 विश्वे है। गुरुवारी द्वितीया से उत्तम वर्षा होगी अन्न सस्ता होगा। शुक्र आर्द्रा में मध्यान्ह 12:19 पर : तेज हवाओ का प्रकोप रहेगा। वायु वेग के साथ वर्षा होगी परन्तु वर्षा में न्यूनता रहेगी। समय सामान्य गति से चलेगा। चांदी रुई में मंदा आयेगा। कृषि उत्पादों में अचानक मंदा आयेगा। सामान्य जन सुखी रहेगा। वैश्विक सम्पत्ति में वृद्धि होगी। दक्षिणी प्रदेशों में जनहानि का योग है।

06 जुलाई : वक्री शनि पू. षाढ़ नक्षत्र तृतीय चरण में : सभी प्रकार से हानि होगी।

सूर्य पुर्नवसु में सांय 16:49 पर- बिनौला, तिल, ज्वार, मूंग, मोंठ, मसूर, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खांड़, चावल, नमक, कपड़ा, तिल, कुसुंभा, अरण्डा, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, देवदारु, लौंग, नारियल, सफेद वस्तुओं में तेजी आयेगी। किन्ही स्थानो पर वर्षा का योग बन रहा है। नौकरी पेशा वर्ग को कष्ट रहेगा। 14 दिनों में रुई, कपास, लाल रंग के वस्त्र, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थो, चांदी, सोना, लोहा, सीसा, मोती, रत्न, खल, सोंठ, घी, हल्दी, गेहूँ तथा भूसा में तेजी आयेगी।

07 जुलाई : रविवारी आषाढ़ सुदी पंचमी से कम वर्षा का योग बना है। यदि आषाढ़ सुदी पंचमी में पछुवा हवा चली अथवा वर्षा हुई या इन्द्रधनुष दिखाई पड़ा तो अन्न तथा तृण के संग्रह से कार्तिक मास में बेचने से लाभ की सम्भावना रहेगी। आषाढ़ सुदी पंचमी के प्रवेश लग्न पर शुभ ग्रह चन्द्रमा तथा वक्री शनि की दशम दृष्टि है। चन्द्रमा बली होने से धन धान्य की वृद्धि, सुख समृद्धि का सामान्य सुख मिलेगा। 07 जुलाई : बुध वक्री सांय 16:47 पर कर्क राशि में - प्राय: सभी वस्तुओं में मंदा आयेगा। धान्य सस्ते होंगे। रुई में तेजी आकर मंदा होगा। ईख, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी, बिनौला एवं अन्य तिलहनो तथा कपूर में तेजी बनेगी। देश की आर्थिक स्थिति चिंताजनक बनेगी।

10 जुलाई : आषाढ़ सुदी नवमी के दिन सबेरे, दोपहर अथवा सांय काल में सूर्य के पास बादलो का होना शुभ नही है। बुधवारी नवमी से भावों में समता रहेगी। वक्री बुध अस्त पश्चिम दिशा में कर्क राशि में प्रात: 06:14 पर- रुई, चांदी में तेजी होकर मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारादाना में गिरावट चलेगी। 20 दिनों में राजस्थान में वर्षा होगी। 15 दिनों में रुई में मंदा आयेगा। अनावृष्टि होगी। मृत्यु दर में वृद्धि होगी। चौरो तस्करो का उपद्रव बढ़ेगा। संक्षिप्ता गति से गोचर कर रहे बुध से अरिष्ट फलों में किंचित न्यूनता रहेगी।

11 जुलाई मंगल अस्त कर्क राशि पर सांय 16:30 पर: खाद्यान्नों में कमी रहेगी। मादक पदार्थो में कुछ मंदा बनेगा। लगभग साढ़े तीन मास में भूसा आदि में गिरावट आयेगी। कर्क राशि में अस्त मंगल से धान्यों की हानि होगी।

15 जुलाई : शुक्र पुर्नवसु में प्रात: 09:25 पर: रुई, सोना, चांदी, कपास, सूत, में मंदा रहेगा। गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर में तेजी बनेगी। वर्षा में कमी से कृषि उत्पादन के विषय में चिन्ता बनेगी। अन्नों की अनुपलब्धता से इनमें तेजी आयेगी। 12 दिनों में धान्यों में तेजी तथा रुई में मंदा आयेगा। अश्मक तथा विदर्भ क्षेत्रों में जनहानि होगी। किसी अज्ञात कारण से जनमानस पीड़ित होगा। वातावरण में अन्जाना भय रहेगा। 16 जुलाई : आषाढ़ी पूर्णिमा का मान चतुर्दशी से अधिक होने के प्रभाव से अन्न में सस्ता रहेगा। 11 मास तक सुख तथा सुभिक्ष रहेगा। पू. षाढ़ युत पूर्णिमा से सर्वत्र धान्य की उत्पत्ति उत्तम रहेगी तथा प्रजा में सुख शांति रहेगी। आज के चन्द्रग्रहण से इस समय किया गया अन्न संग्रह एक पक्ष के पश्चात् लाभ देगा।

17 जुलाई : आषाढ़ मास के स्वाति नक्षत्र के दिन बादल की गरज हो हो कर वर्षा हुई तो अन्न बहुत पैदा होगा। तथा चौमासा में अच्छी बरसात होगी। श्रावण मास: मास में हुए शुक्रास्त तथा बुधोदय से भाद्रपद मास में अनावृष्टि का योग बना है। 17 जुलाई 2019: मास पांच बुधवार तथा पांच गुरुवार युत है। पांच बुधवार युतमास में **'बुधस्य पंच वाराश्चेज्जायन्ते च निरन्तरम्।प्रजानां सुखमत्यन्तम सुभिक्ष च प्रजायेत।।"** किन्ही स्थानों पर अच्छी वर्षा होगी तथा किन्ही स्थानों पर साधारण वर्षा रहेगी। कृषि की उत्तम उपज से सुभिक्ष रहेगा। धान्य आदि के भावो में न तो अधिक तेजी आयेगी और न ही अधिक मंदा होगा। प्रजा में सुख शांति रहेगी। समय शुभ कारक रहेगा। पांच गुरुवार होने से - "यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च बृहस्पते:। विग्रह पश्चिमी देशे खड्ग युद्धञ्च जायते।।' पश्चिमी देशो में विग्रह होगे। सशस्त्र युद्ध का योग बनेगा। व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकस की हानि से रसादि में तेजी चलेगी। 17 जुलाई 2019 बुधवार : सूर्य कर्क में 04:33 पर : 45 मुहूर्ति संक्राति में रसकस तथा अन्न में गिरावट आयेगी। बैठी संक्राति से समान व्यवसायिक स्थिति रहेगी। कर्क राशि के सूर्य में यदि आश्लेशा नक्षत्र के दिन वर्षा हुई तो सभी प्रकार के अन्न उत्पन्न होंगे साथ ही स्थानो पर धान्यो में तेजी आयेगी। जौ, गेहूँ, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खांड़, बाजरा, ज्वार, सरसों, तिल तैल घी, नमक में तेजी आयेगी। सोना, चांदी, लोहा, पीतल आदि धातुओ में मंदा रहेगा। वायु वेग की अधिकता रहेगी। खड़ी फसल को कीटो से हानि होगी। किसी प्रकार के रोग के फैलने का योग है। पृथ्वी पर जल की अधिकता रहेगी। धान्यो के मूल्यो में गिरावट आयेगी। एन. आर. आई के हितो के लिये कुछ लाभकारी कार्य होगे। रेगिस्तान में भी खण्ड़ वृष्टि होगी। खाद्यान्नों का आयात बढ़ेगा। संक्राति समय के मकर के चन्द्रमा से अन्न का संग्रह छः मास पश्चात् लाभ देगा परन्तु सातवें मास तक रखने से हानि होगी। किन्ही स्थानों पर वर्षा होगी। मालवे की अफीम में मंदा आयेगा। एक मत से श्रावण मास की संक्राति के दिन की वर्षा से अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा परन्तु रोगो का प्रकोप भी बनेगा।

19 जुलाई 2019: मंगल आश्लेषा में रात्रि 04:30 पर- वर्षा में कमी रहेगी। कृषि की हानि से अन्न उत्पादन के अनुमान में कमी आयेगी। विषेले कीटो तथा जन्तुओ के प्रकोप से जनधन की हानि होगी। 23 दिनों में धान्यो में तेजी आयेगी। 20 जुलाई 2019: सूर्य पुष्य मेंसांय 16:26 पर- सरसों, मद्य, गुड़, खांड़, बाजरा, नारियल, सौंठ, मोम, जूट, सोना में तेजी आयेगी। रुई में तेजी आकर मंदा बनेगा। 14 दिनों में चांदी की वस्तुओं , सीसा, ऊनी वस्त्र, हल्दी, हींग, सोंठ, सुपारी, मोम, गुग्गल, लाख, सन, ज्वार, तिल, तैल, मदिरा तथा गुड़ में तेजी आयेगी। नाविको तथा संत समाज को कष्ट रहेगा।

23 जुलाई : अस्त शुक्र कर्क में मध्यान्ह 12:49 पर : सभी प्रकार के रसकस, गुड़, खांड़, शक्कर, घी, तैल, सूत, सन, बारदाना, गोला में तेजी बनेगी। कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। रुई में मंदा आकर तेजी का योग है। जौं, गेहूँ, चना में गिरावट के बाद में तेजी आयेगी। चांदी में गिरावट रहेगी। वर्षा में कमी रहेगी।

शकुन शास्त्र के अनुसार यदि आज वर्षा हुई तो गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर में मंदा आयेगा। पशु पक्षियो की वृद्धि होगी। एक मत से चांदी, सोना, रुई, घी, सूत, में तेजी रहेगी। किन्ही स्थानो पर छुटपुट वर्षा होगी। धान्यो में तेजी आयेगी। दूसरे मत से वर्षा की अधिकता रहेगी। कृष्क वर्ग में संतोष रहेगा। कर्क का शुक्र तेजी का योग बना रहा है। देश में पाखण्ड़ियो का वर्चस्व बढ़ेगा।

23 जुलाई मध्यान्ह 12:49 से 30 जुलाई मध्यान्ह 12:01 तक बुध तथा शुक्र के कर्क राशि से गोचर में उत्तम वर्षा का योग बना है। 26 जुलाई : शुक्र पुष्य में प्रात: 05:51 पर- उत्तम वर्षा होगी। खाद्यान्नो की उपलब्धता में कमी आयेगी। गुड़, खांड़, शक्कर, कपूर, शिंगरफ, पारा, हींग, लाख, चमड़ा में मंदा रहेगा। रुई, कपास, सूत, सन, रेशम, ऊन तथा धान्यो में तेजी बनेगी। चौरो एवं तस्करो का प्रकोप बढ़ेगा। किसी नामी भ्रष्टाचारी अथवा सेलीब्रेटी की गिरतारी का योग है। अन्य मत से रुई सोना, लाख चपड़ा, गुड़ में मंदा चलेगा। 30 जुलाई : वक्री बुध उदित पूर्व दिशा मिथुन राशि में प्रात: 08:41 पर- बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी बनेगी। रुई की 25 दिनो तक तेजी चलेगी। 40 दिन में धान्यों में तेजी आयेगी। अनावृष्टि, कष्ट तथा पीड़ा का योग बनेगा। मंहगाई बढ़ेगी। चांदी में घटवढ़ी के बाद तेजी आयेगी। सोना में मंदा बनेगा। गेहूँ, जो, चना, अलसी, अरण्ड़ी, तिल, तैल, सरसों, लाल मिर्च में तेजी आयेगी। राजस्थान में वर्षा होगी। पुर्नवसु में उदित बुध से अशुभफलों में किंचित न्यूनता रहेगी। वक्री बुध मिथुन राशि में मध्यान्ह 12:01 पर- तेज हवाऐं चलेगी। किसी स्थान पर अत्यन्त तेज पवन के साथ वर्षा होगी। रुई, चांदी, सोना, सरसों में मंदा आकर घटाबढ़ी चलेगी। सरसों एवं तरे में घटबढ़ रहेगी। तैल, तिल, अरण्ड़ी में साधारण तेजी रहेगी। चना, मूंग, मोठ, भारवाहक पशुओ तथा वाहनो में गिरावट आयेगी। अन्य पशुओ के मूल्यो में वृद्धि होगी। 15 दिनो में सोना, चांदी तथा रुई में गिरावट आयेगी। 16 दिनों में अधिक वर्षा होगी।

31 जुलाई : बुध मार्गी मिथुन राशि में रात्रि 21:31 पर- भारवाहक पशुओ में मंदा आयेगा। धान्यो में घटाबढ़ी रहेगी। रुई में घटाबढ़ी चलकर तेजी बनेगी। सन तथा लकड़ी में 15 दिनो में तेजी आयेगी। गुड़, खाण्ड़, शक्कर, तिल, तैल, सरसों, अलसी, कपूर, चन्दन में मंदा रहेगा।

अगस्त 2019

01 अगस्त : श्रावणी अमावस्या के पुष्य नक्षत्र से वर्ष मध्यम रहेगा। वर्षा अधिक नही होगी। यदि इस दिन वर्षा हुई तो विश्व में सुख रहेगा।

02 अगस्त : श्रावण प्रतिपदा के चन्द्रदर्शन से जल की कमी रहेगी। प्रजा की हानि होगी तथा किन्ही राज्यों में सत्ता परिवर्तन होगा। प्रतिपदा के क्षय से कार्तिक मास में किसी राज्य में सत्ता परिवर्तन का योग बन रहा है।

03 अगस्त : बुध कर्क में प्रात: 06:00 पर- बढती हुई मंहगाई के कारण जनसाधारण कष्ट में रहेगा। 53 दिनों में दुख- सुख तथा सुभिक्ष का फेरफार होता रहेगा। मादक पदार्थो में तेजी बनेगी। सुभिक्ष अत्यन्त अल्प रहेगा। रुई, कपड़ा, चावल में गिरावट आयेगी। गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर में कुछ मंदा रहेगा। रुई में 15 टके तक की गिरावट आयेगी। चांदी में 2 टके तक घटाबढ़ी रहेगी। सरसों, मूंगफली, तैल, तिल, गुड़, दही तथा रसकस तेज रहेगे। धान, गुड़, दूध, कपास, सोना में अस्थाई तेजी आयेगी। इनमें तेजी के बाद मंदा बनेगा। श्वेत कपड़े में मंदा रहेगा। अनाज का भाव मध्यम रहेगा। अन्न आपूर्ति सामान्य से कम होगी। किन्ही स्थानो पर अल्प वर्षा का योग है। जलवाहनो यथा- नौका, मोटरबोट, जलपोत आदि में तेजी आयेगी। सूर्य आश्लेषा में मध्यान्ह 15:18 पर- आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य वर्षा का योग बना रहा है। किन्ही स्थानो पर वर्षा के कारण खाद्यान्नो के खराब अथवा नष्ट होने का योग है। सोना, चांदी, रुई, बिनोला, चावल, उड़द, शक्कर, ज्वार, घी, तेल, सरसों, अरण्ड़ी, तिल, तैल, द्राक्ष, मिर्च, शेयर मार्केट में तेजी आयेगी। देश के पूर्वोत्तर राज्यो में उपद्रव बढ़ेगे। 14 दिनों में तिल, गुड़, गेहूँ,

चना, अलसी, नील, अफीम आदि मादक पदार्थ, प्रोमेसरी नोट तेज होंगे। पूर्व तथा उत्तर दिशा में उपद्रवों की सम्भावना रहेगी।

06 अगस्त : शुक्र आश्लेषा में : अच्छी वर्षा के उपरान्त भी किन्ही स्थानो पर वर्षा में कमी रहेगी। कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। अन्नो में घटाबढ़ी से भावो में कुछ तेजी बनेगी। चावल, मोठ, चना, जौ, भूसा तथा धान्यो में गिरावट चलेगी। रुई, कपास में साधारण मंदा रहेगा। विषैले जीव जन्तुओ तथा रेगने वाले विषैले कीड़ो का प्रकोप बढ़ेगा। तूअर, मोठ, चावल, चना, धान, भूसा में 12 दिनो में मंदा होगा।

07 अगस्त : स्वाति नक्षत्रयुत सप्तमी में यदि वर्षा हुई तो सभी प्रकार के धान्यों का उत्पादन उत्तम होगा। मनुष्यों में सुख रहेगा।

09 अगस्त : अस्त मंगल सिंह रात्रि में रात्रि 04:47 पर वर्षा में कमी आयेगी। तिल, उड़द, मूंग की हानि होगी। धान्य नष्ट होंगे। महगांई बढ़ेगी। सोना, चांदी, तांबा तथा लाल रंग की सभी वस्तुओं में 45 दिनों में तेजी बनेगी।

11 अगस्त 2019 : गुरु मार्गी वृश्चिक में प्रात: 07:33 पर- अल्प वर्षा के कारण दुर्भिक्ष रहेगा। अनेक प्रकार के उपद्रव होंगे। जन सामान्य में भय व्याप्त होगा। किसी रोग का प्रकोप बढ़ेगा। 13 अगस्त 2019 : श्रावण मास की पूर्णिमा में श्रवण नक्षत्र के योग में यदि वर्षा हुई तो सुभिक्ष रहेगा। अन्न का उत्पादन उत्तम होगा सभी सुखी रहेंगे।

15 अगस्त 2019 : प्रात: 08:02 तक आज यदि वर्षा हुई तो सुभिक्ष रहेगा तथा अन्न उत्पादन उत्तम होगा।

भाद्रपद मास: 16 अगस्त 2019 : मास पांच शुक्र तथा पांच शनिवार युत है। पांच शुक्रवार युत मास में - 'शुक्रस्य पंचवारास्युर्यत्र मासे निरन्त्रम्। प्रजा वृद्धि सुभिक्ष च सुखं तत्र प्रक्तते।।' प्रजा में कुशल क्षेम रहेगी। मित्रता के भाव जाग्रत होंगे। सुभिक्ष तथा क्षेम रहेगा। उत्तम वर्षा होगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकसो में भी मंदे का प्रभाव रहेगा। पांच शनिवार से-'शनैश्च पंचकं दृष्टवा पाताले कम्पते फणी। ईशान देशं भंगश्च वह्निदाहो महर्घता।।' भूकम्पों तथा अग्निकांड़ो से जन-धन की हानि होगी। जनता में अराजकता तथा अशान्ति रहेगी। रोग चौरादि का भय बनेगा। उत्तरी पूर्वी देशो में विग्रह होगे। सत्ता परिवर्तन होगा। राजनैतिक वाद विवाद तथा विग्रह होगे। कृषि की हानि होगी। वर्षा ऋतु के होते हुए भी वर्षा में कमी रहेगी। यदि वर्षा हुई भी तो बिल्कुल साधारण। महगांई बढ़ेगी। प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी।

16 अगस्त 2019 : अस्त शुक्र सिंह राशि मघा नक्षत्र में रात्रि 20:39 पर- पशुओ में किसी रोग का प्रकोप होगा। सभी प्रकार के धान्यो, सोना, लाल रंग की वस्तुओ तथा चौपायो में तेजी आयेगी। सभी प्रकार के धान्यो- सोना, तांबा, पीतल, चांदी, गेहूँ, जौ, चना, मटर, बाजरा, मजीठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च, लाल रंग के अन्य सभी पदार्थो, तैल तिल, मूंगफली, सरसों, ग्वार, केसर, कस्तूरी, रसकस, घी, रसादि पदार्थो में तेजी आयेगी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। वायु वेग की अधिकता रहेगी। वर्षा में कमी आयेगी। जहां वर्षा होगी वहां तेज हवाओ के साथ होगी। सामान्य जन में कष्ट में रहेगा। पाखण्ड् में वृद्धि होगी। आज हुई वर्षा से अगले 12 दिनो में अच्छी वर्षा का योग रहेगा। एक मत से कपड़ा, जौ, गेहूँ, जौ, चावल, चांदी, रुई, सूत, सन, सोना में मंदा आयेगा।

17 अगस्त 2019 शनिवार : सूर्य सिंह राशि मघा नक्षत्र में 13:02 पर -15 मुहूर्ति संक्राति में रसकस तथा अन्न में तेजी बनेगी। बैठी संक्राति से समान स्थिति रहेगी। 'ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तिल तैल । सोना तांबा तेज हो सूर्य सिंह के मेल ।।" शक्कर तथा लाल रंग के बर्तन, लाल रंग की धातुओं, ईख, गुड़, खांड़ आदि मिष्ट पदार्थो, रत्न, गुड़, हल्दी, तिल, तैल, मूंग, ज्वार, बाजरा, अरण्ड़ा, द्राक्ष, मिर्च, चांदी, रुई, कपास, सरसों, सोना, तांबा मंहगे होगे। अफीम तथा अन्य मादक पदार्थो में तेजी की सम्भावना रहेगी। एक मत से धान्य में गिरावट आयेगी।

घी में तेजी बनेगी। शनिवारी संक्राति से 15 दिनों में वर्षा का योग रहेगा। पहले अधिक वर्षा से किन्ही स्थानों पर रेलवे ट्रेक्स पानी में डूबेगे। मकानो के गिरने का भय रहेगा। बाद में वर्षा में कमी रहेगी। इस दिन की वर्षा से रोगो का प्रकोप रहेगा तथा आश्विन मास में भयजनक स्थितियां बनेगी। संक्राति समय के कुंभ के चन्द्रमा से इस समय का अन्न का संग्रह पांच मास पश्चात् लाभ देगा।

24 अगस्त : रोहिणी युत शनिवारी भाद्रपद कृष्ण अष्टमी से गेहूँ, हल्दी, जीरा, पारा, शीशा में तेजी बनेगी। कस्तूरी, तिल, तैल, गुड, हींग में तेजी आयेगी। इन वस्तुओं का संग्रह कर तीन मास पश्चात बेचने से लाभ होगा।

25 अगस्त : बुध अस्त पूर्व दिशा कर्क राशि में प्रात: 10:57 पर – मिश्रा गति में अस्त बुध से जनता के लिये कल्याणकारी कार्य होंगे। वर्षा से कृषि की वृद्धि होगी। चांदी में घटाबढ़ी चलेगी, रुई की घटबढ़ी 15 दिनों में चलेगी। इसमें रुख गिरावट का रहेगा। सोना, गेहूँ, सोना, अलसी में तेजी रहेगी। धान्यो तथा घी में 30 दिनो में मंदा आयेगा। पहले तेजी फिर मंदा तथा फिर तेजी बनेगी। शासकीय वर्ग में वैचारिक उथलपुथल होगी। प्रजा में मृत्यु भय का निराकरण होगा। चौरो तस्करो के उपद्रवों तथा अनावृष्टि जैसे अशुभ फलों में न्यूनता आयेगी।

26 अगस्त: बुधास्त सिंह राशि में मध्यान्ह 14:07 पर- तेज हवाऐं चलेगी। वर्षा में कमी आयेगी। जनसाधारण में भय का वातावरण बनेगा। कृषि की हानि होगी। फिर भी धान्यो के मूल्य नियंत्रण में रहकर भावों में समता बना रहेगी। इमली, आंवला आदि खट्टे पदार्थो, औषधीय वनस्पतियो तथा देवदारु, सोना, तांबा, पीतल, चांदी आदि धातु, खांड़, कपूर, सूत, कपड़ा, ऊनी, सूती वस्त्रो, बारादाना में तेजी आयेगी। गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, सरसों, कपास, ऊन में मंदा बनेगा। रुई, पटसन, शेयर्स में मंदा आकर तेजी बनेगी।

27 अगस्त : शुक्र पू फा में मध्यान्ह 15:11 पर- उत्तम वर्षा का योग है। सभी स्थानो पर वर्षा होगी। चावल, चांदी, सोना, रुई, सूत, सन, गेहूँ, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, घी आदि में गिरावट आयेगी। 14 दिनों में धान्य कुछ मंदा होगा। पिछड़े वर्ग की राजनीति करने वाले तथा सामान्य जन कष्ट में रहेंगे।

30 अग 2019 : मगंल पू. फा. में रात्रि 04:21 पर – किसी स्थान पर वर्षा का योग है। आगे चलकर वर्षा में कमी का योग बन रहा है। जन सामान्य में असंतोष एवं पीड़ा रहेगी। गुड़, खांड़, नमक, सरसों लाही, अलसी, मूंगफली, घी तथा तैल के मूल्यो में तेजी बनेगी। चौपायो पीड़ा में रहेंगे। गुड़, खांड़, तैल, घी, रसकस में 20 दिनो में तेजी बनेगी।

31 अग 2019 : सूर्य पू. फाल्गुनी में प्रात: 09:00 पर- सोने में अच्छी तेजी बनेगी। लोहा, जूट, सूत, गुड़, खांड़, तैल, अरण्ड़ी, सुपारी, ज्वार, ऊनी वस्त्रो में तेजी आयेगी। बादल छाये रहेगे। वर्षा योग रहेगा। कृषि कीट प्रकोप से सुरक्षित रहेगी। खाद्यान्नो की उपलब्धता सुलभ होगी। 14 दिनों में मादक पदार्थो, चावल, गेहूँ, ज्वार, तिल, सरसों, घी, जीरा, रुई, कपास, कपास, चांदी तथा चांदी की वस्तुओं में तेजी आयेगी।

सितम्बर 2019

02 सितम्बर : वक्री शनि देव पू. षाढ़ नक्षत्र द्वितीय चरण में रात्रि 03:25 पर : गुजरात, कुरुक्षेत्र-हरियाणा में अनावृष्टि तथा अन्य कारणों से जनहानि होगी।

05 सितम्बर 2019: अनुराधा नक्षत्र युत भाद्रपद शुक्ल सप्तमी में यदि वर्षा न हुई तो फिर वर्षा का अभाव रहेगा।

07 सितम्बर 2019: शुक्र उ. फा. में प्रात: 09:13 पर- सभी प्रकार के अन्नो एवं रुई में तेजी आयेगी। 12 दिनों में धान्य कुछ तेज होंगे। सोना, चांदी में घटबढ़ चलेगी। प्रजा में सुख रहेगा परन्तु मारवाड़ क्षेत्र में उपद्रव होगे। जल संकट ग्रस्त क्षेत्रो, प्रदेशों तथा देशों में कृषि की हानि होगी। सामान्य जन में कष्ट में रहेगा। आज के दिन की वर्षा से कृषि की हानि होगी। एक मत से धान्यो में गिरावट

आयेगी।

09 सितम्बर 2019: आज के दिन की वर्षा से धान्यों में मंदा रहेगा।

10 सितम्बर 2019: अस्त शुक्र कन्या में रात्रि 01:41 पर- वर्षा में कमी से कृषि की हानि होगी। अन्न तेज होगे। उत्तम क्वालिटी के चावलो -बासमती आदि में विशेष तेजी आयेगी। सभी प्रकार के अन्न -गेहूँ, चावल, सोना, गुड़, खांड़, घास तथा ऊनी वस्त्रो में तेजी आयेगी। चांदी घटाबढ़ी में आकर तेजी होगी। रुई में गिरावट आयेगी। सन तथा बारदाना के भावो में मंदा होगा। चौपायो के मूल्यो में तेजी आयेगी। एक अन्य मत से रुई, चांदी, चावल, घी में मंदा रहेगा। खड़ी फसल खराब होने से महगांई बढ़ेगी। शाल की लकड़ी में तेजी रहेगी।

11 सितम्बर 2019: अस्त बुध कन्या राशि में प्रात: 04:59 पर- अत्यन्त तेज पवन के साथ वर्षा होगी। अगले छ: मास तक सोना उत्तम क्वालिटी की गुड़, खांड़, शक्कर में तेजी आयेगी। बाद में यह पदार्थ सस्ते होगे। हल्दी, गेहूँ, जौ, चना में तेजी बनेगी। चांदी, रुई में गिरावट रहेगी।

12 सितम्बर 2019: शुक्रोदय कन्या राशि में सांय 17:04 पर- भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, जया तिथि चित्रा नक्षत्र, धूलिद्वार, पश्चिम दिशा में उदित शुक्र से अन्न में वृद्धि होगी। भूकम्प अथवा युद्ध की सम्भावना रहेगी। वर्षा योग के उपरान्त भी कम वर्षा होगी। जल की हानि से उपद्रव होगा। प्रजा में कष्ट रहेगा। किसी रोग का प्रसार होगा। राजनैतिक विरोध तथा अवरोध होंगे।

14 सितम्बर 2019 : सूर्य उ. फाल्गुनी में रात्रि 02:54 पर- तिल, चावल, उड़द, नारियल, मूंग, जौं, ज्वार, गुड़, चीनी, जूट, कपास, हल्दी, हरड़, हींग, क्षार, कत्था में तेजी आयेगी। 14 दिनों में रेशम एवं रेशमी वस्त्र तथा कपास, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, सरसों, अरंड़ा, सुपारी, अफीम, मूंज, बांस, नील में तेजी आयेगी। पशुओ में किसी रोग का प्रकोप रहेगा।

आश्विन मास 15 सित. 2019 : मास पांच रविवार युत है। पांच रविवार होने से – 'यत्र मासे रवेर्वारा जायन्ते पंच संततम्। दुर्भिक्षं छत्र भंग स्यात्तदास्ते च महद्भयं।।" वर्षा की कमी से कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। जनता तथा शासन में परस्पर मतभेद बढ़ेगे। सत्ता परिवर्तन होगा। युद्ध जैसी अफवाहों का बाजार गरम रहेगा। जनता रोग अशान्ति तथा भय से पीड़ित होगी।

17 सित. 2019 मंगलवार : मंगलवारी आश्विन तृतीया के योग से अग्नि कांड़ो से हानि होगी। धान्यों में तेजी आयेगी। बैठी संक्राति से समान स्थिति रहेगी। सूर्य कन्या में 13:03 पर : 'कन्यायां रवि: नारियल तिलहन आदि मंजिष्ठ । लाल द्रव्य घी तेल सब मंहगे बिके विशिष्ठ ।।' 30 मुहूर्ति संक्राति में रसकस के भाव सम रहेंगे। अधिक फेरफार नही होगा। नारियल, तिल, तैल में तेजी बनेगी। अन्य मत से रुई, सूत, कपड़ा, नारियल सुपारी, मेवा, मजीठ, लाल वस्तु, अरण्ड़ा, घी, तेल, तिल, सरसों सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स में गिरावट आयेगी। किसी और के मत से नारियल, सरसों, अलसी, तिलहन, मंजीष्ठ आदि लाल रंग के पदार्थो में तिल, तेल घी, में विशेष तेजी चलेगी। मंगलवारी संक्राति से वर्षा में कमी रहेगा। महगांई बढ़ेगी प्रजा में भय व्याप्त होगा। कपास मजीठ में तेजी रहेगी। 18 सित. 2019 : शनि मार्गी धनु राशि में रात्रि 02:30 पर- शनि मार्गी होने पर अन्न तथा रुई में मंदा बनेगा। मादक पदार्थो में 10 दिन में मंदा आयेगा। चीन में भूकम्प का योग रहेगा। धान्यों की हानि होगी। शुक्र हस्त में रात्रि 03:00 पर : सोना में साधारण तेजी बनेगी। चावल, चांदी तथा रुई में मंदा आयेगा। अन्न, गुड़, खांड़, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी। किसी रोग के प्रसार से जनता पीड़ित होगी। बीमारियो का भय रहेगा। मेघ महोदय से वर्षा में कमी आयेगी। 13 दिनों में यदि धान्यों में मंदा आ गया तो उनके संग्रह करने से लाभ होगा। 20 सित. 2019 : मंगल उ. फा. में रात्रि 01:42 पर- वर्षा नही होने से वर्षा के पूर्वानुमान मिथ्या लगने लगेगे। आगे चलकर वर्षा की कमी से चौपायो को कष्ट होगा। घोड़ो के मूल्यो में वृद्धि होगी। गुड़, खांड़, शक्कर, भारी माल वाहको के मूल्यो

में तथा सवारी गाड़ियो मूल्यो में वृद्धि होगी। गुड़, खांड़ में 23 दिनों में तेजी बनेगी। प्रजा में कष्ट व्याप्त होगा।

23 सित. 2019 : शनिवारी आश्विन अमावस्या से वर्ष मध्यम रहेगा।

25 सित. 2019 : बुधवारी आश्विन कृष्ण एकादशी में गाय, भैंस आदि पशुओं में तेजी बनेगी। अस्त मंगल कन्या में प्रात: 06:33 पर - चन्दन, रेशम एवं रेशमी वस्त्र, अलसी, लाख चपड़ा, लाल रंग की वस्तुओ एवं सभी लाल रंग के वस्त्रो, ऊनी वस्त्रो, जूट, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, सूत, कपास, गेहूँ, जौ, चना, गोला, गुड़, मिर्च, मजीठ, तैल, तिल, रुई, सूत हैशियन, बारदाना में तेजी आयेगी। 16 दिनों में रुई में तेजी आयेगी। मादक पदार्थो में मंदा आयेगा। अलसी में फेरफार होगा।

27 सितम्बर 2019 : बुधोदय पश्चिम दिशा में कन्या राशि में प्रात: 05:57 पर-आश्विन मास उदित बुध से किसी स्थान पर अधिक वर्षा होगी। कृषि लाभान्वित होगी। धान्यों की उपज उत्तम रहेगी। बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी आयेगी। 40 दिन में धान्य तेज होंगे। रुई, कपास, कपड़ा, धान चांदी में 15 दिनो में मंदा होगा। घी, तैल, अरण्ड़ी, सरसों तथा धान्यो में तेजी बनेगी। अलसी घटाबढ़ी में रहेगी। बुध की घोरा गति के प्रभाव से कुछ अशुभफल भी होंगे। सूर्य हस्त में सांय 18:26 पर- चना, घी, सूत, जूट, कपड़ा, धनिया, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी। 15 दिनों में गेहूँ, जौ, ज्वार, गुड़, खांड़, कथीर, हरड़, खार, हल्दी, हींग, कपास तथा सन में तेजी आयेगी। पत्रकारो तथा लेखको को कष्ट रहेगा।

28 सितम्बर 2019: शुक्र चित्रा में रात्रि 20:32 पर : सोना, चांदी तथा समस्त धान्यो के मूल्यो में समता रहेगी। प्राय: ही सभी वस्तुओ के भावो में स्थिरता रहेगी। रुई में मंदे का ध्यान रख कर कार्य करे। रोगो का प्रकोप बढ़ेगा। किन्ही स्थानो पर झगड़े, झझंट होगे। पक्षियो को पीड़ा होगी। 12 दिनों में गुजरात, काठियावाड़ मुम्बई में वर्षा होगी अन्य स्थानों पर वर्षा की कमी अनुभव होगी।

29 सितम्बर 2019: बुध तुला में 12:55 पर - किन्ही स्थानो पर वायु वेग के वर्षा होगी। विश्व के अनेक स्थानो पर कलह, क्लेश तथा युद्धादि से हानि होगी। किन्ही देशो के मध्य अप्रिय वातावारण बनेगा। विग्रहो में वृद्धि होगी। किसी रोग का प्रकोप होगा। सामान्यजन पीड़ित रहेगा। रुई, सोना, गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खांड़, अफीम, बारदाना, गोला घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियो में तेजी आयेगी। चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च में मंदा रहेगा।

अक्टूबर 2019

04 अक्तूबर 2019 : शुक्र तुला में प्रात: 05:14 पर- विश्व में क्षेम कुशल रहेगा परन्तु कुछ स्थानो पर ईर्ष्या द्वेष वश उपद्रव होगे। किन्ही स्थानो पर विग्रह विवाद के उपरान्त भी कुशलता एंव आरोग्यता बनी रहेगी। रुई में तेजी आकर गिरावट देखने में आयेगी। गुड़, शक्कर, सोना में साधारण तेजी रहेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। उत्तम कृषि से अन्न घटाबढ़ी में रह कर मंदा होगा। शुभ ग्रहो से दृष्ट शुक्र से अच्छा मंदा बनेगा। एक मास में मादक पदार्थो में तेजी बनेगी। शुक्र तथा बुध की युति से गिरावट आयेगी तथा अराजकता एवं उपद्रवो पर नियन्त्रण रहेगा। प्रजा में शुभ कार्य सम्पन्न होगे। एक मत से रुई में मंदा खेले। शनि पू. षाढ़ नक्षत्र तृतीय चरण रात्रि 21:31 पर: सभी प्रकार से हानि होगी।

08 अक्तूबर 2019 : मंगलवारी आश्विन सुदी दशमी में रोगो का प्रकोप होगा।

09 अक्तूबर 2019 : शुक्र स्वाति में मध्यान्ह 13:57 पर- वर्षा की अधिकता रहेगी। गुड़, खांड़, शक्कर, सरसों, तैल, पशु आहारो एवं भूसी वाले धान्यो में तेजी बनेगी। अन्नों, अन्न पदार्थो तथा गेहूँ, जौ, चना में गिरावट आयेगी अन्य सभी अन्नो में घटाबढ़ी चलेगी। किन्ही स्थानो पर उपद्रव से शांति व्यवस्था भंग होगी। चौरो तस्करो के प्रकोप से जनता त्रस्त रहेगी। अन्य मत से सभी वस्तुओ

में तेजी बनेगी। अग्नि तथा चोरो का उपद्रव 11 दिनो में होगा।

10 अक्तूबर 2019 : मंगल हस्त में रात्रि 19:38 पर- सभी प्रकार के अन्न विशेष रुप से मोटे अनाजों, घी, गुड़, खांड़, नमक में तेजी बनेगी। सैंधा नमक तेज होगा। वर्षा में कमी रहेगी। परन्तु किसी स्थान पर अधिक वर्षा का भी योग है। धान्यो के उत्पादन में कमी रहेगी। तेजी का प्रभाव 22 दिनो में होगा।

11 अक्तूबर 2019 : सूर्य चित्रा में प्रात: 07:25 पर -सोना, चांदी, रुई, तिल, सोना, चांदी, गुड़, खांड़, केसर, कपूर में तेजी आयेगी। किसी रोग का प्रकोप रहेगा। 15 दिनों में गेहूँ, चना, अरहर तथा धान्य, लाख, चपड़ा, सूत, कपास एवं रेशम में तेजी बनेगी। कार्तिक मास : मास पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार युत है। पांच सोमवार युत मास में -'सोमस्य पंच वारास्तु यत्र मासे भवति हि धन धान्य समृद्धि: स्यात् सुखम् भवति सर्वदा।।' अच्छी वर्षा होगी। कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। व्यापारिक वस्तुओ में अच्छी घटाबढ़ी के साथ मंदे का रुख प्रवल रहेगा। एकाएक सभी वस्तुओं पर नियन्त्रण होगा। समय मंदी कारक रहेगा। धन धान्य की वृद्धि होगी। उद्योग बढ़ेगें। कृषि उत्पादन अच्छा होगा। प्रजा में सुख रहेगा। मास पांच मंगलवार युत होने से - **'यत्र मासे महीसूनोर्जायन्ते पंच वासरा। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्र भंगस्तदा भवेत्।।"** पश्चिमी देशों में भारी रक्तपात, आंतकवाद की घटनायें घटित होगी। छोटी छोटी छुद्र बातों पर वाद -विवाद होंगे, उत्पात होगा। जनता में विक्षोभ तथा आपसी वैमनस्य बढ़ेगा। युद्धजनक परिस्थितियां बनेगी। मंत्री मंड़ल में परिवर्तन होगा। किन्ही स्थानों पर सत्ता परिवर्तन होगा। राष्ट्रपति शासन लागू होगा। आपसी कलह, अशान्ति से हानि होगी। रक्त विकार, चेचक अथवा अन्य किसी अन्य छूत की बीमारी का प्रकोप बनेगा। स्त्रियों में रक्त विकार, प्रदर रोग का विकार अधिक फैलेगा। लाल वस्तुओं तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

14 अक्तूबर 2019 : मंगल उदित कन्या राशि में रात्रि 03:54 पर- राजस्थान में वर्षा होगी। धान्य उत्पादन उत्तम रहेगा। 05 दिनों में मादक पदार्थो तथा रुई में तेजी आयेगी। ब्राह्मण तथा क्षत्रिय वर्ग रोग ग्रसित होगा। राजवर्ग को पीड़ा होगी।

18 अक्तूबर 2019 : सूर्य तुला में 01:03 पर : शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा। 45 मुहूर्ति बैठी संक्राति से बाजार की स्थिति समान रहेगी। कोई विशेष परिवर्तन नही होगा। रसकस तथा अन्न में गिरावट आयेगी। मादक पदार्थो में मंदा रहेगा। फसलों को कीटो से हानि होगी तथापि अन्न उत्पादन उत्तम रहने तथा शुक्रवारी तुला संक्राति से अन्न के मूल्यों में गिरावट आयेगी।

20 अक्तूबर 2019 : शुक्र विशाखा में प्रात: 07:25 पर : उत्तम वर्षा होगी। धान्यो, गेहूँ, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, सूत, कपास, चांदी, चावल, स्वर्ण, सरसों में मंदा रहेगा। पशु आहारो एवं भूसी वाले धान्यो में घटबढ़ रहेगी। व्यापार में लगातार उतार चढ़ाव होने से व्यापारी वर्ग चिन्ता में रहेगा। रुई में 15 दिनो में मंदा होगा। किसी बड़े स्केम का खुलासा होगा।

23 अक्तूबर 2019 : बुध वृश्चिक में रात्रि 23:12 पर- सोना के मूल्यो में समता रहेगी। घी, तैल, रुई में घटाबढ़ी चलेगी। चांदी, अफीम, अलसी, सरसों, अरण्ड़ा, बिनोला आदि तिलहनो तथा पशुओ के मूल्यो में तेजी आयेगी। अफीम, अलसी, सरसों, धान्यों- गेहूँ, जौ, चना, बाजरा, ग्वार में गिरावट आयेगी। सामान्यतया सुख रहेगा।

24 अक्तूबर 2019 : सूर्य स्वाति में सांय 18:00 पर- सोना, चांदी, जूट, सूत, कपड़ा, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सरसों, अलसी, राई में तेजी बनेगी। 14 दिनों में गुड़, खांड़, तैल, लाख, हल्दी, हींग, कपूर, गुग्गल, रुई, सन तथा धातुओं में तेजी बनेगी। प्राकृतिक प्रकोप से जनधन की हानि का योग है।

28 अक्तूबर 2019 : सोमवारी कार्तिकी अमावसया से 100 दिनो तक वर्षा का योग है अर्थात 100 दिनों का वर्षा काल रहेगा। शुक्र वृश्चिक में प्रात: 08:32 पर : सुभिक्ष से प्राय: ही शुभ फल प्राप्त होंगे। उत्तम कृषि से सभी प्रकार के धान्यो

के मूल्यो में गिरावट आयेगी। मंहगाई कम होने से राहत होगी। सुख एवं शांति रहेगी। जनसामान्य का भय नष्ट होगा, ज्वार बाजरा, गेहूँ, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ आदि में मंदा होगा। चांदी में यदि अब तक तेजी रही तो मंदा होगा अन्यथा मंदा होने पर तेजी आयेगी। अलसी, रुई, कपास तथा शेयर मार्केट में तेजी बनेगी। गुड़ में घटाबढ़ी चलेगी। मादक पदार्थो में पहले मंदा होकर बाद में तेजी बनेगी। 33 दिनों में रुई में मंदा आयेगा। वृश्चिक का शुक्र छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा तथा 'मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार' अन्न पदार्थो में तेजी बनायेगा। शुभ ग्रहो से बुध तथा गुरु के योग अच्छा मंदा बनेगा।

31 अक्तूबर 2019 : शुक्र अनुराधा में रात्रि 00:54 पर – वर्षा की कमी तथा अनावृष्टि योग है। रुई में तेजी बनेगी। गुड़, खांड़, शक्कर दूध, घी, चांदी, चावल, नमक तथा क्षारीय पदार्थो में गिरावट आयेगी। किन्ही स्थानो पर उपद्रव होगे। किसी प्रकार के रोग का प्रकोप होगा। पशुओ में भी रोगो का प्रकोप चलेगा। किन्ही भागो में भूकम्प से जन धन की हानि होगी। क्षत्रियो को पीड़ा रहेगी। चावल और खांड़ में 22 दिनों में कुछ मंदा बनेगा। अन्य मत से पशुओ की वृद्धि होगी। रुई में मंदा आयेगा। बुध वक्री वृश्चिक राशि में प्रातः 09:07 पर- रुई में तेजी आकर मंदा होगा। ईख, गुड़, खाण्ड़, शक्कर, घी, तैल, सरसों, अलसी, अरण्ड़ी, बिनौला अन्य तिलहनो तथा कपूर में तेजी बनेगी। देश की आर्थिक स्थिति चिंताजनक रहेगी। खाद्यान्नो के भावो में गिरावट आयेगी। मंगल चित्रा में प्रातः 09:19 पर- गेहूँ , जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, पीतल, तांबा में तेजी बनेगी। किसी रोग का प्रकोप बढ़ेगा। वर्षा में कमी रहेगी। 12 दिनों में गेहूँ, चावल, अन्य धान्यों तथा धातुओ में तेजी बनेगी।

नवम्बर 2019

01 नवम्बर 2019: वक्री बुध अस्त पश्चिम दिशा वृश्चिक राशि में प्रातः 11:49 पर- सभी प्रकार की धातुओ में तेजी आयेगी। रुई, चांदी में तेजी होकर 15 दिनों में मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारादाना में गिरावट चलेगी। 20 दिनों में राजस्थान में वर्षा होगी। राजवर्ग में पीड़ा होगी।

05 नव. 2019: गुरु धनु राशि मूल नक्षत्र में प्रातः 05:17 पर- दो मास तक वर्षा में कमी रहेगी । इसके बाद खण्ड़ वृष्टि होगी राजनैतिक वातावरण दूषित होगा। विग्रह विवाद बढ़ेंगे। गेहूँ में तेजी बनेगी। मदिरा, मादक पदार्थो, तिल तथा गुड़ में गिरावट रहेगी। मूंग तथा कुलथी का उत्पादन अधिक होगा।

07 नवम्बर 2019: सूर्य विशाखा में रात्रि 02:04 पर- सोना, गुड़, खांड़, रुई, कपास, गेहूँ, जौ, चना, सरसों, तिल तथा शेयरो में तेजी बनेगी। 14 दिनों में देश के पूर्वी एवं दक्षिण प्रदेशो में उपद्रव होने की सम्भावना रहेगी। चांदी, रसकस, चावल, सूत, अफीम आदि मादक पदार्थ तथा विदेशी करेंसी में तेजी आयेगी। वक्री तथा अस्त बुध तुला राशि में मध्यान्ह 15:56 पर- रुई, सोना, गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खांड़, अफीम, बारदाना, गोला घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियो में तेजी आयेगी। चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च में मंदा रहेगा। किन्ही स्थानो पर वायु वेग के साथ वर्षा होगी। किसी रोग का प्रकोप होगा। सामान्यजन पीड़ित रहेगा। विश्व में अनेक स्थानो पर कलह, क्लेश तथा युद्धादि से हानि होगी। किन्ही देशो के मध्य अप्रिय वातावारण बनेगा। विग्रहो में वृद्धि होगी।

10 नवम्बर 2019: मंगल तुला में मध्यान्ह 14:24 पर: सभी प्रकार के अन्नो – गेहूँ, जौ, चना मटर, अरहर, ग्वार, ज्वार, बाजरा, गुड़, शक्कर, मूंगफली, बिनौला तथा सभी प्रकार की सफेद वस्तुओ, तांबा, पीतल, बारदाना में तेजी आयेगी। उड़द, मूंग, रुई, सूत, कपास में विशेष तेजी बनेगी। 45 दिनों में अफीम में तेजी बनेगी। शुक्र ज्येष्ठा में सांय 18:31 पर : राजद्वार का शुक्र उच्च पदस्थ व्यक्तियो के लिये कष्टकारी होगा। शिशुओ में कोई रोग फैलेगा। तथाकथित

लोकप्रिय नेताओ की छवि धूमिल होगी। राजनेताओ में परस्पर विग्रह बढ़ेगे। किसी स्थान पर झगड़े झझंट होगे। सोना, चांदी, तिल, चावल, तैल, सरसों, हींग, सूत, रुई, खांड़ में मंदा रहेगा। अन्य मत से सरसों तिल तैल में तेजी रहेगी। धान्यों में 18 दिनों में तेजी बनेगी। धान्यो में साधारण तेजी बनेगी। वर्षा का अभाव होगा।

12 नवम्बर 2019 : भरण नक्षत्र युत कार्तिकी पूर्णिमा से रोगो का प्रकोप रहेगा तथा दुर्भिक्ष होगा।

मार्गशीर्ष मास: 13 नवम्बर 2019 : मास पांच बुध तथा पांच गुरुवार युत है। पांच बुधवार होने से 'बुधस्य पंच वाराश्चेज्जायन्ते च निरन्तरम्। प्रजानां सुखमत्यन्तम सुभिक्ष च प्रजायेत।। किन्ही स्थानों पर अच्छी वर्षा होगी तथा किन्ही स्थानों पर साधारण वर्षा रहेगी। कृषि की उपज उत्तम रहेगी। सुभिक्ष रहेगा। धान्य आदि के भावो में न तो अधिक तेजी आयेगी और न ही अधिक मंदा होगा। प्रजा में सुख शांति रहेगी। समय शुभ कारक रहेगा। पांच गुरुवार होने से - **'यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च बृहस्पतेः। विग्रह पश्चिमी देशे खड्ग युद्ध□च जायते।।"** पश्चिमी देशो में विग्रह होगे। सशस्त्र युद्ध का योग बनेगा। व्यापारिक वस्तुओ में घटाबढ़ी चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकस की हानि से रसादि में तेजी चलेगी।

16 नवम्बर 2019 : वक्री बुध उदित पूर्व दिशा तुला राशि में रात्रि 23:04 पर- बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी आयेगी। 40 दिन में धान्यों में तेजी बनेगी। रुई में 25 दिनो तक तेजी चलेगी। चांदी में घटबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। सोना में मंदा बनेगा। गेहूँ, जो, चना, अलसी, अरण्ड़ी, तिल, तैल, सरसों, लाल मिर्च में तेजी आयेगी। राजस्थान में वर्षा होगी।

17 नवम्बर 2019 रविवार: सूर्य वृश्चिक में 00:52 पर : 'वृश्चिक राशि गत सूर्य हो तो ऊन वस्त्र समभाव । लाल द्रव्य मंदे मिले तो खरीद कर लाव ।।" 45 मुहूर्ति खड़ी संक्राति से सफेद वस्तुओं, ऊन, ऊनी वस्त्रो में तेजी चलेगी, चांदी, तांबा में साधारण तेजी बनेगी। गुड़, घी, दूध, रुई कपास में छः मास तक तेजी रहेगी। अन्य वस्तुओ के मूल्यो में कुछ तेजी रहेगी। लाल रंग के पदार्थो रसकस तथा अन्न में गिरावट आयेगी। ऊन एवं ऊनी वस्त्रो में तेजी के रुख के बाद भी भावो में समता रहेगी। अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा। ज्वार उड़द आदि का संग्रह करने से लाभ होगा। मालवे की अफीम में तेजी बनेगी। रुई तथा तैल में तेजी रहेगी। रविवारी सक्रांति से युद्ध जैसी परिस्थितीयां बनेगी, आतंकवाद बढ़ेगा।

20 नवम्बर 2019: सूर्य अनुराधा में प्रातः 08:11 पर- चांदी, चावल, सूत, मादक पदार्थ, जौ, चना, आदि अनाजो में तेजी बनेगी। सोना में गिरावट रहेगी। 'धार्मिक कार्यो' में लिप्त मनुष्यो को कष्ट रहेगा। चांदी में घटबढ़ चलेगी। 14 दिनों में गेहूँ तथा विदेशी करेंसी में तेजी आयेगी। बुध मार्गी तुला राशि में मध्यान्ह 12:57 पर-रुई में घटाबढ़ी चलकर तेजी बनेगी। रेशम, चंदन, कपूर, अफीम तथा अनाजो में तेजी चलेगी। सन, भूसा तथा लकड़ी में 15 दिनो में तेजी आयेगी। गुड़, खाण्ड़, शक्कर, तिल, तैल, सरसों, अलसी, कपूर, चन्दन में मंदा रहेगा। आयुर्वेदिक तथा यूनानी औषधियो में तेजी बनेगी। मंगल स्वाति में सांय 18:13 पर- किसी स्थान पर वर्षा का योग है परन्तु अनावृष्टि का योग बना होने से वर्षा में न्यूनता रहेगी। गेहूँ, जौ, चना, तिल, रुई, कपास, कपड़ा, तांबा, पीतल, गुड़, खांड़, शक्कर में तेजी आयेगी। चांदी में घटाबढ़ी चलेगी तथा सोना, सन, सूत में साधारण मंदा रहेगा। 24 दिनो में गेहूँ, तिल, तैल में तेजी बनेगी। रुई में अच्छी तेजी बनेगी। धान्य, मूंगफली, सरसों, राई, गेहूँ, तिल, तैल मंहगे होगे। सोना में गिरावट आयेगी।

21 नवम्बर 2019: शुक्र धनु राशि मूल नक्षत्र में मध्यान्ह 12:23 पर : वर्षा में कमी आयेगी। कृषि को अनेक कारणो से क्षति होने से सभी प्रकार के धान्यो तेजी आयेगी। कृषि नष्ट होने से गेहूँ, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खांड़, घी, चांदी, शेयर्स, सन, सूत, कपास, वस्त्रो, अफीम, चांदी, तांबा, लोहा आदि में तेजी

रहेगी। सोना में घटाबढ़ी चलेगी। रुई तथा सभी प्रकार के अन्नो में पहले तेजी होकर बाद में मंदे में जायेगी। व्यापार में अच्छी तेजी मंदी चलने से व्यापारियो में घबराहट रहेगी। प्रजा में संघटन बढ़ेगा। चिकित्सको तथा व्यापारियो को कष्ट रहेगा। चिकित्सक आंदोलन ग्रस्त होंगे। किसी प्रकार के रोग का प्रकोप होगा। अन्य मत से चांदी, सोना, रुई कपास, गेहूँ में तेजी बनेगी। सभी प्रकार के धान्यो में तेजी आकर बाद में मंदा बनेगा।

दिसम्बर 2019

02 दिसम्बर 2019: शुक्र पूर्वाषाढ़ में प्रात: 06:30 पर- उड़द, मूंग, तिल, तैल, सरसों, गुड़, शक्कर, खांड़, नमक में मंदा आयेगा। अन्य मत से तिल, तैल, सरसों, अलसी, उड़द, नमक 13 दिनो में मंदे होगे। सोना, चांदी, रुई, में तेजी आकर मंदा होगा। जल जन्तुओ को पीड़ा होगी। जलीय उत्पादों की हानि होगी।

03 दिसम्बर 2019: सूर्य ज्येष्ठा में मध्यान्ह 12:24 पर- सभी प्रकार के शेयरो, गेहूँ, जौ, चना, रुई, सूत, गुड़, खांड़, शक्कर, अलसी, पारा, हींग, अरण्ड़ा, गूग्गल में तेजी आयेगी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। कफ की बीमारी का प्रकोप होगा। 15 दिनों में चावल, सरसों, धान्य, कपड़ा, मादक पदार्थ, सोना, चांदी तेज होंगे।

05 दिसम्बर 2019: बुध वृश्चिक में प्रात: 10:34 पर- अरण्ड़ा, बिनोला आदि तिलहनो तथा पशुओ के मूल्यो में तेजी आयेगी। सोना के मूल्यो में समता रहेगी। घी, तैल, रुई चांदी, अफीम, अलसी, सरसों में घटाबढ़ी चलेगी। धान्यों- गेहूँ, जौ, चना, बाजरा, ग्वार में गिरावट आयेगी। सामान्यतया सुख रहेगा।

07 दिसम्बर 2019: शनिवारी मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी से बने अनावृष्टि का योग में जनहानि होगी। सत्ता परिवर्तन होगा।

10 दिसम्बर 2019: मंगल विशाखा में रात्रि 22:00 पर- वर्षा में कमी आयेगी। खाद्यान्नो की उपलब्धता से अन्न मंहगे होगे। कपास, रुई, गेहूँ में तेजी की धारणा बनेगी तथा इनमें 24 दिनो में तेजी बनेगी। सूत, वस्त्र तथा गेहूँ, जौ, चना में तेजी बनेगी। उड़द, मूंग, तिल, तैल, सरसों, गुड़, शक्कर, खांड़, खार तथा नमक में मंदा आयेगा। सोना, चांदी में तेजी आकर मंदा होगा। रसकसो में गिरावट का रुख रहेगा। सोंठ, मिर्च, पीपल अदरक खरीदने से चौथे मास में लाभ की सम्भावना रहेगी। जलीय उत्पादो तथा जलीय प्राणियो की हानि होगी।

पौष मास: मास पांच शुक्रवार युत है। पांच शुक्रवार युत मास में - **"शुक्रस्य पंचवारास्युर्यत्र मासे निरन्त्रम्। प्रजा वृद्धि सुभिक्ष च सुखं तत्र प्रक्तते।।'** प्रजा में कुशल क्षेम रहेगी। मित्रता के भाव जाग्रत होंगे। सुभिक्ष तथा क्षेम रहेगा। उत्तम वर्षा होगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकसो में भी मंदे का प्रभाव रहेगा।

13 दिसम्बर 2019: शुक्र उ.षा. में रात्रि 01:11 पर- सोना, चांदी, अलसी, सरसों, अरण्ड़ी, रसकस, गुड़, शक्कर, खांड़ में मंदा आयेगा। रुई तथा अन्न में घटाबढ़ के बाद तेजी चलेगी। अन्य मत से रुई में मंदा चलेगा। किसी रोग का प्रकोप बढ़ेगा।

14 दिसम्बर 2019: गुरु अस्त धनु में सांय 18:40 पर- उड़द, तिल का उत्पादन उत्तम रहेगा। राजभय बढ़ेगा। चौरो तस्करो का उत्पात रहेगा।

15 दिसम्बर 2019: शुक्र मकर में 17:58 पर- कृषि नष्ट होने से उत्पादन में कमी रहेगी। सभी प्रकार के खाद्यान्नो, गुड़, खांड़, शक्कर, घी में तेजी आयेगी। रुई चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख रहेगा। अन्य मत से चांदी, सोना, सूत, सन में घटाबढ़ी होकर तेजी आयेगी। खांड़, गुड़, गेहूँ, घी तेल में तेजी रहेगी। खुला चांस है। ठंड़क तथा पाला अधिक पड़ेगा।

16 दिसम्बर 2019 सोमवार: सूर्य धनु में 15:29 पर : 15 मुहूर्ति खड़ी संक्राति में सोना, चांदी, चावल, तिल, तैल, सरसों, अलसी आदि तिलहनो, रसकस, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, पाट एवं बारदाना, मादक द्रव्यों में तेजी बनेगी। सोमवारी

पौषी संक्रांति से सुभिक्ष रहेगा। धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। तापमान में गिरावट आयेगी। वर्षा योग है। किन्ही स्थानों पर हिमपात से कृषि की हानि होगी। मध्य राजपूताना तथा मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में किन्ही स्थानो पर शांति भंग होगी। उपद्रव होगे। 15 दिनों में रुई तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

20 दिसम्बर 2019 : बुध अस्त पूर्व दिशा वृश्चिक राशि में सांय 18:40 पर- चांदी में घटाबढ़ी चलेगी। 15 दिनों में रुई में घटबढ़ी चलेगी। पहले तेजी फिर मंदा तथा फिर तेजी बनेगी। रुख गिरावट का रहेगा। घी में 30 दिनो में मंदा आयेगा। राजवर्ग में पीड़ा होगी। ज्येष्ठा नक्षत्र में अस्त बुध से रोग, अनावृष्टि तथा अशुभ फल होंगे। धान्यों, सोना, गेहूँ, अलसी तथा अन्य वस्तुओं में तेजी आयेगी। विश्व में भय समाप्त होगा।

21 दिसम्बर 2019 : पौष बदी दशमी के विशाखा नक्षत्र से आगामी वर्ष में अधिक वर्षा होगी।

23 दिसम्बर 2019 : शुक्र श्रवण में रात्रि 20:42 पर- चांदी, सोना, गोला, गुड़, शक्कर, खांड़, उड़द, मूंग, मोठ में मंदा आयेगा। कपास, तिल, तैल, सरसों, अलसी, अरण्ड़ी में तेजी बनेगी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। चतुष्पदो को पीड़ा होगी। कान के किसी रोग का प्रकोप बनेगा। अन्य मत से रुई में मंदा रहेगा।

25 दिसम्बर 2019 : मूल नक्षत्र युत पौषी अमावस्या में यदि बिजली चमकी तथा बादलों की गर्जना हुई तो वर्षा काल के चारों मास में वर्षा होगी। अस्त बुध धनु में मध्यान्ह 15:45 पर - उत्तम वर्षा होगी। पशु आहारो - घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। सोना, चांदी तथा धान्यो के मूल्यो में गिरावट आयेगी। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। कपास, सूत, वस्त्रों, ईख तथा चावल में तेजी होगी। पशु पक्षियो, वन्य प्राणियो तथा शिशुओ को पीड़ा एवं कष्ट रहेगा। जंगली जानवरो की हानि होगी। भारवाहक साधनो की दुर्घटनाओ के योग है। हाथियो में प्रजनन कम रहेगा। धनु राशि का बुध राजाध्यक्षो में परस्पर विग्रह का योग बना रहा है। राज्य सरकारो, केन्द्र सरकार की नीतियो के कारण जनता का विरोध प्रखर होगा। सरकार से जन सामान्य का विश्वास उठता नजर आयेगा। मंगल वृश्चिक में रात्रि 21:29 पर - वृश्चिक के मंगल से छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी चलेगी। सोना, चांदी, तांबा, रुई तथा सभी प्रकार के अन्नो में तेजी आयेगी। 15 दिन में अफीम में तेजी आयेगी। राजनेताओ के मध्य परस्पर विग्रह विरोध आरोप प्रत्यारोपो का वातावरण गरम रहेगा। राजनैतिक वातावरण गर्मायेगा। शासनाध्यक्षो के मध्य आरोपो प्रत्यारोपो का बाजार गरम रहेगा। विवाद चरमसीमा पर होंगे। आयुध तथा अस्त्रों में तेजी आयेगी। श्रावण एवं भाद्रपद मासो में मध्यम वर्षा होगी। 26 दिसम्बर मूल नक्षत्र युत पौषी अमास्या से अन्न के भावो में गिरावट आयेगी।

27 दिसम्बर रात्रि 02:21 तक शनि देव का गोचर उ.षाढ़ नक्षत्र से रहेगा। 'उत्तराषाढ़ के सौरिः सप्तमासे हि भास्करः। पानीयस्य लयं कुर्याद्वार्हीना च मही भवेत्।' धान्यों में तेजी आयेगी। उ.षाढ़ नक्षत्र के प्रथम चरण से गोचर में हिमाचल तथा मेरु तट पर दुर्भिक्ष रहेगा।शनि देव के उ.षाढ़ नक्षत्र गोचर में जल का अभाव रहेगा। सूर्य प्रकोप से अर्थात तेज गर्मी के कारण सात महीनों तक जल की हानि होगी।

